CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 03-02-2026 Zone: Faridabad Edition: 1 Page: NBTFRFP User: cci Time: 02-02-2026 22:23 Color:

नई दिल्ली > मंगलवार, 3 फरवरी 2026 > माघ 14 शक संवत 1947 फाल्गुन कृष्ण द्वितीया, विक्रम संवत 2082

WATCH GOD WATCHDOG

वर्ष 80, संख्या 29 > पेज 14* > फरीदाबाद > मूल्य ₹3.50 या ₹8.50* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित www.nbt.in

*वार्षिक खरीद पर ही लागू

# NBT नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।



बांग्लादेश के कोर्ट ने शेख हसीना को सुनाई सज़ा ▸p10

US दौरे पर जयशंकर, मिनरल्स पर करेंगे बैठक ▸p10



एपस्टीन फाइल्स के चलते ब्रिटेन के नेता पीटर मैंडेलसन का इस्तीफा ▸▸ पेज 10



T20 वर्ल्ड कप में भारत से नहीं खेलने के पाक के फैसले पर BCCI का जवाब ▸▸ पेज 9



इलॉन मस्क ने भारत की ग्रोथ को सराहा, पोस्ट पर सियासत तेज़ ▸▸ पेज 7

# 'सीमा पार' पर आर-पार

## चीनी घुसपैठ का राहुल ने उठाया मुद्दा, संसद में ज़बर्दस्त हंगामा

## राहुल बोले- 4 टैंक घुसे सीमा में, सरकार ने कहा, गुमराह कर रहे

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**लोकसभा में** सोमवार को राहुल गांधी ने पूर्व आर्मी चीफ जनरल नरवणे की अनपब्लिश्ड किताब (संस्मरण) का हवाला देते हुए कहा कि भारत से तनाव के समय चार चीनी टैंक देश की सीमा में पहुंच गए थे। मैं यह बात एक मैगजीन में छपे लेख के हवाले से कह रहा हूं। इसपर सत्ता पक्ष ने कड़ा विरोध जताते हुए कहा, वह गुमराह कर रहे हैं। हंगामा इतना बढ़ा कि सदन की कार्यवाही को मंगलवार सुबह तक टाल दिया गया।

**हंगामा बढ़ा तो मंगलवार सुबह तक कार्यवाही स्थगित**

जैसे ही राहुल गांधी ने बिना छपी किताब के अंश पढ़ने की कोशिश की, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सवाल किया कि जिस पुस्तक का हवाला दिया जा रहा है, वह प्रकाशित हुई है या नहीं। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि सदन में किसी अप्रकाशित पुस्तक या पत्रिका के आधार पर बात नहीं रखी जा सकती। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने टोका तो राहुल ने कहा, 'ठीक है मैं मैगजीन का हवाला नहीं दूंगा। एक बॉर्डर था। बॉर्डर पर किसी देश की सेनाएं थीं, जो उस बॉर्डर में घुस रही थीं। कैलाश रेंज में चार टैंक घुस रहे थे।' ओम बिरला ने आग्रह किया कि वह राष्ट्रपति के अभिभाषण पर ही अपनी बात रखें और संसदीय नियमों का पालन करें। राहुल ने कहा, उन्हें बोलने नहीं दिया जा रहा।



मैं सिर्फ वही कहना चाहता हूं, जो सेना प्रमुख ने लिखा है, मुझे सदन में बोलने नहीं दिया जा रहा। -राहुल गांधी

**राहुल बोले-** BJP सांसद तेजस्वी सूर्या ने कांग्रेस की देशभक्ति पर सवाल किए, इसलिए संस्मरण के अंश पढ़ना चाहते हैं, जो मैगजीन में छपे हैं।


**राहुल ने लोकसभा में उठाए सवाल**

### 'किताब से डर क्यों रही सरकार'

राहुल गांधी जिस अनपब्लिश्ड किताब (फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी) के आधार पर डोकलाम में चीनी टैंक घुसने का दावा कर रहे हैं, वह पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल एमएम नरवणे ने लिखी है। राहुल ने कहा, किताब क्यों नहीं छपने दी जा रही? डर क्यों रहे हैं? इससे पीएम मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की सच्चाई सामने आएगी, क्योंकि चीन से तनाव के दौरान सेना को राजनीतिक नेतृत्व से अपेक्षित समर्थन नहीं मिला। राहुल ने कहा, मैं पूछना चाहता हूं, किस नियम में लिखा है कि मैं संसद में भारत-चीन का मुद्दा नहीं उठा सकता?

### मंत्री बोले- काल्पनिक बातें कर रहे हैं राहुल

सदन में बिना छपी किताब की बातों को नहीं रखा जा सकता और नेता प्रतिपक्ष को व्यवस्था का पालन करना चाहिए। -अमित शाह, गृह मंत्री



ये पूरी तरह काल्पनिक बातें हैं, नेता प्रतिपक्ष सदन को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं, उन्हें इसपर बोले जाने से रोका जाए। -राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री



आप (राहुल) देश को नीचा दिखाकर क्या कहना चाहते हैं। आप एक ऐसी बात कर रहे हैं जिसका सोर्स नहीं है। -किरेन रिजिजू, संसदीय कार्य मंत्री



# युवाओं को उद्यमी बनाने में मदद करेंगे: वित्त मंत्री

## सीतारमण ने कहा- एजुकेशन और स्किल पर ज़ोर

Akhilesh.Singh1
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** देश की तेज तरक्की के लिए सरकार आर्थिक सुधार करती आ रही है और आने वाले दिनों में भी करती रहेगी। इस बार के युवा शक्ति बजट के पीछे सोच यह है कि विकसित भारत के लिए युवाओं की एजुकेशन और स्किल पर तो जोर बढ़े ही, उन्हें उद्यमी बनने में भी मदद की जाए। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट पेश किए जाने के अगले दिन NBT को दिए खास इंटरव्यू में यह बातें कहीं।

**NBT इंटरव्यू**

वित्त मंत्री ने कहा कि बजट में दिए गए लक्ष्य हासिल कर लिए जाएंगे और टैक्स बेस बढ़ाने के कदम उठाए जाएंगे। सरकार ने जो कदम उठाए हैं, उनसे कंजम्पशन बढ़ेगा। वित्त मंत्री ने कहा कि अमेरिका से संभावित ट्रेड डील या बाकी देशों से फ्री ट्रेड अग्रीमेंट्स को ध्यान में रखकर बजट तैयार नहीं किया गया है। F&O पर STT बढ़ाने के बारे में उन्होंने छोटे निवेशकों के हितों का हवाला दिया। बजट में बड़े आर्थिक सुधार नहीं दिखने को लेकर उठ रहे सवालों पर वित्त मंत्री ने कहा कि लेबर कोड से लेकर GST तक बड़े आर्थिक सुधार बजट के दायरे से बाहर भी होते रहे हैं। पूरी तस्वीर को देखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि संसद के मौजूदा सत्र के दौरान इनसॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी अमेंडमेंट बिल पेश किया जाएगा। ▸▸ पेज 5



युवाओं की रचनात्मक क्षमता को बढ़ाने के इरादे से ऑरेंज इकॉनमी पर फोकस किया गया है। -निर्मला सीतारमण, वित्त मंत्री

**वित्त मंत्री ने कहा,** NBT का बजट स्पेशल अंक इनोवेटिव और बिल्कुल हमारे बजट की सोच के मुताबिक था, जिसका फोकस युवा शक्ति पर है।

### स्पोर्ट्स का सामान देश में ही बनेगा: मंत्री

बजट में स्पोर्ट्स में बदलाव लाने को 'खेलो इंडिया मिशन' शुरू करने का प्रस्ताव है। केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने बताया कि स्पोर्ट्स गुड्स मैन्युफैक्चरर्स के लिए ऐसी बड़ी पॉलिसी लाई जाएगी, जिसमें देश में ही खेल का ज्यादातर सामान बनाया जा सकेगा। बजट में पहली बार 500 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है।

**बजट के प्रावधान को लागू करने की तैयारी**

### बारामुला से उरी तक रेल की तैयारी: वैष्णव

जम्मू-कश्मीर में कटरा से श्रीनगर तक रेल कनेक्टिविटी देने के बाद अब रेलवे बारामुला से पाक बॉर्डर के पास उरी तक रेल सर्विस देने की तैयारी कर रही है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को आम बजट के बारे में डिटेल जानकारी देते हुए बताया कि इसके लिए डीपीआर तैयार कर ली गई है। जल्द ही काम शुरू किया जाएगा।

NBT इरा

भीड़ का हिस्सा बनना उसकी फितरत नहीं। वह आज की नारी है, वह 'Gen She' है।

IRA 2026

बिना दिखावे के। बिना किसी बनावट के। अपनी शर्तों पर जीने वाली निडर लड़कियां।

सुंदरता अब किसी की मोहताज नहीं।

हुनर और सौंदर्य की मिसाल बनें। आज ही रजिस्टर करें।

वॉट्सऐप नंबर - 7003890071

खबरों के अंदर की बात

**NBT Lens**

देखें पेज 3,9 और 10

**WPL आज के मैच**

गुजरात जायंट्स vs दिल्ली कैपिटल्स

7:30pm से, गुजरात में

टेलिकास्ट स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर

### JNUSU के चारों पदाधिकारी किए गए निष्कासित

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** जेएनयू प्रशासन ने स्टूडेंट्स यूनियन (JNUSU) के चारों पदाधिकारियों समेत पांच स्टूडेंट्स को दो सेमेस्टर के लिए निष्कासित किया है। यह ऐक्शन यूनिवर्सिटी की 21 नवंबर को डॉ. बी. आर. आंबेडकर सेंट्रल लाइब्रेरी में लगाए गए फेस रिकग्निशन टेक्नॉलजी आधारित एक्सेस गेट्स में जानबूझकर तोड़फोड़ करने के लिए की गई है। चीफ प्रॉक्टर ने स्टूडेंट्स को जेएनयू नियमों के तहत गंभीर अनुशासनहीनता माना है।

### हैपी मॉर्निंग

पिता: फेल कैसे हो गया?
बेटा: पेपर में सवाल ही ऐसे-ऐसे आए थे, जो मुझे पता नहीं थे।
पिता: फिर जवाब कैसे लिखे?
बेटा: मैंने भी जवाब ऐसे-ऐसे लिखे, जो मास्टर को भी पता नहीं थे।

### ₹ अर्थसार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81,666.46 (+943.52) |
| निफ्टी | 25,088.40 (+262.95) |
| रुपया/US डॉलर | 91.64 (-0.25) |
| रुपया/यूरो 108.56 | 108.56 (-0.99) |

स्रोत: रिजर्व बैंक रेफरेंस रेट

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम | |
| दिल्ली | ₹1,52,700 (-12,800) |
| चांदी .999 टंच प्रति किलो | |
| दिल्ली | ₹2,60,000 (-52,000) |

### मौसम

अधिकतम तापमान 17.5°

10.4° न्यूनतम तापमान

सूर्यास्त 6:02 मंगलवार | सूर्योदय 7:08 बुधवार

कश्मीर, हिमाचल के ऊंचाई वाले इलाकों में आज बर्फबारी का अलर्ट।

# हरियाणा में रेजिडेंशल एरिया में खोले जा सकेंगे नर्सिंग होम





■ NBT न्यूज, चंडीगढ़

**हरियाणा में** लाइसेंसी रिहायशी प्लॉट वाली कॉलोनियों में नर्सिंग होम बनाए जा सकेंगे। सीएम सैनी ने मंत्रिमंडल की बैठक में इसकी पॉलिसी को मंजूरी दी। पॉलिसी का मकसद रिहायशी इलाकों में हेल्थ केयर सिस्टम को मजबूत कर यह सुनिश्चित करना है कि लोगों को घर के पास जरूरी मेडिकल सेवाएं मिलें।

**मंत्रिमंडल की बैठक में सीएम नायब सैनी ने दी मंजूरी**

पॉलिसी के तहत, लाइसेंसी कॉलोनियों के रिहायशी प्लॉट पर नर्सिंग होम बनाने की इजाजत जरूरी कन्वर्जन चार्ज के भुगतान के बाद ही दी जाएगी। ऐसी इजाजत सिर्फ उन योग्य डॉक्टरों (एलोपैथिक/आयुष) के मालिकाना हक वाले रिहायशी प्लॉट पर दी जाएगी, जिनके पास मेडिकल काउंसिल या आयुष काउंसिल के साथ एक वैध रजिस्ट्रेशन नंबर है, जो अभी प्रैक्टिस कर रहे हैं और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (IMA) की स्थानीय ब्रांच में रजिस्टर्ड हैं। आवेदन के साथ उन्हें इस संबंध में एक हलफनामा देना अनिवार्य होगा।

### एयर इंडिया फ्लाइट में फ्यूल स्विच खराबी


■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** लंदन से बेंगलुरु आ रही एयर इंडिया फ्लाइट की एक और फ्लाइट में लेफ्ट फ्यूल कंट्रोल स्विच ऑन से ऑफ मोड में जाने की खराबी सामने आई। विमान सुरक्षित उतरा। एयर इंडिया ने पायलट रिपोर्ट के बाद जांच शुरू की और DGCA को सूचित किया। मामला 12 जून को हुए अहमदाबाद प्लेन क्रैश के संदर्भ में सुरक्षा पर सवाल खड़े कर रहा है।



**चीन ने की निंदा**

### धर्मगुरु दलाई लामा को ग्रैमी अवॉर्ड

■ **आईएएनएस, धर्मशाला:** दुनिया भर में मशहूर आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा को बेस्ट ऑडियोबुक, व्याख्या और कहानी वाले रिकॉर्डिंग के लिए ग्रैमी अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। दलाई लामा ने सोमवार को कहा कि यह जीत उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि साझा वैश्विक जिम्मेदारी को मिली मान्यता है। वहीं, चीन ने दलाई लामा को दिए गए ग्रैमी पुरस्कार की निंदा की। ▸▸ पेज 10



### पुणे पोर्श केस में तीन आरोपियों को SC से जमानत

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को 2024 पुणे पोर्श कार दुर्घटना मामले में तीन आरोपियों आशीष सतीश मित्तल, आदित्य अविनाश सूद और अमर संतोष गायकवाड़ को जमानत दी। बेंच ने कहा कि नाबालिगों से जुड़े ऐसे मामलों के लिए माता-पिता को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। कोर्ट ने इस बात का उल्लेख किया कि तीनों 18 महीने से जेल में थे।



**निवेशक दुविधा में** लगातार उतार-चढ़ाव से खरीदारी थमी, वेडिंग सीजन भी रौनक न लौटा सका

# सोने-चांदी की भारी उठापटक से बढ़ी चिंता, बाज़ार वेट ऐंड वॉच में

Abhishek.Gautam1
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** राजधानी के जूलरी बाजार में सोने-चांदी की कीमतों के तेज उतार-चढ़ाव ने कारोबारियों और ग्राहकों की चिंता बढ़ा दी है। चांदनी चौक, लाजपत नगर, साउथ एक्सटेंशन से लेकर द्वारका तक खरीदारी फिलहाल वेटिंग मोड में है। पिछले दिनों रिकॉर्ड ऊंचाई छूने के बाद दामों में गिरावट आई। हालांकि अभी भी अस्थिरता बनी हुई है। कारोबारियों के मुताबिक, अस्थिरता के कारण निवेशक दुविधा में हैं, जबकि वेडिंग सीजन से सीमित मांग बनी हुई है। दरीबा कलां के व्यापारियों का कहना है कि गिरावट के बाद हल्की रिकवरी आई, लेकिन भरोसा अभी भी डगमग है। महंगे दामों के चलते ग्राहक भारी जूलरी से ज्यादा सिक्कों को तरजीह दे रहे हैं, जिससे बाजार का रुझान बदलता दिख रहा है।



### चांदी 52 हज़ार तो सोना 12 हज़ार टूटा

ऑल इंडिया जूलर्स असोसिएशन के मुताबिक, चांदी की कीमतों में सोमवार को 52,000 रुपये (करीब 17 फीसदी) की बड़ी गिरावट आई। अब इसके दाम (सभी टैक्स के साथ) 2,60,000 रुपये प्रति किलो हो गए हैं। वहीं, सोने के दाम 12,800 रुपये (7.73 फीसदी) गिरकर 1,52,700 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स के साथ) पर आ गए।



CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 03-02-2026 Zone: Gurgaon Edition: 2 Page: NBTGRBP User: cci Time: 02-02-2026 22:32 Color:



**NBT AI टाइम मशीन**

## जब भारत में चली पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन

आज ही के दिन 1925 में मुंबई से कुर्ला के बीच भारत में पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन चली थी। इसने भाप के इंजनों की तुलना में तेज रफ्तार, और धुआंमुक्त रेल सफर की शुरुआत की। तकनीकी रूप से, इलेक्ट्रिक इंजनों के बेहतर एक्सेलेरेशन ने सफर का समय घटाया और पहाड़ी रास्तों पर भारी माल की ढुलाई आसान बनाई। आर्थिक रूप से, कोयले पर निर्भरता कम हुई और परिचालन लागत में सुधार हुआ।

NBT

Front Page-2

नवभारत टाइम्स। नई दिल्ली/एनसीआर

मंगलवार, 3 फरवरी 2026

## हाइपरलूप से मिनटों में तय होगा सफर

ChatGPT के अनुसार, भविष्य में भारत की ट्रेनें तेज, स्मार्ट और पर्यावरण-अनुकूल होंगी। हाइपरलूप जैसी तकनीक से मिनटों में लंबी दूरी तय होगी। AI से नियंत्रित ट्रेनें बिना ड्राइवर के चलेंगी। सोलर और हाइड्रोजन ऊर्जा से प्रदूषण खत्म होगा। सुरक्षा, स्वास्थ्य सुविधा और डिजिटल टिकटिंग आम होगी। हर ट्रेन में मिनी अस्पताल, इमरजेंसी ड्रोन और रियल-टाइम निगरानी होगी। दुर्घटनाओं की संभावना लगभग जीरो होगी। स्टेशन आधुनिक ट्रांजिट हब बनेंगे।



AI Images

**SPEED News**

**इमरान खान की बहन के खिलाफ रावलपिंडी** की एक अदालत ने 2024 में गैरीसन टाउन में हुए विरोध प्रदर्शन के लिए गैर-जमानती वॉरंट जारी किया है।






**बलूचिस्तान में कई जगह आतंकी हमलों** के बाद 22 और विद्रोहियों को मार गिराया गया। 177 विद्रोही मारे गए हैं। बलूच लिबरेशन आर्मी ने महिला हमलावरों की फोटो जारी की है।

**तालिबान ने गर्भनिरोधक गोलियों** पर रोक लगा दी है। चेतावनी देकर दवाएं नष्ट की जा रही हैं। महिलाओं को प्रेग्नेंसी और गर्भपात होने पर इलाज भी नहीं मिल पा रहा है।





**मिस्र और इस्राइल के सुरक्षा अधिकारियों** ने कहा कि गाजा की मिस्र से सटी रफाह सीमा क्रॉसिंग सीमित आवाजाही के लिए फिर से खोल दी गई है। क्रॉसिंग को खोले जाने के पहले दिन 50 फलस्तीनी आ-जा सकेंगे।

# जिस वजह से अहमदाबाद क्रैश, वही समस्या फिर ड्रीमलाइनर में

## इंजन का फ्यूल कंट्रोल स्विच हुआ बंद

Maneesh.Aggarwal
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : लंदन से बेंगलुरु आ रही एयर इंडिया की एक और फ्लाइट में फ्यूल कंट्रोल स्विच बंद होने की ठीक वैसी ही गंभीर परेशानी सामने आई जैसा पिछले साल अहमदाबाद में 12 जून को क्रैश हुई एयर इंडिया की फ्लाइट में आई थी। दोनों बोइंग के प्लेन थे।

ताजा मामला 2 फरवरी का है। लंदन से बेंगलुरु आ रही एयर इंडिया की फ्लाइट नंबर एआई-132 के बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर का लेफ्ट फ्यूल कंट्रोल स्विच ऑन मोड से अचानक ऑफ मोड में चला गया। बताया जाता है कि ऐसा एक बार नहीं बल्कि दो बार हुआ। गनीमत रही कि कोई बड़ी दुर्घटना होने से बच गई। सभी यात्री सकुशल लैंड कर गए।

> अचानक दो बार ऑफ हो गया बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर का फ्यूल स्विच

एयर इंडिया की तरफ से इस गंभीर मामले में बताया गया है कि हमारे एक पायलट ने बोइंग 787-8 विमान के फ्यूल कंट्रोल स्विच में संभावित खराबी की रिपोर्ट दी है। इसके बाद हमने उस विमान की उड़ानें रोक दी हैं यानी उसे ग्राउंड कर दिया गया है। मामले की जानकारी DGCA को दे दी गई है।



पिछले साल जून में एयर इंडिया का विमान क्रैश हो गया था।

### पैसेंजरों की जान दांव पर

**बड़ा सवाल**

**180 से अधिक यात्रियों और क्रू की जिंदगी को दांव पर लगाते हुए फ्लाइट को लंदन से बेंगलुरु क्यों लेकर आए?**

मामले में बताया गया है कि पायलट ने फ्लाइट के लैंड करने के बाद फ्यूल स्विच बंद होने के बारे में जानकारी दी थी। सूत्रों का कहना है कि इसका मतलब यह हो सकता है कि पायलट को यह समस्या लंदन में ही टेकऑफ करते वक्त सामने आई हो या फिर उड़ान के दौरान। अगर ऐसा है तो इन दोनों ही स्थिति में पायलट 180 से अधिक यात्री और क्रू की जिंदगी को दांव पर लगाते हुए फ्लाइट को लंदन से बेंगलुरु क्यों लेकर आए? यह भी जांच का विषय है।

### एक्सपर्ट्स ने उठाए कई गंभीर सवाल

सेफ्टी मैटर्स फाउंडेशन के संस्थापक कैप्टन अमित सिंह ने कहा है कि इस गंभीर खराबी के सामने आने से कई अहम सवाल उठते हैं। क्या जांच पूरी तरह से की गई थी? क्या यह कोई नई और बार-बार होने वाली खराबी है? फेडरेशन ऑफ इंडियन पायलट्स (FIP) के अध्यक्ष सीएस रंधावा का कहना है कि B-787-800 विमानों के मुख्य इलेक्ट्रॉनिक बे पानी के रिसाव या लीकेज की भी गंभीर समस्या है। इससे इलेक्ट्रिकल खराबी हो सकती है। 12 जून 2025 को वियना से दिल्ली जाने वाली AI की उड़ान को ग्राउंड करना पड़ा था।

# बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा को ग्रैमी, चीन को चुभ गया


## कथा वाचन और किस्सागोई वाली कैटिगरी में मिला अवॉर्ड

■ एपी, लॉस एंजिलिस (अमेरिका)

**बौद्ध धर्म** गुरु दलाई लामा ने ग्रैमी अवॉर्ड जीता। रविवार को 68वें ग्रैमी समारोह में दलाई लामा ने ऑडियो बुक, कथा वाचन और किस्सागोई (स्टोरीटेलिंग) रिकॉर्डिंग कैटिगरी में ग्रैमी पुरस्कार जीता। ग्रैमी दुनिया का जाना-माना म्यूजिक अवॉर्ड है। यह दलाई लामा का पहला ग्रैमी अवॉर्ड है। उन्होंने इस कैटिगरी में अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट की जज केतनजी ब्राउन जैक्सन को पीछे छोड़ा। चीन ने ग्रैमी दिए जाने की आलोचना की।

अवॉर्ड जीतने पर दलाई लामा ने कहा, 'मैं इस सम्मान को आभार और विनम्रता के साथ स्वीकार करता हूं। मैं इसे अपनी निजी उपलब्धि नहीं मानता, बल्कि यह हमारी साझा वैश्विक जिम्मेदारी की पहचान है।' उन्होंने कहा कि उन्हें विश्वास है कि शांति, करुणा, पर्यावरण की देखभाल और पूरी मानवता की एकता को समझना ये सभी आठ अरब लोगों के कल्याण के लिए बेहद जरूरी है। ग्रैमी अवॉर्ड इन संदेशों को और अधिक लोगों तक पहुंचाने में मदद करेगा। दलाई लामा खुद समारोह में मौजूद नहीं थे। उनकी ओर से यह अवॉर्ड मशहूर सिंगर और सॉन्गराइटर रूफस वेनराइट ने स्वीकार किया, जो इस प्रोजेक्ट का हिस्सा भी रहे हैं। 90 साल के दलाई लामा भारत में निर्वासन में रहते हैं। वह तिब्बती देश के लिए अधिक स्वायत्तता की लगातार चल रही मुहिम के कारण दुनिया भर में जाने जाते हैं।

## चीन ने कहा, अलगाववादी गतिविधियां चला रहे दलाई




### क्या है इस अल्बम में

दलाई लामा को यह पुरस्कार उनके स्पोकन-वर्ड अल्बम 'मेडिटेशंस: द रिफ्लेक्शन्स ऑफ हिज होलीनेस द दलाई लामा' के लिए मिला। यह पहला मौका था जब किसी विश्व-प्रसिद्ध आध्यात्मिक गुरु को कथा वाचन और किस्सागोई रिकॉर्डिंग कैटिगरी में ग्रैमी अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इसमें मेडिटेशन, दलाई लामा की शिक्षाएं और संगीत का बेहद सुंदर मेल देखने को मिलता है। अल्बम का संगीत हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत से प्रेरित है। यह सुनने वाले को शांति, आत्मचिंतन और मानसिक संतुलन की अनुभूति कराता है। (आईएएनएस)

### अमेरिका के खिलाफ आवाज़

समारोह में कई कलाकारों ने ट्रंप प्रशासन की इमिग्रेशन पॉलिसी के खिलाफ आवाज उठाई। अमेरिकी गायक शाबूजी ने भावुक होकर कहा कि प्रवासियों ने इस देश को बनाया है। अमेरिकी गायक ग्लोरिया एस्टेफन ने भी मौजूदा राजनीतिक हालात पर चिंता जताई।

### चीन बोला, सिर्फ धार्मिक शख्स नहीं

चीन ने दलाई लामा को ग्रैमी अवॉर्ड दिए जाने की आलोचना की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने चीन के इस आरोप को दोहराया कि आध्यात्मिक नेता धर्म के नाम पर अलगाववादी गतिविधियां चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि दलाई लामा विशुद्ध रूप से धार्मिक व्यक्ति नहीं हैं। वह एक राजनीतिक निर्वासित हैं, जो धर्म की आड़ में चीन विरोधी अलगाववादी गतिविधियों के लिए प्रतिबद्ध हैं। संबंधित पक्ष इस पुरस्कार का इस्तेमाल उसके खिलाफ करेगा। (पीटीआई)

## पुणे पोर्श मामले में SC बोला

# 'पैरंट्स को ज़िम्मेदार ठहराया जाना चाहिए'



■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**सुप्रीम कोर्ट** ने सोमवार को 2024 के पुणे पोर्श कार दुर्घटना मामले में तीन आरोपियों को जमानत दे दी। इस घटना में दो लोगों की मौत हो गई थी। अदालत ने कहा कि नाबालिगों से जुड़े ऐसे मामलों के लिए माता-पिता को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए।

अदालत ने आशीष सतीश मित्तल, आदित्य अविनाश सूद और अमर संतोष गायकवाड़ की रिहाई का आदेश दिया। अदालत ने यह आदेश देते समय इस बात का जिक्र किया कि तीनों आरोपी लगभग 18 महीने से जेल में बंद थे।

> इस केस में तीन आरोपियों को सुप्रीम कोर्ट से सोमवार को जमानत मिल गई

सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस बी. वी. नागरत्ना और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की बेंच ने कहा कि माता-पिता अपने बच्चों को कंट्रोल करने में असमर्थ रहते हैं। अदालत ने कहा कि नशा करना एक अलग विषय है, लेकिन उन्हें (बच्चों को) कार की चाबियां और मौज-मस्ती के लिए पैसे देना बिल्कुल अस्वीकार्य है। 19 मई 2024 को, शराब के नशे में कथित तौर पर 17 वर्षीय लड़के द्वारा चलाई जा रही एक पोर्श कार ने पुणे के कल्याणी नगर इलाके में दो आईटी पेशेवरों को कुचल दिया, जिससे उनकी मौत हो गई।

**ब्लड सैंपल बदलने का आरोप**

23 जनवरी को शीर्ष अदालत ने इस मामले में आरोपी द्वारा दायर जमानत याचिका पर महाराष्ट्र सरकार से जवाब मांगा था। गायकवाड़ की ओर से सना रईस खान ने पैरवी की। उन पर आरोप है कि वह एक बिचौलिया था, जिसने नाबालिग आरोपी के ब्लड सैंपल बदलने के लिए एक अस्पताल में डॉक्टर के सहायक को तीन लाख रुपये दिए थे। आदित्य अविनाश सूद और आशीष सतीश मित्तल की ओर से सीनियर वकील सिद्धार्थ दवे और सिद्धार्थ अग्रवाल ने पैरवी की। उन्हें पिछले साल 19 अगस्त को गिरफ्तार किया गया था। आरोप है कि 17 वर्षीय मुख्य आरोपी के साथ कार में मौजूद दो नाबालिगों के मामले में परीक्षण के लिए इन्हीं दोनों के रक्त नमूनों का इस्तेमाल किया गया था। हाई कोर्ट ने पिछले वर्ष 16 दिसंबर को इस मामले में गायकवाड़, सूद और मित्तल सहित आठ आरोपियों की जमानत याचिकाएं खारिज कर दी थीं।

> माता-पिता अपने बच्चों को कंट्रोल करने में असमर्थ रहते हैं। उन्हें कार की चाबियां और मौज-मस्ती के लिए पैसे देना बिल्कुल अस्वीकार्य है। -सुप्रीम कोर्ट

### नाबालिग भेजा गया था सुधार होम

जुवनाइल जस्टिस बोर्ड ने नाबालिग आरोपी को नरम शर्तों पर जमानत दी थी, जिससे देशभर में आक्रोश फैल गया था। जमानत की शर्तों में सड़क सुरक्षा पर 300 शब्दों का निबंध लिखना भी शामिल था। नाबालिग आरोपी को जमानत दिए जाने पर हुए विरोध के बाद पुणे पुलिस ने बोर्ड से अपने फैसले को रिव्यू करने का अनुरोध किया। इसके बाद बोर्ड ने आदेश में संशोधन किया और नाबालिग को एक सुधार होम में भेज दिया। जून में हाई कोर्ट ने नाबालिग की रिहाई का आदेश दिया। उसके माता-पिता, डॉक्टर अजय तावरे और श्रीहरि हलनोर, अस्पताल के कर्मचारी अतुल घाटकांबले, आदित्य अविनाश सूद, आशीष मित्तल और अरुण कुमार सिंह तथा दो बिचौलियों सहित कुल 10 आरोपियों को रक्त नमूना बदलने के मामले में जेल भेज दिया गया था।



**NBT Lens** खबरों के अंदर की बात

### कोर्ट के सवाल का मतलब?

जमानत के दौरान सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी अहम है। अदालत ने कहा है कि ऐसे मामले में पैरंट्स को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। नाबालिग के नाम पर कोई ड्राइविंग लाइसेंस नहीं बन सकता और ऐसे में वह कानूनी तौर पर गाड़ी चलाने के लिए अधिकृत नहीं होता। अगर वह पैरंट्स की कार या गाड़ी लेकर जाता है तो यह पैरंट्स की जिम्मेदारी बनती है कि उनकी पहुंच से कार और चाबी को दूर रखें। अगर ऐसी गाड़ी चलाने के कारण घटना होती है तो निश्चित तौर पर पैरंट्स की जिम्मेदारी तय होना अपेक्षित था।

**अब फोटो छपवाने का मौका भी**

**खबरों का ज्ञान**


रोज की खबरों पर कितनी पैनी नजर है, आजमाएं

1. बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा को कौन-सा अवॉर्ड मिला है?
A. पुलित्जर B. नोबेल C. ग्रैमी
2. देश के किस पूर्व सेनाध्यक्ष की किताब पर विवाद हो रहा है?
A. एम. एम. नरवणे B. वी. के. सिंह C. बिपिन रावत
3. बांग्लादेश के किस पूर्व पीएम को करप्शन के केस में सजा हुई है?
A. खालिदा जिया B. शेख हसीना C. तजुद्दीन अहमद
4. बजट में जिस ऑरेंज इकॉनमी की बात कही गई है वह इनमें से किस फील्ड से जुड़ा है?
A. डिजिटल कंटेंट क्रिएशन B. कृषि C. मेडिकल
5. एपस्टीन विवाद में नाम आने पर किस ब्रिटिश नेता ने पार्टी से इस्तीफा दिया है?
A. डेविड लैमी B. पीटर मैंडेलसन C. रैचल रीव्स

**कल के जवाब**

A1 A. अब्दुल्लाह अली खामेनेई A2 B. 9वां A3 A. इराक A4 C. संत निरंजन दास A5 B. इजिप्ट

**लकी विनर्स**



1. करणवीर चौधरी, दिल्ली
2. नरेश घोपली, दिल्ली
3. आदि, ग्रेटर नोएडा

**ऐसे भेजें अपने जवाब**

अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही छिपे हैं।

# करप्शन केस में हसीना को 10 साल की कैद

■ पीटीआई, ढाका

**बांग्लादेश की** एक अदालत ने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को भ्रष्टाचार के दो अलग-अलग मामलों में सोमवार को 10 साल के कठोर कैद की सजा सुनाई। यह मामला सरकारी आवास प्रोजेक्ट भूमि आवंटन में कथित अनियमितताओं से जुड़ा है।

ढाका की स्पेशल कोर्ट ने 79 साल की शेख हसीना को सरकारी पद का गलत इस्तेमाल कर न्यू टाउन परियोजना में अपनी भतीजी और ब्रिटेन की लेबर पार्टी की सांसद ट्यूलिप सिद्दीक सहित अन्य लोगों को प्लॉट दिलाने के मामले में 10 साल के कठोर कैद की सजा सुनाई। जज रेबी-उल आलम ने इसी मामले में शेख हसीना की दो भतीजियों और एक भतीजे को भी अलग-अलग अवधि की जेल की सजा सुनाई। सिद्दीक की छोटी बहन आजमीना सिद्दीक और भाई रदवान मुजीब सिद्दीक बॉबी को सात साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई। अपदस्थ प्रधानमंत्री और उनके रिश्तेदारों को यह सजा उनकी अनुपस्थिति में हुई सुनवाई के बाद दी गई। इस बीच, अब भंग हो चुकी हसीना की अवामी लीग ने इन सजाओं को पहले निर्धारित और मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार द्वारा बनाए गए झूठे मुकदमे करार दिया। पार्टी पहले ही इन आरोपों को मनगढ़ंत और दुर्भावनापूर्ण बता चुकी है। मामले के 16 आरोपियों में से केवल एक, प्लॉट आवंटित करने वाली संस्था राजुक के सीनियर अधिकारी खुर्शीद आलम पर ही व्यक्तिगत रूप से मुकदमा चला और फैसले के समय वह अदालत में मौजूद थे। मामले के अन्य आरोपियों को 5 साल कैद की सजा सुनाई गई, जिनमें कई मंत्री-अधिकारी शामिल हैं।

> सरकारी जमीन अलॉटमेंट से जुड़ी कथित गड़बड़ियों का है यह मामला



शेख हसीना

### हसीना की भतीजी ने बताया, हास्यास्पद

फैसला सुनाते हुए जज ने कहा, 'आरोपियों का मुकदमा इस आधार पर नहीं रोका गया कि वे देश से बाहर मौजूद हैं।' ब्रिटेन की सांसद ट्यूलिप सिद्दीक ने कहा कि पूरी प्रक्रिया शुरू से लेकर अब तक त्रुटिपूर्ण और हास्यास्पद जैसी थी। सिद्दीक ने कहा, 'मैं इस पूरे घटनाक्रम को देखकर चकित हूं- डेढ़ साल से मेरे खिलाफ दुर्भावनापूर्ण आरोप लगाए जा रहे हैं, फिर भी मेरा बांग्लादेशी अधिकारियों से अब तक कोई संपर्क नहीं हुआ।' उन्होंने कहा, 'मुझे कोई समन नहीं भेजा गया, कोई आरोपपत्र नहीं है।'

## 14 भारतीय मजदूर दुबई में फंसे

■ पीटीआई, दुबई: दुबई में कथित तौर पर वेतन न मिलने के कारण कठिनाइयों का सामना कर रहे झारखंड के 14 प्रवासी मजदूरों ने राज्य सरकार से उनकी सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने की गुहार लगाई है। झारखंड प्रवासी कंट्रोल सेल की टीम लीडर शिखा लाकरा ने बताया कि उन्हें गिरिडीह, हजारीबाग और बोकारो जिलों के 14 प्रवासी मजदूरों के बारे में जानकारी मिली है। एक वीडियो भेजकर आरोप लगाया है कि प्राइवेट कंपनी ने उन्हें वेतन नहीं दिया है और जबरन ओवरटाइम काम करने के लिए मजबूर किया जा रहा है।

> झारखंड के मजदूरों ने राज्य से सुरक्षित निकालने की गुहार लगाई

# फोर्स को आतंकी बताने पर ईरान ने EU के राजदूत तलब किए

■ एपी, ईरान

**ईरान** ने कहा कि उसने अर्धसैनिक बल रिवोल्यूशनरी गार्ड को आतंकवादी संगठन घोषित किए जाने के यूरोपीय संघ (EU) के फैसले पर विरोध दर्ज कराने के लिए उसके सभी राजदूतों को तलब किया है। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब ईरान को शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों की कथित हत्या और सामूहिक फांसी के मामलों को लेकर अमेरिका की सैन्य कार्रवाई का खतरा झेल रहा है।

ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने बताया कि रविवार से राजदूतों को तलब करने की प्रक्रिया शुरू हुई और सोमवार तक जारी रही। **ईरान ने मारे गए 3,000 लोगों की लिस्ट जारी की:** ईरान के राष्ट्रपति के ऑफिस ने देश में हाल ही में हुई अशांति के दौरान मारे गए लोगों की एक लिस्ट जारी की है। अब तक कुल 3,117 लोगों की मौत हो चुकी है।




ईरानी सरकार के खिलाफ कनाडा में लोगों ने प्रदर्शन किया।

**US में थे राजदूत**

## एपस्टीन में नाम, लेबर पार्टी छोड़ी

■ एपी, लंदन: ब्रिटिश राजनेता पीटर मैंडेलसन ने सत्तारूढ़ लेबर पार्टी से इस्तीफा दे दिया। एक साल पहले वह अमेरिका में ब्रिटेन के ऐंबेसडर थे। यह इस्तीफा दिवंगत फाइनैंसर और यौन अपराध के दोषी जेफरी एपस्टीन से उनके संबंधों की खबरों के बाद आया है। पिछले साल अमेरिका के राजदूत पद से बर्खास्त किए गए मैंडेलसन का नाम शुक्रवार को अमेरिका के न्याय विभाग द्वारा जारी की गई फाइलों से सामने आया।



**टूटेगा गतिरोध** भारत और अमेरिका के संबंधों की असहजता को खत्म करने में नया मोड़ ला सकता है विदेश मंत्री का यह दौरा

# US में जयशंकर, क्रिटिकल मिनरल्स पर बात

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**विदेश मंत्री एस.** जयशंकर 2-5 फरवरी तक अमेरिका के तीन दिन के दौरे पर होंगे। वह वॉशिंगटन में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो की ओर से क्रिटिकल मिनरल्स पर आयोजित मीटिंग में हिस्सा लेंगे।

विदेश मंत्रालय का बयान कहता है कि यह मीटिंग सप्लाई चेन की मजबूती, स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन और क्रिटिकल मिनरल्स में रणनीतिक सहयोग पर फोकस करेगी। अपने इस दौरे में विदेश मंत्री ट्रंप प्रशासन के दूसरे सीनियर अधिकारियों के साथ भी मुलाकात करेंगे। **हाल में बढ़ी है इंगेजमेंट:** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो और जयशंकर के बीच 14 जनवरी को फोन पर बात हुई थी। 30 जनवरी को जयशंकर ने भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर से मुलाकात की थी। माना जा रहा कि जयशंकर के इस दौरे के तहत भारत अमेरिकी पहल पैक्स सिलिका में भी शामिल होने से जुड़ा फैसला ले सकता है। सेमीकंडक्टर और AI तकनीक की ग्लोबल सप्लाई चेन सुनिश्चित करने की फ्लैगशिप योजना है।



**30 जनवरी को** जयशंकर और भारत में US राजदूत गोर (बाएं) मिले थे।

### प्रेज़िडेंट ट्रंप के रुख में है बदलाव

बीते दिनों राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत के साथ ट्रेड को लेकर भरोसा जताया था और पीएम मोदी को शानदार लीडर और अपना महान मित्र भी बताया था। ये बातें राष्ट्रपति ने दावोस में वर्ल्ड इकनॉमिक फोरम के दौरान कही थीं। भारत के रूसी कच्चे तेल की खरीद पर 25% अतिरिक्त टैरिफ समेत, भारतीय प्रॉडक्ट पर टैरिफ को ट्रंप की ओर से दोगुना करके 50% तक बढ़ाने के बाद से भारत-अमेरिका संबंध तनाव में रहे हैं।

**NBT Lens** खबरों के अंदर की बात

### क्या ट्रेड डील पर कदम आगे बढ़ेंगे?

माना जा रहा है कि इस यात्रा में भारत पैक्स सिलिका का हिस्सा बनने पर फैसला ले सकता है। सूत्रों के मुताबिक, सरकार अमेरिका की इस पहल को लेकर सकारात्मक रुख रखती है। माना यह भी जा रहा दोनों देशों के बीच ट्रेड डील बातचीत में भी गति को लेकर चर्चा हो सकती है। जयशंकर का पिछला अमेरिका दौरा सितंबर में था।

## हरियाणा ग्रामीण बैंक के कर्मचारी हड़ताल पर

■ NBT न्यूज, रोहतक: हरियाणा ग्रामीण बैंक के अधिकारियों और कर्मचारियों की दो दिवसीय हड़ताल सोमवार से शुरू हो गई। हड़ताल के चलते जिले में ग्रामीण बैंक की सभी शाखाएं बंद रहीं। इससे लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी। हरियाणा ग्रामीण बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन के प्रधान अजय सरोहा ने बताया कि प्रदेश में ग्रामीण बैंक की करीब 690 शाखाएं हैं, जिनमें लगभग 3600 लोग काम करते हैं। इन कर्मचारियों को कई जरूरी लाभों से दूर रखा जा रहा है। ग्रामीण बैंक के कर्मचारियों को कम अलाउंस दिया जा रहा है।

## अंबाला में शहीद स्मारक की शुरुआत कर सकते हैं PM



मुख्यमंत्री ने PM से मुलाकात कर दिया न्योता

■ NBT रिपोर्ट, चंडीगढ़: मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को दिल्ली दौरे के दौरान PM से मुलाकात कर अंबाला में बनकर तैयार शहीद स्मारक के उद्घाटन का न्योता दिया। PM ने इस न्योते को स्वीकार कर लिया है, हालांकि कार्यक्रम की तारीख अभी तय नहीं हुई है। मुख्यमंत्री सैनी की हाल के दिनों में पंजाब में बढ़ी सक्रियता के बीच यह मुलाकात अहम मानी जा रही है। PM से मिलने के बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने BJP के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन से भी मुलाकात की। दोनों के बीच करीब 38 मिनट तक बातचीत हुई।

**BJP अध्यक्ष से भी मिले, निकाय चुनाव पर हुई चर्चा**

PM से मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने अंबाला में भव्य रूप से बने शहीद स्मारक के लोकार्पण को लेकर विस्तार से चर्चा की। इसके बाद BJP अध्यक्ष के साथ बैठक में राज्य में होने वाले शहरी निकाय चुनाव की तैयारियों पर मंथन किया गया। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने पहले ही वीबी-जी राम जी योजना के समर्थन में विधानसभा स्तर पर सम्मेलन करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने BJP अध्यक्ष को निकाय चुनाव के संचालन से जुड़ी सभी गतिविधियों की जानकारी दी। साथ ही संगठन की ओर से बनाई गई समितियों के कामकाज से भी अवगत कराया।

# ग्रुप B और C की भर्तियों में बदलाव, 6 से रजिस्ट्रेशन

■ NBT रिपोर्ट, चंडीगढ़

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग (HSSC) ने ग्रुप बी और सी की भर्तियों में फेरबदल करते हुए पदों में बढ़ोतरी कर दी है। इन पदों के लिए पहले जहां सोमवार से आवेदन प्रक्रिया शुरू होनी थी, वहीं अब 6 फरवरी से ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरे जाएंगे। आयोग ने नई तारीख भी जारी कर दी है।

आयोग ने अलग-अलग कैटिगरी में पदों की संख्या में बढ़ोतरी की है। इसके बाद ग्रुप B के अंतर्गत स्टेनो टाइपिस्ट के पदों की संख्या 486 से बढ़ाकर 586 कर दी गई है। वहीं ग्रुप C के अंतर्गत स्टेनो टाइपिस्ट के पद 696 से बढ़कर 702 हो गए हैं। ग्रुप C में जूनियर स्केल स्टेनोग्राफर के पदों की संख्या 173 से बढ़ाकर 260 कर दी गई है। इसके अलावा आयोग ने आवेदन प्रक्रिया की तारीख में भी बदलाव किया है। पहले आवेदन 2 फरवरी से शुरू होने थे मगर अब ये 6 फरवरी 2026 से शुरू होंगे।

आयोग ने सभी अभ्यर्थियों से अपील की है कि वह आवेदन करने से पहले संशोधित विज्ञापन और सभी दिशानिर्देशों को ध्यान से पढ़ लें ताकि किसी भी तरह की गलती से बचा जा सके। वहीं भर्ती से जुड़ी विस्तृत जानकारी आयोग की वेबसाइट पर दी गई है। इस भर्ती के तहत ग्रुप संख्या C के अंतर्गत आने वाले जूनियर स्केल स्टेनोग्राफर के पदों में सबसे बड़ा बदलाव देखने को मिला है। इसमें पहले पदों की संख्या 173 थी, जिसे बढ़ाकर 260 कर दिया गया है।

AI Image



- दोनों कैटिगरी में स्टेनो के पद बढ़ाए गए
- ग्रुप B के अंतर्गत स्टेनो के पदों की संख्या 486 से बढ़ाकर 586 कर दी गई है।
- ग्रुप C के अंतर्गत स्टेनो के पद 696 से बढ़कर 702 हो गए हैं।

## 22 HPS अफसरों का IPS बनने का रास्ता साफ

■ NBT रिपोर्ट, चंडीगढ़: हरियाणा में 22 HPS अधिकारियों के IPS बनने का रास्ता साफ हो गया है। हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा इन अधिकारियों को इंटेग्रिटी सर्टिफिकेट जारी कर दिया गया है। इसके बाद सालों से अटका प्रमोशन का रास्ता साफ हो गया है। अब राज्य सरकार जल्द ही इन नामों का पैनल यूपीएससी को भेजने जा रही है। दो साल पहले जब पूर्व सीएम खट्टर के कार्यकाल में 13 HPS के प्रमोशन की फाइल को मंजूरी मिली थी, लेकिन गृह विभाग की ओर से HPS अफसरों के प्रमोशन की तैयार की गई फाइल को तत्कालीन मुख्य सचिव ने आपत्ति जताते हुए वापस भेज दिया था। उस समय अफसरों की एनुअल कॉन्फिडेंशल रिपोर्ट ही पूरी नहीं थी, इससे उनके इंटेग्रिटी सर्टिफिकेट जारी नहीं हुआ था।

## रिहायशी इलाकों में भी खुल सकेंगे नर्सिंग होम

■ NBT न्यूज, चंडीगढ़: आवासीय क्षेत्रों में हेल्थकेयर इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में अहम निर्णय लेते हुए हरियाणा सरकार ने पूरे राज्य में लाइसेंसी रिहायशी प्लॉट वाली कॉलोनियों में नर्सिंग होम स्थापित करने के लिए एक व्यापक पॉलिसी को मंजूरी प्रदान की। इस पॉलिसी का उद्देश्य रिहायशी इलाकों में मौजूदा हेल्थ केयर की कमियों को दूर करना और यह सुनिश्चित करना है कि निवासियों को उनके घर-द्वार के आस-पास जरूरी मेडिकल सेवाएं उपलब्ध हो। पॉलिसी के तहत, पूरे राज्य में लाइसेंसी कॉलोनियों के रिहायशी प्लॉट पर नर्सिंग होम स्थापित करने की इजाजत जरूरी कन्वर्जन चार्ज के भुगतान के बाद ही दी जाएगी। इस संबंध में एक हलफनामा देना भी जरूरी होगा।

**मंत्रिमंडल की बैठक में मिली है मंजूरी**

## विधानसभा का बजट सत्र 20 फरवरी से होगा शुरू

■ NBT रिपोर्ट, चंडीगढ़: हरियाणा विधानसभा का बजट सत्र 20 फरवरी से शुरू होगा। सोमवार की रात मुख्यमंत्री नायब सैनी की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह फैसला लिया गया। बजट सत्र कितने दिन चलेगा, यह हरियाणा विधानसभा की बिजनेस सलाहकार कमिटी की बैठक में तय किया जाएगा। बजट सत्र में इस बार कुल 14 सिटिंग हो सकती हैं। वित्त मंत्री के नाते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी साल 2026-27 का अपना दूसरा बजट 27 फरवरी को पेश कर सकते हैं। 20 फरवरी को राज्यपाल के अभिभाषण से बजट सत्र की शुरुआत होगी। शनिवार और रविवार को अवकाश के बाद 23 फरवरी से दोबारा बजट सत्र की कार्यवाही आरंभ होगी। राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा होगी। 27 फरवरी को बजट पेश होने की संभावना है, उस दिन भी शुक्रवार है और अगले दिन 28 फरवरी को शनिवार का अवकाश रहेगा।

**मंत्रीमंडल की बैठक में मिली है मंजूरी**

## उड़ान में देरी पर जुर्माना

■ NBT न्यूज, रोहतक: दिल्ली से उड़ान में देरी के कारण हुए अतिरिक्त खर्च को लेकर जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने एयरलाइंस कंपनी के खिलाफ आदेश दिया है। आयोग ने कंपनी को 1.05 लाख रुपये 9 प्रतिशत ब्याज सहित देने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा सेवा में कमी के लिए 50 हजार रुपये हर्जाना और 5 हजार रुपये कानूनी खर्च भी देना होगा। मामले के अनुसार, एक कंपनी के सीनियर डिविजनल मैनेजर सुनील गांधी ने दिसंबर 2018 में परिवार के साथ पोर्ट ब्लेयर में छुट्टियां मनाने की योजना बनाई थी। इसके तहत उन्होंने दिल्ली से चेन्नई के लिए विस्तारा और चेन्नै से पोर्ट ब्लेयर के लिए जेट एयरवेज की टिकट बुक कराई थी। वापसी के लिए पोर्ट ब्लेयर से कोलकाता और कोलकाता से दिल्ली की टिकट ली गई थी।

**1.05 लाख रुपये 9% ब्याज सहित देने के निर्देश**

## हिसार, सिरसा, फतेहाबाद में धुंध का कहर, एक की मौत



सिरसा में स्कूल बस और पिकअप की टक्कर

■ NBT न्यूज, हिसार, सिरसा, फतेहाबाद: सोमवार को हिसार, सिरसा और फतेहाबाद में गहरी धुंध छाई रही। कम विजिबिलिटी के कारण मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का हेलिकॉप्टर उड़ान नहीं भर सका। हवाई यात्रा रद्द करनी पड़ी। इसके बाद मुख्यमंत्री ने प्लेन से सिरसा एयरफोर्स स्टेशन पहुंचकर सड़क मार्ग से गांव पीलीमंदोरी, फतेहाबाद के कार्यक्रम स्थल तक यात्रा की।

**सिरसा में स्कूल बस और पिकअप की टक्कर:** सिरसा के कालांवाली-रोड़ी मार्ग पर सुबह एक प्राइवेट स्कूल बस और पिकअप गाड़ी की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में पिकअप ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बस ड्राइवर घायल हुआ है। बस में सवार बच्चे सुरक्षित हैं। प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार यह हादसा गांव जिलेवाला पेट्रोल पंप के पास हुआ। धुंध के कारण पिकअप ड्राइवर ओवरटेक करने के दौरान स्कूल बस से टकरा गया।

**हिसार में रोडवेज बस हाईवे से उतरी:** हिसार में चंडीगढ़ नैशनल हाईवे पर बरवाला के पास सोमवार सुबह घने कोहरे के कारण बड़ा हादसा टल गया। कुरुक्षेत्र से हिसार आ रही हरियाणा रोडवेज की बस कोहरा होने से अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गई। ड्राइवर की सूझबूझ से बस पलटने से बच गई। इस हादसे में 6 लोग घायल हुए हैं। जानकारी के अनुसार, बस सुबह कुरुक्षेत्र से चली थी। बरवाला पार कर हाईवे पर पहुंचे समय आगे का रास्ता साफ दिखाई नहीं दिया, जिससे यह हादसा हुआ।

TIMES TRIBUTE
PAYING HOMAGE TO THE DEPARTED SOUL
To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free)

"HONOUR. COURAGE. BRAVERY. Three words that you taught us. Three words that help us cope with your loss".

The silent joy of remembering a loved one.
The moments you shared together.
Little moments that make life beautiful.
Share them. With Friends. Relatives. Neighbours. Colleagues. With all those whose lives the departed Soul has touched. Because while life goes on, when you share memories, they stay on forever.

REMEMBRANCE
SHARING MEMORIES
For any information call
Vinod : 9958992088
Pankaj : 8130604727

TIMES TRIBUTES
RATE CARD

| Publications | Rates per sq. cms |
|---|---|
| TOID Capital + NBT (Delhi+NCR) | 1295 |
| TOID Full Run ## + NBT (Delhi+NCR) | 1360 |
| THE TIMES OF INDIA (Delhi+NCR) | 780 |
| THE TIMES OF INDIA (Delhi) Full Run## | 900 |
| NAVBHARAT TIMES (Delhi+NCR) | 595 |
| THE ECONOMIC TIMES (Delhi+NCR) | 715 |
| SANDHYA TIMES (Delhi) | 100 |

Rates effective 5th June 2019

► *Placement on specified obit pages only. ► This rate benefit is extended up till the size of 320 sq. cm only. ► ## Full run includes Delhi City + NCR (Including Gurgaon + Noida) + Chandigarh + Western U.P. + Uttarakhand ► TOI Capital (Delhi & NCR) includes TOI Gurgaon & TOI Noida.

To place an Obituary announcement or Remembrance message please call
Vinod: 9958992088
Pankaj : 8130604727

TIMES interact
Connecting People, Connecting Needs.
To book your ad | Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) | Scan QR Code

टेंडर और नोटिस

सार्वजनिक सूचना (नोटिस)

PUBLIC NOTICE

This is to bring to the notice of general public at large that Rajdarbar Televenture Private Limited, a company incorporated under the Companies Act, 1956 (CIN: U70100UP1997PTC083259) having its registered office at Global Spaces Magtai near Shastripuram, Agra, Uttar Pradesh, India 282007 ("Company") is the present legal, lawful and absolute owner and in peaceful, vacant and physical possession of the Said Land of the property forming part of khewat/ khata number 345/331/361, comprising khasra numbers 35/1/2 (2-8-10) and 35/4 (0-5-15), kita 2, admeasuring 2 Bigha 14 Biswa 5 Biswansi i.e. 1.69 acres approx., situated in the revenue estate of village and tehsil Wazirabad, district Gurugram, Haryana (hereinafter referred to as the "Said Land").

Any person(s) or entity(s) including but not limited to any bank or financial institution having or claiming or asserting to have any demand and/or objection and/or any right/ title/ interest/ estate in respect of the Said Land or any portion thereof including by way of mortgage, hypothecation, encumbrance, entitlement, sale, agreement for sale, transfer, assignment, lease, agreement to lease, sub-lease, agreement to sub-lease, tenancy, license, sub-license, lien, pledge, charge, trust, maintenance, easement, compensation claims, gift, lis-pendens, exchange, share, beneficial interest, possession, release, relinquishment, partition, power of attorney, contract/ agreement, will, bequest, inheritance, future floor area ratio (FAR), future floor space index (FSI), development rights, family arrangement/ settlement, partnership, possession, allotment, order or decree or direction of any court of law or any other statutory or adjudicating authority or acquisition by government or any entity, prohibition or any other impediment with respect to the Said Land or any part thereof or by way of any other method or otherwise howsoever ("Claims") or have already filed any suit, dispute, petition, appeal or other proceedings or sent any demand notice or obtained any decree, judgement, award or other order concerning the Said Land or any part thereof, are hereby called upon and are required to give notice of any such Claims or objections, if any, in writing, to the undersigned within a period of 15 (fifteen) days from the date of publication of this notice, together with copies of all relevant documents supporting their Claims/ interest(s)/ right(s)/ title/ demand(s)/ estate interest failing which it will be construed that such claimants have relinquished/ waived their Claims/ interest(s)/ right(s)/ title/ demand(s)/ estate interest in the Said Land or any part thereof and there exists no Claims/ interest(s)/ right(s)/ demand(s)/ estate interest against the Said Land or any part thereof, and the Company shall be free to deal with the Said Land or any part thereof, in the manner as it deems fit.

For and on behalf of
RAJDARBAR TELEVENTURE PRIVATE LIMITED
Sd/-
Mr. Aman Mishra
Khasra No.34/35, C-Block, Sushant Lok Phase 1, Paras Hospital Road, Sector 43, Gurgram-122009, Haryana
legalho@rajdarbarrealty.com

ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
सार्वजनिक सूचना
प्रभारी महाप्रबंधक (नियोजन/वास्तु)
ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda

निविदाएं (टेंडर्स)

EXPRESSION OF INTEREST
1. EOI are invited from Swimming Pool experts for repair of Swimming Pool (Including filtration plant, civil work etc) at GVI, Gurjinder Vihar, AWHO, Greater Noida.
2. Pool can be inspected between 10:00 AM – 5:00 PM all working days.
3. Please submit proposal to Secy, GVI by 20 Feb. 2026
Mbl 8287504382
Office: 0120-4338093

न्यायालय सूचना

सार्वजनिक सूचना

BOOK YOUR CLASSIFIED ADS

• FOR TENDER & NOTICE ADS PLEASE CONTACT AMAN : 9312633518
• FOR RECRUITMENT ADS PLEASE CONTACT AMIT : 9811790649
• FOR PROPERTY ADS PLEASE CONTACT SUNIL : 9999499496

TO BOOK ONLINE LOG ON TO Ads.timesofindia.com
SCAN QR CODE

भर्ती

भर्ती-रिक्त पदों की स्थिति

अन्य रिक्तियां

एकाधिक रिक्तियां

शीघ्र आवश्यकता है
INDRAPRASTHA GAS LIMITED
CNG DODO PUMP
• Dispenser Operator- 20
• Accountant- 01
• Data Entry Operator- 01
• Supervisor- 01
Freshers also Welcome
Pocket Q, Ambika Vihar, Paschim Vihar, Delhi-87
Contact- 9831059395

तकनीकी

इंजीनियर्स

REQD. SITE Engineer for Interior work, Degree/Diploma in Interior, 4-5 years of experience in 5 star hotel interior projects, site execution & supervision expertise Contact: 7027458088

व्यक्तिगत

नाम परिवर्तन

I Diksha Agarwal D/o Manish Agarwal R/o Budh Vihar, Delhi changed my name from Diksha Aggarwal to Diksha Agarwal for all future purposes

I Brijesh Kumar, S/O Lakshmi Chandra, R/O JG-1/24 B, Vikas Puri, New Delhi 18, have changed my name to Brijesh Kumar Verma & Lakshmi Chandra Verma for all future purposes vide Affidavit No IN-DL43859936200311Y, Dated 30.01.26

I Sarala D/O, Late Sh. Kalu Ram R/o 48,pts Malviya Nagar New Delhi 110017 have changed my name to Sarla Nanda.

I, Ashna Sharma, D/o Neeraj Kumar Sharma, R/o J-2302, Maxblis White House, Sector-75, Noida - 201301, hereby state that in my passport, my father's name is mentioned as Neeraj Sharma, whereas his correct and complete name is Neeraj Kumar Sharma.

I Babita Mishra, R/O A-107/108, GD Colony, MV-3, D-96, do hereby declare that Babita Mishra and Rinki Mishra refer to one and the same person. Henceforth, I shall be known as Babita Mishra for all purposes.

ASTRO ZONE | TIMES interact

जन्मपत्री से जानें सभी समस्याओं के उपाय
सौभाग्य दीप
999 058 4444
पं. राजेन्द्र शर्मा जी

समस्या बताएं आसान हल पाएं
भविष्यवक्ता वास्तुशास्त्री रत्न विशेषज्ञ
दयाल जी
93-1140-1150
Dayal Darbar

HEALTH & WELLNESS

सैक्स समस्याएं
नवीन क्लीनिक
9811564909
9210990444

SEX Problems?
चेतन आयुर्वेदा
9817469817

36 वर्षों के अनुभवी
सैक्स समस्याएं
आजाद क्लीनिक
9873144909
9821124909

विवाहित जीवन में पाएं नई खुशियाँ
SEX समस्या
आकाशदवाखाना
9953396533
8860003863

SEX PROBLEM
15 ही दिन में फर्क देखें
घर बैठे दवा मंगवायें
सन्यासी आयुर्वेदा
8527001155

BOOK YOUR CLASSIFIED ADS
FOR RECRUITMENT ADS PLEASE CONTACT AMIT : 9811790649

BOOK YOUR BUSINESS ADS
FOR BOOKING PLEASE CONTACT
Aman Pasricha
9312633518
TO BOOK ONLINE LOG ON TO
Ads.timesofindia.com
EXCLUSIVE OFFERS AND ASSISTANCE
SCAN TO BOOK

Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

TIMES interact
TO ADVERTISE IN THE CLASSIFIEDS SECTION, FOR ANY OF THE BELOW MENTIONED CATEGORIES
MATRIMONIAL | BUSINESS | PROPERTY
RECRUITMENT, EDUCATION | SHOPPING | SERVICES, VEHICLES, TRAVEL
TENDER, PUBLIC NOTICE | CHANGE OF NAME, LOST & FOUND | BIRTHDAY/ ANNIVERSARY ADS

Please call us at the below mentioned nos.

| Area / Zone | Contact Person | Mobile No. | Area / Zone | Contact Person | Mobile No. |
|---|---|---|---|---|---|
| North Delhi | Amit Ghosh | 98117 90649 | West Delhi + Dwarka + Gurgaon | Aman Pasricha | 93126 33518 |
| South Delhi + Faridabad | Raghav Arora | 99999 95460 | Central Delhi | Amit Ghosh | 98117 90649 |
| | | | | Sunil Srivastava | 99994 99496 |
| Ghaziabad | Sunil Srivastava | 99994 99496 | Noida + East Delhi | Sumit Negi | 98992 68321 |

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 03-02-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP3 User: cci Time: 02-02-2026 22:20 Color:



## महानगर में आज



**वसंतोत्सव**
कमानी ऑडिटोरियम में 'वसंतोत्सव', मंडी हाउस, शाम 6 बजे से। पंडित बिरजू महाराज के 'कलाश्रम' की ओर से पेश पंडित राजेंद्र गंगानी की कोरियोग्राफी से सजी प्रस्तुति लय प्रेमियों के बीच होगी।

**रंगों का खजाना**
ऑल इंडिया फाइन आर्ट्स एंड क्राफ्ट सोसायटी (AIFCA) में आर्ट एग्जिबिशन 'विटर म्यूज', 1 रफी मार्ग, सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक। यह ग्रुप पेंटिंग्स, स्कल्पचर्स, मिक्स्ड मीडिया, फोटोग्राफी एग्जिबिशन 5 फरवरी तक आर्ट लवर्स के बीच होगा।

**अहसास-ए-कलाम**



इंडिया इंटरनैशनल सेंटर में सांस्कृतिक प्रस्तुति 'अहसास-ए-कलाम और पश्म', मेन आर्ट गैलरी, दूसरा फ्लोर, कमला देवी कॉम्प्लेक्स, लोदी रोड, सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक। कमर डागर की सोलो कैलिग्राफी एग्जिबिशन का आनंद आप लिया जा सकता है। कलाकरा मनीषा गावड़े इस शो की क्यूरेटर हैं।


**आम में खास**
आर्ट मैग्नम गैलरी में एग्जिबिशन 'द पोएटिक्स ऑफ द ऑर्डिनरी', इंडियन ऑयल कॉम्प्लेक्स, यूसुफ सराय, श्री अरबिंदो मार्ग, सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक। रोजमर्रा की जिंदगी में छिपी भावनात्मक गहराई को उजागर करती इस पेंटिंग्स शो की क्यूरेटर शुभ्रा मजूमदार और गायत्री माथुर हैं।

**चेतना**



बीकानेर गैलरी में आर्ट एग्जिबिशन 'वट रिमेंस अवेक : ड्रीम, डेथ एंड द फोर्थ', कलमकार गैलरी, पहाड़ा रोड, सुबह 11 से शाम 7 बजे तक। कलाकरा सोनिका आग्रवाल की इस एग्जिबिशन में उनकी पेंटिंग, स्कल्पचर और इंस्टॉलेशन के साथ चेतना की चार अवस्थाओं के प्राचीन भारतीय ढांचे को महसूस की जा सकती है।

सिटी में हो रहे इवेंट्स की जानकारी हमें भेजें nbtreader@timesofindia.com पर



# 'फीस रेग्युलेट करने वाला नया कानून 2025–26 में नहीं होगा लागू'

## दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में बताया

AI image





Rajesh.Choudhary@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** दिल्ली सरकार ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि राष्ट्रीय राजधानी में प्राइवेट स्कूलों की फीस को रेग्युलेट करने वाला नया कानून सेशन 2025–26 में लागू होगा। दिल्ली सरकार की ओर से यह बयान जस्टिस पी. एस. नरसिंहा और जस्टिस आलोक अराधे की बेंच के सामने दिया गया। सुप्रीम कोर्ट ने बयान को रिकॉर्ड पर ले लिया है। दिल्ली सरकार की ओर से पेश अडिशनल सॉलिसिटर जनरल के बयान के बाद, सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अब उसके हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं रह गई है।

अदालत दिल्ली स्कूल एजुकेशन (फीस निर्धारण और रेग्युलेशन में पारदर्शिता) एक्ट, 2025 के क्रियान्वयन से संबंधित याचिकाओं की सुनवाई कर रही थी। अडिशनल सॉलिसिटर जनरल एस. वी. राजू ने बेंच को बताया कि यह कानून चालू सेशन में लागू नहीं होगा। इसके बाद अदालत ने कहा कि दी गई इस स्पष्टता के बाद अब किसी और आदेश की आवश्यकता नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सभी मुद्दे को ओपन रखा जाता है, ताकि उन्हें दिल्ली हाई कोर्ट के समक्ष उठाया जा सके, जहां 2025 के अधिनियम और उसके बाद बनाए गए नियमों को चुनौती देने वाली याचिकाएं पेंडिंग हैं।

**SC ने सरकार के बयान को रेकॉर्ड पर लिया**

सुप्रीम कोर्ट उन याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था, जिनमें 8 जनवरी के दिल्ली हाई कोर्ट के उस आदेश को भी चुनौती दी गई थी, जिसमें निजी स्कूलों को फीस रेगुलेशन समितियां गठित करने का निर्देश देने वाली अधिसूचना पर रोक लगाने से इनकार कर दिया गया था। हालांकि ऐसी समितियों के गठित करने की समयसीमा बढ़ा दी गई थी। सुनवाई के दौरान, पेश एक अधिवक्ता ने कहा कि हाई कोर्ट को इस मुद्दे पर जल्द निर्णय लेना चाहिए, क्योंकि बड़ी संख्या में स्कूल और लाखों बच्चे इससे प्रभावित हैं। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह सोचने की जरूरत नहीं है कि हाई कोर्ट को जानकारी नहीं है और केवल हम ही इससे अवगत हैं। जब एक अन्य वकील ने कहा कि इस मामले की सुनवाई 31 मार्च से पहले हाई कोर्ट द्वारा की जानी चाहिए, तो बेंच ने कहा कि पक्षकार हाई कोर्ट के समक्ष याचिकाओं के शीघ्र निपटारे के लिए अनुरोध कर सकते हैं।

19 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय राजधानी में स्कूलों की फीस को रेगुलेट करने वाले नए कानून को लागू करने के समय को लेकर दिल्ली सरकार से सवाल किए थे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि जब सेशन पहले से ही चल रहा है, तो उस समय नया कानून लागू करना भ्रमित करने वाला प्रतीत होता है।

## सरकार ने दिया मिडिल क्लास को धोखा: AAP

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**फीस एक्ट** को लेकर दिल्ली सरकार के नए आदेश पर आम आदमी पार्टी ने कहा है कि आखिरकार बीजेपी की सरकार ने मनमानी फीस पर मोहर लगा दी। आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कहा कि सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में दिल्ली सरकार ने साफ कर दिया है कि ये एक्ट उन निजी स्कूलों की फीस को कंट्रोल, कम या संशोधित नहीं करेगा, जिन्होंने 2025-26 में फीस में बेतहाशा इजाफा कर दिया था। AAP ने हमेशा इस कानून को निजी स्कूलों के लिए मददगार बताया, लेकिन बीजेपी ने इसे मास्टर स्ट्रोक बताकर मिडिल क्लास को धोखा दिया।

**सौरभ भारद्वाज ने सरकार पर साधा निशाना**

सौरभ भारद्वाज ने कहा कि बीजेपी सरकार बनने के तुरंत बाद ही ज्यादातर प्राइवेट स्कूलों ने 2025-26 के लिए फीस में 20 से 80% तक की बढ़ोतरी कर दी थी। इससे यह साफ होता है कि सरकार किस तरह निजी स्कूल मालिकों की लॉबी के लिए सक्रिय होकर काम कर रही है। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार ने इस कानून को बिना किसी पारदर्शिता के दिल्लीवासियों पर थोप दिया। पैरेंट्स असोसिएशन से कोई परामर्श नहीं किया गया और न ही मसौदा विधेयक पर जनता से कोई राय ली गई। 'आप' हमेशा से यही कहती आई है कि यह कानून निजी स्कूलों के मालिकों की मदद के लिए है। शिक्षा मंत्री आशीष सूद और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने लाखों पैरेंट्स और स्टूडेंट्स को धोखा दिया है।

# जब तक कमिटी न ले फैसला, तब तक नहीं बढ़ेगी फीस!

## सरकार का नया आदेश, स्कूल 10 दिन में बनाएं कमिटी

Katyayani.Upreti@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** दिल्ली सरकार आखिरकार सेशन 2025-26 में नए फीस कानून को लागू करने से पीछे हट गई है। 1 फरवरी को दिल्ली सरकार ने स्कूल फीस तय करने से जुड़ी व्यावहारिक कठिनाइयों को दूर करने के लिए आदेश जारी कर सुप्रीम कोर्ट में पेश कर दिया। आदेश के अनुसार, 'दिल्ली स्कूल एजुकेशन–ट्रांसपैरेंसी इन फिक्सेशन एंड रेगुलेशन ऑफ फीस 2025' एक्ट 10 दिसंबर 2025 को प्रभाव में आया, इसलिए 2025–26 के लिए समय पर आवश्यक समितियों को बनाना मुमकिन नहीं हो सका। अब अकैडमिक सेशन 2026-27 से शुरू होने वाले तीन सेशन के ब्लॉक के लिए ही फीस तय करने की प्रक्रिया लागू होगी।

**सूद ने कहा, 1200-1300 स्कूलों ने अपनी कमिटी बना दी है**





सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद का कहना है कि फीस एक्ट को डीरेल करने की कोशिशें जिन विरोधियों ने की है, उन्हें सरकार की जीत से जवाब मिल गया है। क्योंकि इससे अब कानून का रास्ता साफ हो गया है।

एलजी के आदेश से जारी किए गए इस आदेश में कहा किया है कि हर स्कूल इस आदेश की तारीख से अगले 10 दिन में स्कूल लेवल फीस रेगुलेटरी कमिटी (SLFRC) बनाएगा और 14 दिन के अंदर अगले तीन साल के लिए फीस का प्रस्ताव देगा। अनुपालन में चूक होने पर अधिनियम और नियमावली के तहत प्रशासनिक और नियामक कार्रवाई की जाएगी।

**'पिछले सेशन की फीस HC के आदेश पर होगी तय':** सूद का कहना है कि हमने गजट जारी किया है, उस हिसाब से अब प्राइवेट स्कूलों को 10 दिन के अंदर SLFRC बनानी होगी। अब स्कूल 1 अप्रैल से शुरू होने वाले सेशन के लिए फीस नहीं बढ़ा पाएंगे। जो भी टाइमलाइन हमने अपने आदेश में दिए हैं, वो 2026-27 से अगले तीन सेशन के ब्लॉक के लिए लागू होगी। और जब तक तीन साल के ब्लॉक के लिए एक्ट के तहत फीस तय होगी, स्कूल पिछले सेशन की फीस यानी जो 1 अप्रैल 2025 को लागू की गई है, वही लेंगे। हमने पैरेंट्स को लॉन्ग टर्म राहत दी है।

### आखिर फीस को लेकर क्या बनी है उलझन?

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

दिसंबर 2025 में सरकार ने स्कूलों की मनमानी फीस को रोकने के लिए कानून अधिसूचित किया और 2025-26 सेशन से इसे लागू माना गया। मगर स्कूल अप्रैल 2025 में ही फीस बढ़ा चुके थे, ऐसे में अवैध ढंग से जो फीस ली गई, उसकी वापसी का पेच फंसा। सरकार ने स्कूल कमिटी बनाकर, फीस तय करने के लिए 5 फरवरी तक का वक्त दिया, जब सेशन लगभग खत्म होने को था। मगर प्राइवेट स्कूल कोर्ट चले गए कि वर्तमान सेशन के लिए यह मुमकिन नहीं। इस पूरे मामले को लेकर पैरेंट्स उलझे रहे, क्योंकि पिछले सेशन को लेकर उन्हें कुछ उम्मीदें थीं। अब नए सेशन को लेकर उन्हें नए कानून से उम्मीद है।

## निवेश के नाम पर 36 लाख की ठगी में MP से दो अरेस्ट



■ NBT न्यूज, रेवाड़ी

**साइबर थाना** पुलिस ने शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर 36 लाख रुपये की साइबर ठगी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी MP के इंदौर निवासी हर्ष कदम व दीपक सिंह चौहान से पूछताछ की जा रही है। पुलिस के अनुसार बीते अगस्त में सर्कुलर रोड के धीरज शर्मा ने शिकायत दी थी कि उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर मार्केट में निवेश से मुनाफे का विज्ञापन देखा था। विज्ञापन में दिए नंबर से संपर्क करने पर मुनाफे का झांसा दिया गया। निवेश के नाम पर अलग-अलग बार में 36 लाख 18 हजार रुपये हड़प लिए। उनके शेयर खाते में करीब 4 करोड़ 33 लाख रुपये दर्शाए गए। जब रकम निकालने की कोशिश की तो 10 लाख रुपये और मांगे गए। तब उन्हें ठगी का अहसास हुआ। पुलिस ने जांच के बाद आरोपी हर्ष और दीपक को पकड़ा है। इनके जॉइंट अकाउंट में ठगी के 10 हजार रुपये ट्रांसफर हुए थे।

## पुलिस ने ज़मानत अर्ज़ियों का किया विरोध

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** दिल्ली पुलिस ने 2023 में संसद सुरक्षा उल्लंघन मामले में जमानत मांग रहे तीन आरोपियों की याचिकाओं का सोमवार को दिल्ली हाई कोर्ट में विरोध किया। पुलिस ने कहा, स्मोक कैनिस्टर में ज्वलनशील पदार्थ लेकर संसद के अंदर जाना और सांसदों के मन में 'दहशत फैलाना बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। दिल्ली पुलिस के वकील ने कहा कि मनोरंजन डी. और सागर शर्मा ऊंचे स्तर की साजिश में अहम खिलाड़ी थे। उनकी हरकतों से अफरा-तफरी मच गई, जिसे टेलीविजन पर लाइव देखा गया। जस्टिस प्रतिभा एम. सिंह और जस्टिस मधु जैन की बेंच आरोपी मनोरंजन डी. शर्मा और ललित झा की जमानत याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

पुलिस के वकील ने कहा, इन्होंने सांसदों, कर्मचारियों और टीवी देखने वालों के मन में दहशत फैलाई। आरोपियों के पास से मिले पैम्फलेट में प्रधानमंत्री को सरेआम धमकी दी गई थी। उनका इरादा सत्ता हथियाने का था। इन दलीलों के साथ पुलिस के वकील ने यह भी कहा कि ज्वलनशील पदार्थ और स्मोक कैनिस्टर का इस्तेमाल और संसद में कूदना बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

## रेवाड़ी से सॉफ्टवेयर इंजीनियर लापता

■ **NBT न्यूज, रेवाड़ी :** दिल्ली के प्रेम नगर, नांगलोई के सॉफ्टवेयर इंजीनियर रेवाड़ी में नौकरी करते हैं। परिजनों का कहना है कि अमित रेवाड़ी से लापता हो गए हैं। परिजनों के अनुसार शनिवार को अमित ने फोन पर बताया था कि वह रविवार को घर लौटेंगे, लेकिन वे लौटे नहीं और उनका फोन भी बंद आ रहा है। जानकारी के अनुसार अमित सॉफ्टवेयर इंजीनियर के तौर पर गांव करनावास में भारत पेट्रोलियम लिमिटेड डिपो में काम करते हैं। वह फिलहाल नगर के सेक्टर-3 में किराये में रह रहे थे। शनिवार को पिता हीरा लाल को फोन कर कहा था कि वह रविवार को घर आएंगे। रविवार को जब वह घर नहीं पहुंचा तो पिता ने उसके मोबाइल फोन पर संपर्क किया तो वह स्विच ऑफ मिला। मॉडल टाउन थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है**

## सफाई करते समय गंदे नाले में गिरे दो युवक

### बोट क्लब के गोताखोरों ने बचाया

■ NBT रिपोर्ट, भारत नगर

**मशीन से** नाले की सफाई करने उतरे दो युवक अचानक डूब गए। हादसे के दौरान गनीमत रही कि समय रहते गोताखोरों की मदद से उन्हें बचा लिया गया। इस संबंध में कॉल मिलने पर भारत नगर थाने की पुलिस और बोट क्लब से गोताखोर मौके पर पहुंच चुके थे।

पुलिस अफसर के मुताबिक घटना की सोमवार सुबह करीब 8:25 पर कॉल मिली थी। मालूम चला कि जेजे कॉलोनी नाले के पास इंदिरा कॉलोनी में डीयूसी मशीन से सफाई के दौरान दो युवक नाले में फंस गए हैं। कुछ ही मिनटों में गोताखोर घटनास्थल पर पहुंच गए। तब तक उनमें से एक युवक जैसे तैसे तैरकर नाले से निकल आया। जब कि दूसरा डीयूसी मशीन के ऊपर बैठा रहा। इसके बाद दूसरे युवक को वहां से रेस्क्यू करके नाले के किनारे लाया गया। दोनों युवकों में आजादपुर निवासी 20 वर्षीय अमर और गुलाबी बाग निवासी 26 वर्षीय दीपक मिश्रा के तौर पर हुई है। छानबीन में पता चला कि मशीन में गंदे नाले का पानी भर जाने की वजह से वह पलट गई। पुलिस अफसर का कहना है कि दोनों युवक बाल बाल बच गए। वरना उस समय कोहरे के कारण बड़ा हादसा हो सकता था। पुलिस का कहना है कि जिस समय यह पीसीआर कॉल मिली। वह एरिया नॉर्थ जिले के सराय रोहिल्ला थाने का था, बावजूद भारत नगर थाने की पुलिस ने उस कॉल को अटैंड किया।

**भारत नगर पुलिस और बोट क्लब ने दिखाई तत्परता**

## ब्रैंडेड कंपनी के नकली जूते बनाते थे

### क्राइम ब्रांच ने काफी तादाद में माल और मशीनें की जब्त

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**इंटरनेशनल ब्रैंड** के नकली जूते बनाने और बेचने वाले एक रैकेट का क्राइम ब्रांच ने भंडाफोड़ किया है। सोनिया विहार स्थित एक फैक्ट्री में इन्हें बनाया जा रहा था। नाइकी, एडिडास, स्केचर्स और न्यू बैलेंस जैसे ब्रैंड्स के भारी मात्रा में नकली जूते, सोल, अपर, स्टिकर और मशीनरी बरामद की गई है। फैक्ट्री मालिक संदीप सिंह (44), डिजाइनर नांगलोई से इंदु अंसारी उर्फ राजू (30) और मंडोली में असेंबल करने वाले पिंटू (40) को अरेस्ट किया गया है।

डीसीपी (क्राइम) संजीव यादव के मुताबिक, एंटी-एक्सटॉर्शन एंड किडनैपिंग सेल (AEKC) ने 28 जनवरी को सोनिया विहार थाना इलाके के चौहान पट्टी स्थित अंबे एनक्लेव में चल रही नकली जूतों की अवैध फैक्ट्री का पता चला। एसीपी पंकज अरोड़ा की देखरेख में बनी इंस्पेक्टर अमित सोलंकी और एसआई प्रवीण कुमार की टीम ने छापेमारी कर फैक्ट्री के मालिक संदीप सिंह (44) को गिरफ्तार किया। इससे बड़े पैमाने पर मशीनें और कच्चा माल जब्त किया गया।





इसके बाद नांगलोई से इंदु अंसारी उर्फ राजू को पकड़ा, जो ब्रैंडेड जूतों की डाई बनाने में सक्रिय भूमिका निभा रहा था। वह ब्रैंड्स की नकल कर डिजाइन तैयार कर संदीप को सप्लाई करता था।

**भारी तादाद में हुआ माल बरामद**


पुलिस ने तीनों आरोपियों से डिजिटल स्केच और डिजाइन से भरा एक कंप्यूटर सिस्टम, डाई काटने और बनाने की दो भारी इंडस्ट्रियल मशीनें, नकली डाई के डिजिटल डेटा वाले दो पेन ड्राइव, नाइकी के 80 जूते, 2100 सोल, 126 अपर, 100 इनसोल, 3000 स्टिकर, एडिडास के 63 जोड़ी जूते, 303 अपर, 1900 स्टिकर, स्केचर्स के 300 जोड़ी जूते, 440 सोल, 100 अपर, 6300 स्टिकर, न्यू बैलेंस के 8 जोड़ी जूते, 32 अपर के अलावा पेंटिंग मशीन, कंप्रेसर, हीटर मशीनें, अधूरे बने जूते और अन्य उपकरण जब्त किए।

NBT नवभारत टाइम्स | NBT रंगमंच Club

**स्पीकिंग ट्री रिट्रीट**

**योग गुरु सुरक्षित गोस्वामी के सान्निध्य में**

गंगा किनारे, हिमालय की गोद में आत्म अनुभव के योग, ध्यान, मौन और आध्यात्मिक जागरूकता का दिव्य संगम। चार दिवसीय इस रिट्रीट में होगा ऊर्जा, संतुलन और आंतरिक शांति का संचार। **योग गुरु सुरक्षित गोस्वामी** के मार्गदर्शन में यह यात्रा आपके जीवन को नया आयाम दे सकती है। स्वस्थ एकांत रहना और तीन वक्त का भोजन शामिल है।



■ स्थान: परमार्थ निकेतन, ऋषिकेश
■ तिथि: 27 से 30 मार्च 2026
शुल्क मात्र ₹13,000 प्रति व्यक्ति

सीटें सीमित हैं, आज ही पंजीकरण करें।
*शर्तें लागू

रजिस्ट्रेशन कराने के लिए 7003899071 पर सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे के बीच कॉल करें या अपनी डिटेल्स वट्सऐप पर भेजें।

## सोने-चांदी के 'भाव' से बाज़ार में बेचैनी

### तीन दिन से लगातार हो रही गिरावट के बाद सोमवार शाम को हल्के बढ़े दाम

Abhishek.Gautam1@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** सोने और चांदी के भाव में लगातार उतार-चढ़ाव ने जूलरी बाजार में कारोबारियों और ग्राहक, दोनों को टेंशन में डाल दिया है। बीते तीन-चार दिनों से लगातार गिरावट के बाद सोमवार शाम को सोने-चांदी के दामों में हल्की बढ़त दर्ज की गई। हालांकि अभी भी अस्थिरता बनी हुई है। इसलिए व्यापारियों का कहना है कि बाजार में खरीदारी फिलहाल वेटिंग मोड में चल रही है।

**कारोबारियों का दावा, सोने में करीब 22 और चांदी में करीब 50 प्रतिशत की गिरावट आई**



चांदनी चौक, लाजपत नगर, कृष्णा नगर, द्वारका, साउथ एक्सटेंशन समेत राजधानी के अलग-अलग जूलरी मार्केट में बेचैनी का माहौल है। वेडिंग सीजन के बीच कहीं जूलरी की दुकानों पर सन्नाटा दिखा तो कहीं हल्की भीड़ दिखी।

दी बुलियन एंड जूलर्स असोसिएशन के प्रेसिडेंट योगेश सिंघल ने बताया कि चार दिन पहले सोना-चांदी का रेट ऑल टाइम हाई पर रहा। स्थिति यह रही कि चांदी रेकॉर्ड तोड़ चार लाख रुपये का आंकड़ा पार कर दिया था जबकि सोने का प्रति 10 ग्राम कीमत 2 लाख के पास पहुंच गया था। इसकी वजह से लोगों ने इंवेस्टमेंट के लिए चांदी की खरीदारी की, लेकिन पिछले तीन दिनों से लगातार कीमतों में आ रही गिरावट ने खरीदारों की धड़कनें बढ़ा दी है। योगेश के मुताबिक, सोने की कीमत में 22 प्रतिशत की जबकि चांदी की कीमत में करीब 50 प्रतिशत की गिरावट आई है। इससे कारोबारी और ग्राहकों में बेचैनी का माहौल है।

दरीबा कला के कारोबारी तरुण गुप्ता ने बताया कि सोने चांदी की बढ़ी महंगाई की वजह से ग्राहक जूलरी के बजाए सिक्कों पर ज्यादा फोकस कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि ईटीएफ की वजह से सोने चांदी की कीमतें बढ़ रही हैं। ऐसे में सरकार से मांग है कि इसे बंद किया जाना चाहिए जिससे आम लोगों को इस महंगाई से राहत मिल सके।

## जूलरी चोरी में मेड MP से गिरफ्तार

■ **NBT न्यूज, द्वारका :** एक सोसायटी के फ्लैट से लाखों की गोल्ड जूलरी चोरी करने वाली एक मेड को मध्य प्रदेश के दमोह से गिरफ्तार किया है। उसके पास से काफी मात्रा में गोल्ड की जूलरी बरामद की गई है। डीसीपी द्वारका अंकित सिंह के अनुसार 22 जनवरी को एक फ्लैट से गोल्ड जूलरी चोरी की शिकायत पुलिस को मिली थी। पुलिस ने मामला दर्ज करके छानबीन शुरू की। पता चला घर में काम करने वाली नौकरानी वारदात को अंजाम देकर फरार हो गई।

पुलिस जब उसके किराए के कमरे पर पहुंची तो वहां पर भी वह नहीं मिली। टेक्निकल सर्विलांस की मदद से एसआई कर्मवीर की टीम ने मध्य प्रदेश के दमोह स्थित एक गांव में छापा मारकर वहां की पुलिस की मदद से मेड को गिरफ्तार किया।

## नैशनल बॉक्सिंग टीम में पहुंची प्राची

■ **NBT न्यूज, झज्जर :** जिले की मुक्केबाज प्राची धाहर का भारतीय टीम में चयन हुआ है। यह चयन 19 से 23 जनवरी के बीच पुणे में आयोजित ट्रायल्स में हुआ। अब प्राची थाईलैंड में यूथ वर्ल्ड बॉक्सिंग प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। कोच हितेश देशवाल ने बताया कि प्राची की यह सफलता उसकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास का परिणाम है। हरियाणा मुक्केबाजी संघ के अध्यक्ष मेजर सतपाल संधू और महासचिव ओम्बीर हुड्डा ने प्राची को बधाई दी।

**हुई विशाल सभा**

## जैन जनगणना जागृति अभियान का शुभारंभ

■ NBT न्यूज, नई दिल्ली

**भारतवर्षीय दिगंबर** जैन महासभा के तत्वावधान व आचार्य श्री प्रज्ञसागरजी के सान्निध्य में एनडीएमसी सभागार में जैन समाज के चारों सम्प्रदायों की विशाल सभा में आगामी जनगणना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए जैन समाज को जनगणना में जैन लिखाने का आह्वान किया गया। सभा में आचार्य श्री के अलावा अमित मुनि, अमित मुनि महासभाध्यक्ष गजराज जैन गंगवाल, पवन गोधा, ललित सरावगी, सुभाष ओसवाल, सुखमाल सेठिया, राजीव जैन, नरेश आनंद, हेमप्रभु जैन, पुनीत जैन आदि ने विचार व्यक्त किए।

**सत्संग:** हनुमान मंदिर लिंक रोड, करोल बाग में सत्संग के समय श्रीमहंत ओमगिरि महाराज ने कहा कि सत्संग से सभी सांसारिक बाधाएं मिट जाती हैं। यदि कोई सत्संग में जाकर सत्संग की बूटी सूंघ ले तो उसकी सभी चिन्ताएं दूर हो जाती हैं।

**ध्यान साधना:** ब्रह्माकुमारीज के मेंडावली सेवा केंद्र में ध्यान साधना के मौके पर राजयोगिनी बहन सुनीता ने कहा कि बाबा हर बच्चे में उसके गुणों को देखकर उसमें उत्साह और खुशी भर देते हैं और उनके गुणों को सेवा में लगाकर उनका कल्याण कर देते हैं।

**सत्संग:** शिव नवग्रह मंदिर धाम चांदनी चौक में सत्संग के समय महंत शिव शंकर महाराज ने कहा कि जो व्यक्ति कर्ता भाव का त्याग कर देता है समझ लो, उसने विनम्रता को प्राप्त कर लिया है।

www.delhi.nbt.in NBT स्पीकिंग ट्री धर्म कर्म
। नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली/ एनसीआर। मंगलवार, 3 फरवरी 2026

# महाशिवरात्रि: औघड़ महादानी शिव की महिमा

■ आचार्य कृष्णदत्त शर्मा



'शंकर' शब्द का निहितार्थ ही मंगलकारी सत्ता है, जिनका एकमात्र उद्देश्य संपूर्ण सृष्टि का शुभ करना है। जिस प्रकार समाज में दानियों द्वारा अन्न के भंडारे संचालित किए जाते हैं, ठीक उसी भांति महादेव ने काशी नगरी को मोक्ष प्रदान करने वाले दिव्य केंद्र के रूप में प्रतिष्ठित किया है। गोस्वामी जी महाराज कहते हैं—

*मुक्ति जन्म महि जानि ग्यान खानि अघ हानि कर।*
*जहँ बस संभु भवानि सो कासी सेइअ कस न।।*
*(मानस 4/1 सो॰)*

शास्त्रों में भी आता है—'काशीमरणान्मुक्तिः'। काशी को 'वाराणसी' भी कहते हैं। 'वरुणा' और 'असी'—दोनों नदियां गंगाजी में आकर मिलती हैं, इनके बीच का क्षेत्र 'वाराणसी' कहलाता है। इस क्षेत्र में मरने वाले की मुक्ति हो जाती है।

अक्सर यह जिज्ञासा उत्पन्न होती है कि काशी में प्राण त्यागने वाले व्यक्तियों के पूर्व संचित पापों का निवारण किस प्रकार होता है? इसका समाधान यह है कि काशी में देह त्यागने वाले पापी को मोक्ष प्राप्ति से पूर्व 'भैरवी यातना' के कष्टकारी दौर से गुजरना पड़ता है। यद्यपि यह यातना अत्यधिक तीव्र और दंडात्मक होती है, किंतु यह अल्प समय में ही समस्त दुष्कर्मों को नष्ट कर देती है। विशेष तथ्य यह है कि काशी के केदारखंड क्षेत्र में शरीर त्यागने वालों को इस कठोर दंड को भी सहन नहीं करना पड़ता है।

सालग्राम जी ने कहा है—

काशी में मरने वालों के दाएं कान में भगवान शंकर 'तारक मंत्र'—'राम' नाम सुनाते हैं, जिससे उनकी मुक्ति हो जाती है। अध्यात्म रामायण में शंकर जी कहते हैं—

*अहं भवन्नाम गृणन् कृतार्थो*
*वसामि काश्यामनिशं भवान्या।*
*मुमूर्षमाणस्य विमुक्तयेऽहं*
*दिशामि मन्त्रं तव राम नाम।।*
*(युद्ध॰ 15/62)*

'हे प्रभो! आपके नामोच्चारण से कृतार्थ होकर मैं दिन-रात पार्वती के साथ वहां रहता हूं और वहां मरणासन्न मनुष्यों को उनके मोक्ष के लिए आपके तारण-मंत्र 'राम' नाम का उपदेश देता हूं'।

गोस्वामी जी कहते हैं—

*महामंत्र जोइ जपत महेसू। कासीं मुकुति हेतु उपदेसू।।*
*(मानस 1/19/2)*

भगवान शंकर का राम-नाम पर बहुत स्नेह है। एक बार कुछ लोग एक मुर्दे को श्मशान ले जा रहे थे और 'राम-नाम सत्य है' ऐसा बोल रहे थे। शंकर जी ने राम-नाम सुना तो वे भी उनके साथ हो गए। जैसे पैसों की बात सुनकर लोभी आदमी उधर खिंच जाता है, वैसे ही राम-नाम सुनकर शंकर जी का मन भी उन लोगों की ओर खिंच गया। अब लोगों ने मुर्दे को श्मशान में ले जाकर जला दिया और वहां से लौटने लगे। शंकर जी ने देखा तो विचार किया कि क्या बात है? अब कोई आदमी राम-नाम ले नहीं रहा है। उनके मन में आया कि उस मुर्दे में ही कोई करामात थी, जिसके कारण ये सब लोग राम-नाम ले रहे थे। अतः उसी के पास जाना चाहिए। शंकर जी ने श्मशान में जाकर देखा कि वह तो जलकर राख हो गया है। अतः शंकर जी ने उस मुर्दे की राख अपने शरीर में लगा ली और वहीं रहने लगे। राख और मसान—दोनों के पहले अक्षर लेने से 'राम' हो जाता है। एक कवि ने कहा है—

*रुचिर रकार बिन तज दी सती सी नार,*
*कीनी नाहिं रति रुद पायके कलेश को।*
*गिरिजा भई है पुनि तप से अपर्णा तबे,*
*कीनी अर्धंग प्यारी लागी गिरिजेश को।।*
*विष्णुपदी गंगा तउ धूर्जटी धरि न सीस,*
*भागीरथी भई तब धारी है अशेष को।*
*बार-बार करत रकार व मकार ध्वनि,*
*पूरण है प्यार राम-नाम पे महेश को।।*

सती के नाम में 'र' कार अथवा 'म' कार नहीं है, इसलिए शंकर जी ने सती का त्याग कर दिया। जब सती ने हिमाचल के यहां जन्म लिया, तब उनका नाम गिरिजा (पार्वती) हो गया। 'इतने पर भी शंकर जी मुझे स्वीकार करेंगे या नहीं'—ऐसा सोचकर पार्वती जी तपस्या करने लगीं। जब उन्होंने सूखे पत्ते भी खाने छोड़ दिए, तब उनका नाम 'अपर्णा' हो गया। गिरिजा और अपर्णा—दोनों नामों में 'र' कार आ गया तो शंकर जी इतने प्रसन्न हुए कि उन्होंने पार्वती जी को अपनी अर्धांगिनी बना लिया। इसी तरह शंकर जी ने गंगा को स्वीकार नहीं किया, परन्तु जब गंगा का नाम 'भागीरथी' पड़ गया, तब शंकर जी ने उनको अपनी जटा में धारण कर लिया। अतः भगवान शंकर का राम-नाम में विशेष प्रेम है। वे दिन-रात राम-नाम का जप करते रहते हैं—

*तुम्ह पुनि राम राम दिन राती। सादर जपहु अनँग आराती।।*
*(मानस 1/108/4)*

केवल दुनिया के कल्याण के लिए ही वे राम-नाम का जप करते हैं, अपने लिए नहीं।

शंकर के हृदय में विष्णु का और विष्णु के हृदय में शंकर का बहुत अधिक स्नेह है। शिव तामसमूर्ति हैं और विष्णु सत्त्वमूर्ति हैं, पर एक-दूसरे का ध्यान करने से शिव श्वेतवर्ण के और विष्णु श्यामवर्ण के हो गए। वैष्णवों का तिलक (ऊर्ध्वपुण्ड्र) त्रिशूल का रूप है और शैवों का तिलक (त्रिपुण्ड्र) धनुष का रूप है। अतः शिव और विष्णु में भेद-बुद्धि नहीं होनी चाहिए।

## महाशिवरात्रि 15 को

पंडित दयाशंकर पराशर कहते हैं कि हर महीने की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को मासिक शिवरात्रि मनाते हैं लेकिन फाल्गुन कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को महा शिवरात्रि के नाम से जाना जाता है। इसी दिन भगवान शिव की शादी हुई है, जिससे इसका महत्व बहुत ज्यादा है और शिव गण इसे वैवाहिक वर्षगांठ के रूप में मनाते हैं। इस दिन शिव बारात भी निकाली जाती है।

15 फरवरी को सुबह त्रयोदशी है, जो शाम 5:48 बजे तक रहेगी। इसके बाद चतुर्दशी शुरू होगी। नियम यह है कि जिस दिन मध्य रात्रि को चतुर्दशी हो, उसी दिन शिवरात्रि मनाई जाती है। इसलिए 15 को ही शिवरात्रि होगी। इस दिन भगवान शिव की चार पहर की पूजा होती है, जो रात्रि तक चलती रहती है।


## सत्संग



डॉ. सुरक्षित गोस्वामी
योग गुरु

## आनंद की ओर: बौद्ध मार्ग और वेदांत का संगम

AI Image



बौद्ध धर्म में कहा गया है कि यह संसार दुःख से भरा हुआ है। जीवन में जो कुछ भी हमें मिलता है, वह स्थायी नहीं होता। जो आज सुख देता है, वही कल दुःख का कारण भी बन सकता है। इसका मुख्य कारण मन की तृष्णा और आसक्ति है। जब हम चीजों, लोगों और परिस्थितियों से बहुत अधिक जुड़ जाते हैं, तो उनके बदलने या छिन जाने पर हमें दुःख होता है। बौद्ध धर्म मानता है कि यदि व्यक्ति चाहे, तो इस दुःख से बाहर निकल सकता है। इसके लिए मध्यम मार्ग अपनाने की बात कही गई है, यानी न बहुत अधिक भोग करना और न ही बहुत कठोर तप करना, बल्कि संतुलित और सजग जीवन जीना।

बौद्ध परंपरा में संन्यास का अर्थ है सांसारिक बंधनों को छोड़कर ध्यान और साधना की ओर बढ़ना। जब व्यक्ति उन कारणों को छोड़ देता है, जिनसे दुःख पैदा होता है, तो उसके मन में शांति आती है। लेकिन कई बार ऐसा भी होता है कि व्यक्ति हर जगह केवल दुःख ही देखने लगता है। उसे धन, परिवार, पद और सम्मान में भी दुःख दिखाई देने लगता है। जबकि वास्तव में त्याग चीजों का नहीं, बल्कि उनसे जुड़ी आसक्ति का होना चाहिए।

वेदांत और योग परंपरा भी यह मानती है कि संसार बदलने वाला है, लेकिन वहां दुःख को केंद्र में नहीं रखा गया है। वेदांत का मुख्य उद्देश्य है कि व्यक्ति अपने भीतर की आत्मा को पहचाने। जब मन अपने अंदर स्थिर हो जाता है, तो बाहर की परेशानियां कम असर डालती हैं। इस तरह कहा जा सकता है कि वेदांत आत्मा को जानने का मार्ग है, और बौद्ध धर्म दुःख से मुक्त होने का मार्ग है।


हिंदू धर्म में संन्यास का मतलब केवल घर-बार छोड़ देना नहीं है। यहां संन्यास का अर्थ है कर्म करते हुए भी उनके फल से जुड़ाव न रखना। व्यक्ति परिवार और समाज में रहते हुए भी भीतर से स्वतंत्र रह सकता है। श्रीकृष्ण, राम और राजा जनक इसके अच्छे उदाहरण हैं। राजा जनक ऐसे राजा थे, जिनके पास सब कुछ था, फिर भी उनका मन शांत और मुक्त था।

बौद्ध और हिंदू दोनों ही मार्ग अपने-अपने स्थान पर सही और उपयोगी हैं। अंत में उद्देश्य यही है कि मनुष्य दुःख से ऊपर उठे और अपने जीवन को आनंद, उत्साह और शांति से भर दे। जीवन केवल सहने के लिए नहीं है, बल्कि प्रेम, जागरूकता और खुशी के साथ जीने के लिए है।

**ऐसे भेजें अपने सवाल**

आपके भी मन में है धर्म-कर्म से संबंधित कोई सवाल, कोई उलझन, जिसका चाहते हैं जवाब तो हमें nbtreader@timesofindia.com पर लिखकर भेजें। अपने नाम, शहर/गांव का भी जिक्र करें। सब्जेक्ट में 'Dharma Karma' लिखें।

## ई-मेल करें मंदिर वाली सेल्फी



अभिषेक ने तुंगनाथ महादेव मंदिर से भेजी अपनी यह खास तस्वीर

**ऐसे भेजें अपनी सेल्फी**

nbtreader@timesofindia.com पर अपने और शहर/गांव के नाम के साथ सब्जेक्ट करें। मंदिर के बारे में भी जरूर लिखें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम अगले अंक में छापेंगे। सब्जेक्ट में लिखें- Dharma Karma Selfie

## सप्ताह के व्रत और त्योहार

डॉ. अश्विनी शास्त्री

(3 फरवरी से 9 फरवरी 2026 तक)

*इस सप्ताह के बारे में विशेष: वर्तमान सप्ताह का शुभारंभ फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की द्वितीया तिथि को मघा नक्षत्र और शोभनक योग के शुभ संयोग में हो रहा है। यह सप्ताह धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस सप्ताह संकष्ट चतुर्थी, यशोदा जयंती, भानु सप्तमी, शबरी जयंती, जानकी जयंती, कालाष्टमी तथा मासिक जन्माष्टमी जैसे प्रमुख व्रत और पर्व श्रद्धा और विधि-विधान के साथ मनाए जाएंगे।*

## आस्था का उत्सव: संकष्ट चतुर्थी से जानकी जयंती तक

### ■ संकष्ट चतुर्थी

(5 फरवरी, गुरुवार)



हिंदू पंचांग में संकष्ट चतुर्थी का विशेष महत्व है। यह तिथि भगवान गणेश को समर्पित मानी जाती है, जिन्हें विघ्नहर्ता और प्रथम पूज्य कहा गया है। मान्यता है कि इस दिन श्रद्धापूर्वक व्रत और पूजा करने से जीवन के संकट, बाधाएं और मानसिक उलझनें दूर होती हैं। संकष्ट अर्थात कष्टों से घिरा हुआ और चतुर्थी वह तिथि है, जब गणपति अपने भक्तों को इन कष्टों से मुक्त करते हैं। पौराणिक कथाओं के अनुसार, चंद्रमा के अभिमान के कारण जब उन्हें गणेशजी के शाप का सामना करना पड़ा, तब चतुर्थी का व्रत ही उनकी मुक्ति का कारण बना। तभी से यह व्रत संकट निवारण का प्रतीक बन गया।

### ■ यशोदा जयंती

(7 फरवरी, शनिवार)

यशोदा जयंती भारतीय सनातन परंपरा में मातृत्व, वात्सल्य और निस्वार्थ प्रेम के आदर्श स्वरूप का पर्व है। यह जयंती केवल नंदगोप की पत्नी यशोदा का स्मरण ही नहीं, बल्कि उस भावना का उत्सव है जिसमें ईश्वर भी बालक बनकर माता की गोद में स्वयं को सुरक्षित अनुभव करता है।

### ■ भानु सप्तमी

(8 फरवरी, रविवार)

भानु सप्तमी सूर्यदेव को समर्पित एक विशेष तिथि है। हिंदू धर्म में सूर्य को प्रत्यक्ष देवता माना गया है, जो जीवन, ऊर्जा और स्वास्थ्य के मूल स्रोत हैं। भानु सप्तमी का व्रत विशेष रूप से रोगों से मुक्ति, तेजस्विता और दीर्घायु के लिए किया जाता है। शास्त्रों में कहा गया है कि सूर्य केवल ग्रह नहीं, बल्कि चेतना का केंद्र हैं।

### ■ कालाष्टमी

(9 फरवरी, सोमवार)

कालाष्टमी भगवान कालभैरव को समर्पित तिथि है, जिन्हें शिव का उग्र और रक्षक स्वरूप माना जाता है। पौराणिक कथाओं में वर्णन आता है कि ब्रह्मा के अहंकार को समाप्त करने के लिए शिव ने भैरव रूप धारण किया। तभी से कालभैरव को अहंकारनाशक और मर्यादा रक्षक माना गया।

### ■ शबरी जयंती (8 फरवरी, रविवार)

शबरी जयंती भक्तिभाव की उस परंपरा का स्मरण है, जहां जाति, विद्या या वैभव नहीं, केवल निष्कपट प्रेम ही ईश्वर तक पहुंचने का मार्ग है। शबरी रामायण की वह अमर पात्र हैं, जिन्होंने अपने तप और प्रतीक्षा से स्वयं भगवान राम को अपने आश्रम में आमंत्रित किया। वनवासी शबरी वर्षों तक राम के आगमन की प्रतीक्षा करती रहीं।

### ■ जानकी जयंती (9 फरवरी, सोमवार)

जानकी जयंती माता सीता के प्राकट्य का पर्व है। राजा जनक को हल चलाते समय धरती से सीता का प्राकट्य हुआ। इसीलिए वे भूमिजा और अयोनिजा भी कही जाती है। वनवास, अपहरण, अग्नि परीक्षा और अंततः धरती में समा जाना, सीता का जीवन संघर्षों की श्रृंखला है, किंतु कहीं भी उन्होंने धर्म और मर्यादा का मार्ग नहीं छोड़ा।

### ■ मासिक जन्माष्टमी

(9 फरवरी, सोमवार)

मासिक जन्माष्टमी भगवान श्रीकृष्ण की नियमित उपासना का पर्व है। यह तिथि स्मरण कराती है कि कृष्ण केवल एक दिन या पर्व तक सीमित नहीं, बल्कि जीवन दर्शन हैं। उनके उपदेश हर रूप मानव जीवन को दिशा देते हैं। मासिक जन्माष्टमी का व्रत संतान सुख, मानसिक शांति और धर्म-बुद्धि के लिए किया जाता है।

# पिकअप की टक्कर से ऑटो चालक की मौत

■ NBT न्यूज, रेवाड़ी


AI Image



दिल्ली रोड पर मसानी गांव के पास पिकअप और ऑटो की टक्कर हो गई थी। हादसे में ऑटो चालक प्रवीण (38) की दोनों आंखों की रोशनी चली गई। हादसा करीब एक महीने पहले हुआ था, लेकिन पुलिस ने अब मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार गांव जड़थल निवासी प्रवीण ऑटो लेकर धारूहेड़ा की ओर गए थे। लौटते हुए गांव मसानी के पास एक तेज रफ्तार पिकअप ने ऑटो में टक्कर मार दी। हादसे में प्रवीण के सिर में गहरी चोट आई। इलाज के दौरान पता चला कि उनकी दोनों आंखों की रोशनी चली गई है। इलाज के लिए रोहतक रेफर किया गया है।


प्रवीण के चाचा राजेंद्र ने आरोप लगाया कि वह पिकअप चालक के खिलाफ केस दर्ज करवाने के लिए थाना धारूहेड़ा के चक्कर लगाते रहे। लेकिन पुलिस ने समय पर कार्रवाई नहीं की। एक महीने बाद अब चालक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। प्रवीण की पत्नी उन्हें छोड़कर जा चुकी है और उनकी कोई संतान नहीं है।

# ओलिंपियन पहलवान दीपक आज करेंगे विवाह



■ NBT न्यूज, झज्जर: ओलिंपिक खेल चुके पहलवान दीपक पूनिया आज विवाह कर रहे हैं। निलोठी निवासी शिवानी के साथ उनका विवाह बहादुरगढ़ में होगा। कार्यक्रम में राजनीति और खेल जगत की कई हस्तियों को आमंत्रित किया गया है। परिजनों से मिली जानकारी अनुसार दीपक व शिवानी के पिता दोस्त हैं। दोनों की सगाई 28 सितंबर 2025 को हुई थी। सोमवार को झज्जर जिला मुख्यालय पर लग्न समारोह किया गया। भोज में विशेष तौर चूरमा बनवाया गया और पांच क्विंटल देसी घी से पकवान तैयार कराए गए थे। दीपक के कोच विरेन्द्र छारा और खाप प्रतिनिधि भी लग्न समारोह में पहुंचे। शिवानी ने रोहतक के जाट कॉलेज से इंग्लिश ऑनर्स से एमए किया है। इसके अलावा उन्होंने बीएड की है।

## गुमशुदा की तलाश



विशाल

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका नाम **विशाल, पुत्र ओम प्रकाश, पता: एबी-43, अमरपुरी, नबी करीम, दिल्ली जोकि दिनांक 15.01.2026 को दोपहर करीब 12:00 बजे अपने घर से गुमशुदा है। इस सन्दर्भ में DD No. 50 A, दिनांक 29.01.2026** पुलिस थाना नबी करीम, दिल्ली में रिपोर्ट दर्ज है। नीचे गुमशुदा व्यक्ति की पहचान दी गई है:

नाम: विशाल, उम्र: 20 वर्ष, कद: 5'3", रंग: गोरा, चेहरा: लंबा, बनावट: पतला, पहनावा: काले रंग की जैकेट, काले रंग की पैंट और पैरों में काले रंग की चप्पल।

अगर किसी को इस गुमशुदा व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले कृप्या पुलिस थाना नबी करीम, दिल्ली को सूचित करने की कृपा करें।

वेबसाइट: http://cbi.nic.in, ई-मेल: cic@cbi.gov.in

फोन: 011-24368638 / 24368641, फैक्स: 011-24368639

थाना प्रभारी
पुलिस थाना नबी करीम, दिल्ली
फोन: 8750870428, 9910130100

DP/1336/CD/2026

## ओएनजीसी ONGC

ऑयल एण्ड नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन लिमिटेड Oil and Natural Gas Corporation Ltd.

**अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई)**

**ओएनजीसी के तकनीकी दिशा-निर्देश और आवश्यकताओं के अनुरूप इलेक्ट्रिक रेजिस्टेंस वेल्डेड (ईआरडब्ल्यू) स्टील केसिंग पाइप्स की आपूर्ति हेतु स्वदेशी निर्माताओं की पहचान**

ओएनजीसी एतद्द्वारा निम्नलिखित से **अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई)** आमंत्रित करता है:

i) 13-3/8" और 9-5/8" ईआरडब्ल्यू स्टील केसिंग पाइप्स की आपूर्ति हेतु प्रतिष्ठित, तकनीकी सक्षम और अनुभवी स्वदेशी निर्माता

अथवा

ii) स्वदेशी विक्रेता, जो ओएनजीसी के विक्रेता विकास कार्यक्रम के तहत 13-3/8" और 9-5/8" ईआरडब्ल्यू स्टील केसिंग पाइप विकसित करने के इच्छुक हैं।

विस्तृत ईओआई दस्तावेज और जमा करने हेतु दिशानिर्देश ओएनजीसी की वेबसाइट्स : **https://ongcindia.com** और **https://tenders.ongc.co.in** पर उपलब्ध हैं।

इच्छुक पार्टियों अथवा विक्रेताओं से अनुरोध है कि वे यह अधिसूचना प्रकाशित होने से 21 दिनों के अंदर अपनी ईओआई हेड माइंड (**MIND**), ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन, दीनदयाल ऊर्जा भवन, 5-ए, नेल्सन मंडेला मार्ग, वसंत कुंज, नई दिल्ली 110070 को **sanghi_sanjiv@ongc.co.in** और **mishra_sb@ongc.co.in** पर ईमेल के माध्यम से जमा करें।

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी मोहम्मद चांद,** पुत्र मुन्ना पता: 17/8, झुग्गी वाली रोड, जगमल एन्क्लेव रोशन नगर पार्ट-1 फरीदाबाद, हरियाणा **FIR No. 29/2014, U/s: 392/411/34 IPC, Dt. 08.01.2014 पुलिस थाना: गोविन्दपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोहम्मद चांद,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोहम्मद चांद,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **मोहम्मद चांद, FIR No. 29/2014, U/s: 392/411/34 IPC, Dt. 08.01.2014 पुलिस थाना: गोविन्दपुरी, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.05.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
देवांशी जन्मेजा
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-04
दक्षिण पूर्व जिला, कोर्ट नंबर 10
साकेत कोर्ट परिसर, नई दिल्ली

DP/1313/SE/2026
(Court Matter)

## पहचान की अपील



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह व्यक्ति जिसका **नाम:** नामालूम, **पुत्र:** नामालूम, **पता:** नामालूम, **लिंग:** पुरुष, **उम्र:** 40-45 साल, **कद:** 5फीट 4इंच, **रंग:** गेहुँआ, **शरीर:** पतला, **चेहरा:** लम्बा, **पहनावा:** गुलाबी रंग की शर्ट, नीले रंग की जैकेट और सलेटी रंग की चैकदार पैंट पहने है, **बरामदी स्थल:** भारत पैट्रोल पम्प पार्क, खन्ना मार्किट, तीस हजारी, दिल्ली में दिनांक 30.01.2026 को मृत पाया गया। इस संदर्भ में **DD No. 23A, दिनांक : 30.01.2026,** थाना: सब्जी मण्डी, नई दिल्ली में दर्ज है। पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस व्यक्ति की पहचान के बारे में कोई जानकारी नही मिल पायी है। यदि किसी भी व्यक्ति को इस व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

थाना प्रभारी
थाना : सब्जी मण्डी, दिल्ली
फोन : 8750870126

DP/1399/N/2026

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा


**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अर्जुन उर्फ भांगी,** पुत्र स्व. जिया लाल, **पता:** झुग्गी नं.बी-310, नेहरु कैंप, गोविंदपुरी, नई दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 651/2020 U/s 392/394/411/34 IPC,** थाना: **गोविंद पुरी, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अर्जुन उर्फ भांगी** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अर्जुन उर्फ भांगी** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 651/2020 U/s 392/394/411/34 IPC,** थाना: **गोविंद पुरी, नई दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अर्जुन उर्फ भांगी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **13.04.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री देवांशी जनमेजा
न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी-04
कमरा नं. 10, साकेत कोर्ट, नई दिल्ली

DP/1314/SE/2026
(Court Matter)

## गुमशुदा/अपहृत की तलाश



किशन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका **नाम: किशन कुमार पुत्र:** राम बिलाश दास **पता:** मकान नं. के-62 जेजे कॉलोनी वजीरपुर, **दिल्ली** जो दिनांक 20.01.2026 को शाम 06:00 बजे से अपने घर से लापता/अपहृत है। इस बाबत **DD No: 0042A, Dt. 23.01.2026, थाना:** भारत नगर, **दिल्ली** में दर्ज है। इसका शारीरिक ब्यौरा इस प्रकार से है:

उम्र: 28 वर्ष, कद: 5'0" चेहरा: गोल, **शरीर:** पतला, रंग: सांवला; **पहनावा:** हरे रंग का स्वेटर, काले रंग की पैंट और पैरों में चप्पल पहने हुए है। स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस लापता व्यक्ति के बारे में कुछ मालूम नहीं हो पाया है। अगर किसी को भी इस लापता व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित पर सूचित करें।

फोन: **011-24368638, 24368641**
वेबसाईट: **http://cbi.nic.in**
ई-मेल: **cic@cbi.gov.in**
फैक्स: **011-24368639**

थानाध्यक्ष
थाना: भारत नगर, दिल्ली
फोन: **8750870222, 011-27008600**

DP/1201/NW/2026

## इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड

इरकॉन IRCON

वेबसाइट : www.ircon.org, CIN - L45203DL1976GOI008171

ईओआई सूचना

ईओआई सं.: IRCON/CO/S&T/BD/ECoR-Kavach-Towers/EOI/2026 दिनांक: 30.01.2026

[illegible]

ईओआई की ई-निविदा जमा करने की अंतिम तिथि और समय: 12.02.2026 को 11:00 बजे (आईएसटी)

अधिक जानकारी एवं अपडेट के लिए कृपया ई-टेंडर वेबसाइट https://etenders.gov.in/eprocure/app एवं https://www.ireps.gov.in/epsn/anonymSearch.do पर निविदा पत्र देखें। [illegible]

## आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड

(आरईसी लिमिटेड के पूर्ण स्वामित्व की सहायक कंपनी)

[illegible]

## विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी उच्च अध्ययन संस्थान

(विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार के तहत एक स्वशासी संस्थान)

विज्ञान पथ, पश्चिम बड़गाँव, गड़चुक, गुवाहाटी- 781035, असम, भारत

विज्ञापन संख्या : 579(NIQ) दिनांक : 02/02/2026

**निविदा आमंत्रण सूचना (एन.आई. क्यू.) विज्ञापन (एनआईक्यू)**

आईएएसएसटी एटॉमिक फोर्स माइक्रोस्कोप (एएफएम) की आपूर्ति के लिए प्रतिष्ठित निर्माता/अधिकृत वितरकों/डीलरों से सीलबंद निविदाएं आमंत्रित करता है। अधिक जानकारी के लिए कृपया https://iasst.gov.in/ पर प्रकाशित विस्तृत विज्ञापन देखें।

रजिस्ट्रार, आईएएसएसटी

## पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि०

अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल-तृतीय, बुलन्दशहर।

**ई-निविदा सूचना दिनांक: 02.02.2026**

**निविदा सं० एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण**

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना-

1. 74/EDC-III/B/2025-26, वि०वि०ख०-जहांगीराबाद के कार्यक्षेत्र में आपातकालीन स्थिति में क्षतिग्रस्त पी०सी०सी०/एस०टी०पी० पोलों को सीधा कर विद्युत व्यवस्था सुचारू करने का कार्य।
प्रपत्र शुल्क- रू० 1180, धरोहर राशि-रू० 6000।

2. 75/EDC-III/B/2025-26, वि०परी० खं०-तृतीय, बुलन्दशहर के द्वारा वि०वि०ख० जहांगीराबाद के कार्यक्षेत्र में वी०सी०बी० कन्ट्रोल पैनल की क्षतिग्रस्त ट्रिपिंग रिले, वायरिंग, मास्टर रिले, मरम्मत कर स्थापित करने का कार्य।
प्रपत्र शुल्क- रू० 1180, धरोहर राशि-रू० 3000।

ई-निविदा की अन्तिम तिथि : 17.02.2026, 11:00 बजे

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाईट- http://www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाएँ वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जायेगी। RO 2310 Dt 02.02.2026

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 03-02-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP5 User: cci Time: 02-02-2026 22:32 Color:



# 'करदाताओं की मदद करेंगे, टैक्स बेस बढ़ाएंगे'

*वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आम बजट पेश करने के अगले दिन NBT से बात की। अखिलेश प्रताप सिंह को दिए इंटरव्यू में कहा कि बजट में हायर एजुकेशन और आंत्रप्रेन्योरशिप पर जोर दिया गया है, जिससे युवाओं को आगे बढ़ने में मदद मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार का फोकस टैक्सपेयर्स की मदद करने और टैक्स बेस बढ़ाने पर है। पेश है इसके मुख्य अंश:*

NBT INTERVIEW



## कहा, बजट अनुमान हकीकत के करीब

**सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड पर ओरिजिनल सोच यही थी कि सरकार बॉन्ड जारी करे और खरीदने वाले मैच्योरिटी तक होल्ड करें। हम चाहते थे कि लोग बाय एंड सेल न करें, इनवेस्ट करें और टिके रहें।**

**दुनिया में गोल्ड के भाव कई वजहों से बढ़ रहे हैं। शायद इसलिए भी कि किसी एक करेंसी पर लोगों को भरोसा नहीं हो पा रहा है। हालांकि जो लोग गोल्ड में निवेश करना चाहते हैं, यह उनका अपना फैसला है। सरकार इसमें कुछ नहीं करने जा रही।**

**Q आपने इस बार के बजट को युवा शक्ति बजट कहा। क्या आइडिया रहा?**

- विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग में पीएम मोदी ने भाग लिया था। वहां बहुत आइडिया सामने आए। एजुकेशन, स्किलिंग और आंत्रप्रेन्योरशिप पर हाई लेवल स्टैंडिंग कमिटी काम करेगी। यह कोई आम कमेटी नहीं होगी। यह लगातार नजर बनाए रखेगी और गाइडेंस देती रहेगी। इसके पीछे सोच यह है कि एजुकेशन पूरी होने से पहले युवाओं को काफी कौशल सीखने का मौका मिलेगा, जिससे बाहर आकर वे अगर छोटे-बड़े स्तर पर आंत्रप्रेन्योर बनना चाहते हैं, तो वह रास्ता हम खोलना चाहते हैं। इसमें एजुकेशन और स्किलिंग सहित तीन-चार मंत्रालय मिलकर काम करेंगे। ग्रामीण इलाकों में आज लखपति दीदियों के उदाहरण हैं। सेल्फ हेल्प ग्रुप से आंत्रप्रेन्योरशिप का रास्ता उनके लिए खोल रहे हैं। उनके प्रोडक्ट के लिए SHE-मार्ट बनाएंगे।

**Q ऑरेंज इकॉनमी के तहत कंटेंट क्रिएटर लैब्स बात हुई है, इसमें क्या खास है?**

- इसमें एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, कॉमिक्स और गेमिंग पर फोकस है क्योंकि यह इंडस्ट्री तेजी से बढ़ रही है। जापान के घिबली स्टूडियो का उदाहरण हमारे सामने है। वे आर्टिफिशल इंटेलिजेंस के जरिए नहीं, हाथ से बनाई गई तस्वीरों को टेक्नॉलजी से मिलाकर रामायण बनाकर जापानीज वर्जन हमें दे रहे हैं, तो हम क्यों नहीं बना पाएंगे? इसके लिए फोर्स चाहिए। इसलिए युवाओं को तैयार करने के लिए इस दिशा में कदम उठाया जाएगा। कंटेंट क्रिएटर इसके लिए सटीक शब्द नहीं है। कंटेंट से ज्यादा इसमें स्किल्स की बात है।

**Q आपने इंडस्ट्रियल लॉजिस्टिक्स सेंटर्स के करीब 5 यूनिवर्सिटी कॉम्प्लेक्स बनाने की बात की है। इसकी वर्कफोर्स को काम मिले, क्या इसकी कोई जिम्मेदारी भी इंडस्ट्री पर तय की जाएगी?**

-स्किलिंग का काम केवल सरकारी स्तर पर नहीं हो सकता। इंडस्ट्री की जरूरतें लगातार बदलती जा रही हैं। कुछ इंडस्ट्री टेक्नॉलजी फ्रेंडली हैं, कुछ इतनी फ्रेंडली नहीं हैं। हमने जो कदम उठाया है, उसमें जहां कुछ खास इंडस्ट्रीज ज्यादा हैं, उन क्लस्टर्स के पास यूनिवर्सिटी और स्किल सेंटर खोलने की बात है। उस इलाके की इंडस्ट्री की जो जरूरत होगी, उसके हिसाब से काम होगा।

**Q कहा जा रहा है कि इस बजट में बड़े रिफॉर्म नहीं हैं, बीच का रास्ता चुना गया। क्या ऐसा ही है?**

- बजट के अलावा भी रिफॉर्म्स होते हैं। 2014 से ही बजट से हटकर बड़े रिफॉर्म होते आ रहे हैं। लेबर कोड, GST हुआ। अभी IBC का मामला स्टैंडिंग कमिटी में होकर आया है। इस बिल को संसद के इसी सत्र में बाद में लाएंगे। भारत को तेजी से बढ़ाने के लिए जिन सुधारों की जरूरत होगी, हम करते आए हैं, करते रहेंगे।

**Q आपने 10% नॉमिनल GDP ग्रोथ का अनुमान बजट में दिया है। इस अनुमान के लिए किस तरह के रिस्क हो सकते हैं?**

- हमारी अर्थव्यवस्था में सप्लाई साइड की प्रॉब्लम्स कंट्रोल में हैं। महंगाई कम रहने से खपत को बूस्ट मिला है। इनकम टैक्स में पहले दी गई छूट और GST रेट्स में कमी से खपत बढ़ी है। GST के लेटेस्ट आंकड़ों से साफ है कि खपत अच्छे स्तर पर बनी हुई है। इसलिए चिंता की बात, बल्कि मैं इसे चुनौती कहूंगी, वह देसी के बजाय विदेशी है। और यह तो एक पहलू है। कई चीजें हैं, जो हो सकती हैं।

**Q आप अपने बजट टारगेट हासिल करती रही हैं। ऐसा लगता है कि इस बार आपने अनुमान कुछ कम रखे, क्यों?**

- अनुमान हकीकत के करीब होने चाहिए। टैक्स के मामले में पहले ही काफी कुछ दिया गया है। GST से भी उस तरह का बड़ा आंकड़ा तुरंत नहीं मिलने जा रहा है। हालांकि जनवरी के आंकड़ों ने सबको चौंकाया। जिस तरह के डायरेक्ट टैक्स नंबर्स और टैक्सपेयर्स की संख्या है, उसे देखते हुए टैक्स बेस बढ़ाने के लिए मैं काफी कुछ करूंगी। हमने फिस्कल डेफिसिट का जो टारगेट दिया है, उसे हासिल करेंगे।

**Q ज्यादा लोग टैक्स फाइलिंग करें, इसके लिए आप क्या करने वाली हैं?**

- दो या तीन चीजें नहीं, वे सभी कदम काम आएंगे, जो पहले से उठाए जा चुके हैं। ये सारी प्रोसेस और मैच्योर होंगी। AI डेटा एनालिटिक्स से मिलने वाली जानकारी से देख पाएंगे कि पैसा कहां खर्च किया जा रहा है। असेसमेंट्स फाइल हो रहे हैं या नहीं, देखा जाएगा। नहीं हो रहे, तो याद दिलाया जाएगा कि हमें पता है कि ऐसा खर्च हुआ है। इसका यह मतलब नहीं है कि हम हर एक के पीछे लगने वाले हैं, लेकिन केवल यह बताएंगे कि काफी खर्च हुआ है या आपके परिवार के काफी लोग विदेश आए गए हैं। हम लोगों से कह रहे हैं कि अगर विदेश में आपकी संपत्ति है, तो उसकी जानकारी दीजिए। मुझे लगता है कि टैक्सपेयर्स या नॉन-पेयर्स से अगर हम संपर्क करें तो उन्हें समझा सकेंगे और टैक्स बेस बढ़ेगा।

**Q छोटे टैक्सपेयर्स को नियमों के पालन में मदद करने की बात की है। स्मॉल टैक्सपेयर का क्या मतलब है?**

- सभी सेक्टरों के स्मॉल टैक्सपेयर्स की बात है। हम किसी एक सेक्शन पर गौर नहीं कर रहे। हम चाहते हैं कि टैक्सपेयर साथ आएं। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस लगातार चलने वाली प्रक्रिया है। लेकिन कई छोटे असेसीज इस डिजिटल दौर में भी आश्वस्त नहीं हो पाते कि सही रिटर्न फाइलिंग हुई या नहीं। इसीलिए चार्टर्ड अकाउंटेंसी इंस्टिट्यूट या कॉस्ट अकाउंटेंट्स जैसे इंस्टिट्यूशंस के जरिए हम टैक्स असेसी मित्र के रूप में पैरा प्रोफेशनल्स तैयार करना चाहते हैं।

**Q इनकम टैक्स लॉ में डीक्रिमिनलाइजेशन की बात की गई है। यह किस तरह होगा?**

-इनकम टैक्स विभाग का रुख कम आक्रामक होगा। जहां जरूरत होगी, वहीं कदम बढ़ाएंगे। जाहिर है कि न्यायपालिका देख सकती है कि अपराध किस तरह का है और तय करेगी कि जेल होगी या नहीं। उसे एक तरह की फीस में बदला जा सकता है।

**Q F&O में STT बढ़ाने पर आपने कहा कि छोटे निवेशक इससे दूर हटें, इसलिए किया गया। क्या कोई दूसरा रास्ता नहीं हो सकता था, क्योंकि इससे विदेशी निवेशकों की कॉस्ट भी बढ़ेगी और वे पहले ही स्टॉक मार्केट में बड़ी बिकवाली कर रहे हैं?**

- विदेशी निवेशकों से ज्यादा जरूरी बात इसमें छोटे निवेशकों की है। 90% से ज्यादा इसमें पैसा गंवा रहे हैं, इसकी स्टडी है। कई पैरेंट्स ने हमको इस बारे में कहा कि उनके बच्चे इसमें नुकसान उठा रहे हैं। इसे ध्यान में रखते हुए कदम उठाया गया है।

**Q FDI को लेकर चिंता जताई जा रही है। भारत को ज्यादा आकर्षक ठिकाना बनाने के लिए आप क्या करेंगी?**

-यह सिर्फ भारत की बात नहीं है। दुनियाभर में फंड मूवमेंट स्ट्रैटेजिक आधार पर होता है। दूसरी बात, बजट के पार्ट B में जो बातें हमने की हैं, वे भारत को इन्वेस्टमेंट और जॉब क्रिएशन के लिए बेहतर ठिकाना बनाने के लिए ही हैं। ये सब काम पहले से मौजूद कुछ खामियों को दूर करने के लिए किए गए हैं। लेकिन क्या विदेशी निवेशक इससे आकर्षित होंगे, फंड फ्लो कई ऐसी चीजों से भी तय होता है, जो भारत के बाहर की हैं।

**Q FPI के पैसा बाहर ले जाने पर कितनी चिंता है? रुपये और ओवरऑल सेंटिमेंट पर जो असर है, उसपर क्या कहना है?**



-मैं यह नहीं कहना चाहती कि इस चीज ने मुझे प्रभावित किया है। मैं यहां अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की जिम्मेदारी के साथ हूं। पॉलिसी से यह होगा। ईज ऑफ डूइंग इंडिया से भारत आकर्षक ठिकाना बनेगा।

**Q सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड पर टैक्स छूट में जो किया गया है, उसके पीछे क्या सोच है?**

-शुरू से ही सोच यह थी कि सरकार बॉन्ड जारी करेगी, खरीदने वाले मैच्योरिटी तक होल्ड करेंगे। अगर बीच में बेच दिया तो टैक्स छूट नहीं होगी। किसी ने बीच में सेकेंडरी मार्केट से खरीदा और भले ही पूरे टर्म तक होल्ड किया तो उसे भी भुनाने पर टैक्स छूट नहीं मिलेगी। या सेकेंडरी मार्केट से लिया और पूरे टर्म तक होल्ड भी नहीं किया, तो भी टैक्स छूट नहीं होगी। सरकार ने बॉन्ड जारी किया, आपने ओरिजिनली खरीदा और पूरे टर्म तक होल्ड किया, तभी भुनाने पर टैक्स छूट मिलेगी। मूल रूप में इरादा यही था।

**Q गोल्ड और सिल्वर के भाव काफी बढ़ गए हैं और लोग फिर भी खरीद रहे हैं क्योंकि उन्हें लग रहा है कि कीमतें और चढ़ेंगी। क्या निवेशकों को कुछ समझाने की जरूरत है?**

-लोग क्या खरीद और बेच रहे हैं, यह उनका अपना फैसला है। दुनिया में गोल्ड के भाव कई वजहों से बढ़ रहे हैं। इसलिए भी हो रहा है क्योंकि शायद किसी एक करेंसी पर लोगों को भरोसा नहीं हो पा रहा है। हालांकि जो लोग गोल्ड में निवेश करना चाहते हैं, हम उनके बारे में कोई एक्शन नहीं लेने जा रहे।

**Q पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। किसी राज्य पर स्पेशल फोकस नहीं, ऐसा क्यों?**

- बजट में चुनावी राज्यों के लिए काफी कुछ है। केरल से लेकर तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, असम, सभी के लिए है। हाई स्पीड कॉरिडोर से लेकर डिफेंस कॉरिडोर, रेयर अर्थ कॉरिडोर तक। तमिलनाडु को तो डिफेंस कॉरिडोर भी मिल गया। कोकोनट पर हमने जो किया, केरल इस पर काफी निर्भर है।

**Q विकसित भारत G RAM G योजना के लिए 95 हजार करोड़ रुपये दिए हैं। इस योजना का विरोध भी हुआ। क्या कहना है?**

-हमने मनरेगा के लिए भी 30 हजार करोड़ रुपये रखे हैं, जिससे नई योजना आने तक पेंडिंग काम पूरे हो सकें। विकसित भारत के लिए आवंटन को मिलाकर देखें तो 120 हो गए। हमने 100 से बढ़ाकर 125 दिनों की गारंटी की बात की है। देखते हैं, विरोध करने वाले अब क्या कहते हैं।

**Q आपने पिछली बार मधुबनी साड़ी पहनी थी। इस बार कांजीवरम। ऐसा क्यों?**

- एक ही दिन में तीन-तीन साड़ी नहीं पहनी जा सकती थी। रहा नाम का सवाल तो तमिलनाडु, केरल, वेस्ट बंगाल में दुर्गापुर, चेन्नै की हाई स्पीड ट्रेन, इन सबका नाम लिया।


---

# प्राइमरी इश्यू में खरीदे हैं सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड, तभी टैक्स में छूट

Sovereign

## नियमों में सख्ती से SGBs में 10% की गिरावट

AI image



Sudha.shrimali
@timesofindia.com

■ **मुंबई:** बजट में सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड (SGBs) में टैक्स छूट के नियमों को सख्त करने से सोमवार को निवेशकों में बेचैनी फैल गई। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को बजट भाषण में घोषणा की है कि सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड पर कैपिटल गेन से छूट सिर्फ उन्हीं को दी जाएगी, जिन्होंने SGB प्राइमरी इश्यू में खरीदा है। टैक्स ट्रीटमेंट और सालाना मिलने वाले ब्याज की वजह से आम निवेशकों में लोकप्रिय SGBs चूंकि आरबीआई द्वारा लंबे समय से जारी नहीं किए गए हैं, इसलिए निवेशक सेकेंडरी मार्केट से इन्हें खरीदने के लिए हमेशा उत्सुक रहते हैं। सोमवार को मेटल की ग्लोबल कीमतों में गिरावट के बीच SGBs तेजी से गिरे, कई सीरीज में तो 10% से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई। SGBDEC26 1,760 रुपये या 10 फीसदी गिरकर 15,840 रुपये पर आ गया, हालांकि बाद में यह कुछ संभला। इसी तरह SGBSEP31III और SGBJAN27 में भी गिरावट देखी गई।

मनी हनी के फाउंडर अनूप बैद्य ने बताया कि बहुत से लोग सेकेंडरी मार्केट में SGBs खरीदते हैं क्योंकि उन्हें लगता था कि अगर वे उन्हें मैच्योरिटी तक रखते हैं, तो वे कैपिटल गेन टैक्स से बच सकते हैं, लेकिन अब, रिडेम्पशन पर कैपिटल गेन में छूट तभी मिलेगी जब आपने ओरिजिनल इश्यू में सब्सक्राइब किया हो और उसे मैच्योरिटी तक लगातार रखा हो। अगर आपने सेकेंडरी मार्केट से SGB खरीदा है, तो आपको यह छूट नहीं मिलेगी।

कोटक सिक्योरिटीज के कमोडिटीज रिटेल बिजनेस हेड सुनील कटके ने कहा, 'इस बदलाव से मार्केट में कोई प्रेशर सेलिंग नहीं दिखी। ये बॉन्ड RBI द्वारा पिछले कुछ सालों में कई किस्तों में जारी किए गए हैं और इनकी डिमांड भी बहुत ज्यादा है। सरकार इसमें किसी तरह के स्पेकुलेटिव प्रीमियम को खत्म कर देना चाहती है। यह लॉन्ग टर्म प्रोडक्ट है और सरकार चाहती है कि इसे उसी तरह समझा जाए।

### क्या बदलाव हुआ

टैक्स एक्सपर्ट बलवंत जैन के अनुसार अगर SGBs खरीदने के 12 महीने के अंदर बेचे जाते हैं, तो मुनाफे को शॉर्ट-टर्म कैपिटल गेन माना जाएगा और उस पर स्लैब रेट के हिसाब से टैक्स लगेगा। जो बॉन्ड 12 महीने बाद लेकिन आठ साल की मैच्योरिटी से पहले बेचे जाते हैं, उन पर लॉन्ग-टर्म कैपिटल गेन पर बिना इंडेक्सेशन के 12.5 फीसदी टैक्स लगेगा। बजट 2026 में दिए गए प्रस्ताव के अनुसार, मैच्योरिटी पर कैपिटल गेन पर छूट सिर्फ ओरिजिनल सब्सक्राइबर को ही मिलेगी, जिसका मतलब है कि जो निवेशक सेकेंडरी मार्केट से SGBs खरीदेंगे, उन्हें अब यह छूट नहीं मिलेगी।

### क्या होते हैं सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड?

SGBs सरकार समर्थित बॉन्ड हैं, जो इन्वेस्टर्स को फिजिकल गोल्ड खरीदे बिना सोने में डिजिटली इन्वेस्ट करने में मदद करते हैं। सोने की कीमतों में बढ़ोतरी से होने वाले फायदे के साथ, इन्वेस्टर्स को 2.5 फीसदी की फिक्स्ड सालाना ब्याज दर मिलती है, जिसका पेमेंट हर छह महीने में किया जाता है। ये बॉन्ड आठ साल में मैच्योर होते हैं, लेकिन पांच साल बाद जल्दी निकलने का ऑप्शन भी देते हैं।

---

# युवा मंत्रालय की पहल, केंद्रीय बजट पर PM से सीधी बात करेंगे Gen-Z


■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**देश के** युवाओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ केंद्रीय बजट 2026-27 पर सीधी बातचीत का मौका मिलेगा। केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की पहल के तहत ये मौका मिलेगा। केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने सोमवार को 'MY भारत बजट क्वेस्ट 2026' की शुरुआत की, जिसमें देश के युवाओं को केंद्रीय बजट पर 8 अलग-अलग विषय दिए जाएंगे। क्विज प्रतियोगिता में जो भी जीतेंगे, उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बातचीत का मौका मिलेगा।

**क्विज कॉम्पिटिशन 'माई भारत बजट क्वेस्ट 2026' की शुरुआत**

इससे पहले मंत्रालय ने विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग का आयोजन भी किया था। खास बात यह है कि केंद्रीय वित्त मंत्री ने 1 फरवरी को अपने बजट भाषण में यंग लीडर्स डायलॉग के दौरान युवाओं द्वारा साझा किए गए नए-नए सुझावों की सराहना की और यह भी बताया कि युवाओं के कुछ विचारों को केंद्रीय बजट 2026-27 में शामिल भी किया गया है। मांडविया ने कहा कि 'माई भारत बजट क्वेस्ट 2026' के साथ हम इस भावना को जारी रखना चाहते हैं और एक बार फिर युवाओं की बातों को महत्व देना चाहते हैं।

FILE



### क्विज फॉर्मेट में आज पहला राउंड

केंद्रीय बजट पर आधारित इस पहल की शुरुआत मंगलवार से हो रही है और पहला राउंड क्विज फॉर्मेट में होगा। इस क्विज में युवाओं को 30 सवालों का जवाब देना होगा। 'माई भारत' प्लेटफॉर्म (https://mybharat.gov.in/) पर क्विज शुरू होगी। यह केंद्रीय बजट 2026 पर आधारित एक राष्ट्रीय स्तर की ऑनलाइन क्विज है, जिसमें 'माई भारत' पोर्टल पर पंजीकृत युवा भाग ले सकते हैं।

### दूसरे राउंड में निबंध लेखन प्रतियोगिता

**भाग लेने** की आखिरी डेट 17 फरवरी है। इसके बाद, हर राज्य से बेस्ट प्रदर्शन करने वाले कैंडिडेट्स का चयन किया जाएगा और वे 17 फरवरी से 3 मार्च 2026 तक चलने वाले दूसरे चरण में भाग लेंगे, जो निबंध लेखन का दौर होगा। निबंध लेखन के इस चरण में युवाओं को विकसित भारत के विजन के अनुरूप केंद्रीय बजट से संबंधित 8 विषय दिए जाएंगे। प्रतिभागी निबंधों के माध्यम से अपने विचार और सुझाव साझा करेंगे। निबंधों का मूल्यांकन 3 मार्च से 10 मार्च, 2026 के बीच किया जाएगा और राज्यों के अनुसार योग्यता सूची 10 मार्च, 2026 को घोषित की जाएगी। राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के विजेताओं को बाद में 'विकसित भारत बजट' के विजन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बातचीत करने का अवसर मिलेगा। युवा अपने सुझावों को पीएम के साथ साझा करेंगे।

---

# J&K में पाक बॉर्डर तक रेल सेवा की तैयारी: मंत्री

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

FILE



**जम्मू-कश्मीर** में कटरा से श्रीनगर तक रेल कनेक्टिविटी देने के बाद अब रेलवे बारामूला से पाकिस्तान बॉर्डर के पास उरी तक रेल सर्विस देने की तैयारी कर रही है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को आम बजट के बारे में डिटेल जानकारी देते हुए बताया कि इसके लिए डीपीआर तैयार कर ली गई है।

**दूसरे चरण में सात हाई स्पीड कॉरिडोर, तीसरे चरण की भी होगी घोषणा:** वैष्णव ने बताया, बजट में रेलवे को रेकॉर्ड 2.78 लाख करोड़ रुपये का बजट मिला है। इसमें बुलेट ट्रेन चलाने के लिए सात नए हाई स्पीड कॉरिडोर की घोषणा की गई है। इन सात नए कॉरिडोर में करीब चार हजार किलोमीटर तक की दूरी वाले दिल्ली-वाराणसी, मुंबई-पुणे, पुणे-हैदराबाद, हैदराबाद-बेंगलुरु, हैदराबाद-चेन्नई, चेन्नई-बेंगलुरु और वाराणसी-सिलीगुड़ी कॉरिडोर होंगे। तीसरे चरण में तीन हजार किलोमीटर दूरी के लिए बुलेट ट्रेन चलाने के लिए कॉरिडोर का ऐलान किया जाएगा।

**दिल्ली को भी मिली बुलेट ट्रेन की सौगात:** इस बजट में दिल्ली को 2711 करोड़ रुपये मिले हैं। यहां पहली बुलेट ट्रेन के रूप में दिल्ली से बनारस हाई स्पीड कॉरिडोर बनाया जाएगा। यमुना ब्रिज पर बने नए रेल ब्रिज के बारे में उन्होंने बताया कि जल्द ही इससे ट्रेन सेवाएं शुरू की जाएंगी। देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन के बारे में भी रेल मंत्री ने कहा कि जल्द ही इसकी कंप्लीट टेस्टिंग पूरी होने वाली है। इसके बाद इसे यात्री सेवा में उतार दिया जाएगा।

**उत्तर प्रदेश को मिला कांग्रेस के शासन काल से 18 गुना अधिक बजट:** आम बजट में उत्तर प्रदेश को 20,012 करोड़ का रेकॉर्ड पैसा मिला है। जिसे कांग्रेस शासन काल से 18 गुना अधिक बताया गया है। रेल मंत्री ने बताया कि यूपी में 92 हजार करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट चल रहे हैं। यूपी को दिल्ली-बनारस और बनारस-सिलिगुड़ी के रूप में बुलेट ट्रेन की दो सर्विस मिली हैं।

---

# बजट में प्रस्ताव, पहाड़ी राज्यों में वर्ल्ड क्लास माउंटेन ट्रेल्स बनेंगे

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** युवाओं के बीच तेजी से बढ़ती ट्रैकिंग और हाइकिंग की लोकप्रियता के बीच इस बजट में माउंटेन ट्रेल्स विकसित करने पर फोकस किया गया है। वर्ल्ड ट्रैकिंग एंड हाइकिंग प्रोजक्ट में पहाड़ी राज्यों में माउंटेन ट्रेल्स विकसित किए जाएंगे। इससे न सिर्फ हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू कश्मीर और आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों में रोजगार बढ़ेगा बल्कि वहां इंटरनैशनल टूरिज्म भी बढ़ेगा।

**सिर्फ उत्तराखंड में ट्रैकिंग से जुड़ा 100 करोड़ रुपये का कारोबार है**

अभी सबसे अधिक ट्रैकिंग उत्तराखंड में होती है। बजट में हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू कश्मीर और आंध्र प्रदेश की अराकू घाटी में माउंटेन ट्रेल्स विकसित करने की बात की गई है। इस योजना में देशभर के 15 केंद्र शामिल होंगे, जिनमें जम्मू-कश्मीर का ऐतिहासिक लेह पैलेस भी है।

इंडियन माउंटेनियरिंग फाउंडेशन (आईएमएफ) के अनुसार यहां करीब 100 करोड़ ट्रैकिंग का कारोबार है। यहां करीब 75 से ज्यादा विश्व स्तरीय ट्रैकिंग रूट मौजूद हैं। इनमें कई ट्रैकिंग रूट डिवेलप किए गए हैं जहां हर साल हजारों टूरिस्ट उत्तराखंड पहुंचते हैं। हिमाचल प्रदेश में भी ट्रैकिंग के कई रूट हैं। यहां का सबसे लंबा ट्रैक पिन पार्वती घाटी ट्रैक है। यहां सबसे अधिक ट्रैकिंग रूट धौलाधार रेंज में है।

---

# कंटेंट क्रिएटर्स का खेल बदल देगी ऑरेंज इकॉनमी

## 2030 तक गेमिंग, विजुअल इफेक्ट्स, एनीमेशन क्षेत्र में 20 लाख जॉब्स क्रिएट हो सकती हैं

Bhupender.Sharma
@timesofindia.com

AI image



■ **नई दिल्ली :** देश केंद्र सरकार ने 2026-27 का बजट युवा शक्ति को ध्यान में रखते हुए बनाया है। मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत पहलों को नई गति देने के लिए रोडमैप भी पेश किया गया है, जिसमें ऑरेंज इकॉनमी प्रमुख है, जिसे क्रिएटिव इकॉनमी भी कहा जाता है। माना जा रहा है कि 'ऑरेंज इकॉनमी' भारतीय यूट्यूबर्स और कंटेंट क्रिएटर्स के लिए गेम-चेंजर साबित हो सकती है।

**क्या होती है ऑरेंज इकॉनमी:** 'ऑरेंज इकॉनमी' एक नया कॉन्सेप्ट है। यह एक ऐसी इंडस्ट्री है, जिसमें आय, रोजगार और एक्सपोर्ट जनरेट करने के लिए क्रिएटिविटी, कल्चर और आर्ट का प्रयोग होता है। अगर आप यूट्यूबर हैं, डिजाइनर हैं, गेम डिवेलपर हैं या फिर अच्छी कहानियां लिखते हैं, तो 'ऑरेंज इकॉनमी' का हिस्सा बन सकते हैं। ऑरेंज इकॉनमी शब्द को कोलंबिया के राष्ट्रपति इवान मारकेज ने 2013 में लोकप्रिय बनाया गया था, जहां Culture और Creativity को आर्थिक तरक्की का इंजन माना गया। 'ऑरेंज इकॉनमी' को भारत की नई आर्थिक शक्ति के रूप में पहचान दी गई है। बजट में गेमिंग समेत अन्य क्रिएटिव सेक्टर्स को बढ़ावा देने पर जोर दिया जा रहा है। आर्थिक सर्वेक्षण के यह सेक्टर भारत को दुनिया का 'ग्लोबल क्रिएटिव हब' बनाने में भी मदद करेगा।

**भारत में क्या है तैयारी:** ऑरेंज इकॉनमी के जरिए सरकार का फोकस युवाओं को भविष्य के रोजगार के लिए तैयार करने पर है। शिक्षा को रोजगार से जोड़ना और नए-नए अवसरों की पहचान करना, इनोवेशन के क्षेत्र में इन्वेस्ट करने पर जोर है। भारत का एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक्स (AVGC) क्षेत्र एक तेजी से बढ़ता हुआ उद्योग है, जिसमें 2030 तक लगभग 20 लाख या इससे भी ज्यादा प्रोफेशनल्स की जरूरत होने का अनुमान है।

**इससे स्टार्टअप कल्चर को भी मजबूती:** ऑरेंज इकॉनमी में कला, संस्कृति, डिजाइन, मीडिया, डिजिटल कंटेंट, एनीमेशन, गेमिंग, फैशन, म्यूजिक और टूरिज्म समेत बहुत सारे सेक्टर शामिल होते हैं। भारतीय युवाओं की प्रतिभा पूरे विश्व में अपनी पहचान बना चुकी है और बड़ी- बड़ी कंपनियों के प्रमुख भारतीय हैं। इससे शिक्षा और स्किल डेवलपमेंट को भी बढ़ावा मिलेगा। विशेषज्ञों का भी कहना है कि इससे रोजगार के मौके तो बढ़ेंगे ही, साथ ही स्टार्टअप कल्चर को और मजबूती मिलेगी। अलग- अलग सेक्टर्स में लीडर्स, इनोवेटर्स, क्रिएटर्स तैयार हो सकेंगे।

**कंटेंट क्रिएटर लैब क्या है?:** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट भाषण में कहा कि इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ क्रिएटिव टेक्नोलजी (मुंबई) देश में 15 हजार हाई स्कूल और 500 कॉलेजों में एवीजीसी कंटेंट क्रिएटर लैब (CCL) बनाने में मदद करेगा। इन लैब्स से स्टूडेंट्स को डिजिटल कंटेंट, डिजाइन और गेमिंग जैसे क्षेत्रों में शुरुआती स्तर से ही ट्रेनिंग मिलेगी। शिक्षण संस्थानों में यह लैब्स खोली जाएंगी, जिससे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर कंटेंट क्रिएट करने वाले युवाओं को काफी फायदा होगा और इसके लिए नए सेटअप लगाए जाएंगे।

इन लैब्स में क्रिएटिविटी, कल्चर, डिजिटल कंटेंट और इनोवेशन आधारित उद्योगों को प्रोत्साहन दिया जाएगा। एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स एंड एक्सटेंडेड रियलिटी (AVGC-XR) मीडिया और मनोरंजन के पूरे क्षेत्र में अहम भूमिका निभाता है। इसमें फिल्म निर्माण, ओटीटी, गेमिंग, विज्ञापन और स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य सामाजिक क्षेत्रों सहित कई अन्य क्षेत्र शामिल हैं। तेजी से विकसित हो रही तकनीक और इंटरनेट की बढ़ती पहुंच के साथ सस्ती डेटा दरों सहित वैश्विक स्तर पर AVGC-XR का इस्तेमाल तेजी से बढ़ने को तैयार है।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 03-02-2026 Zone: Gurgaon Edition: 1 Page: NBTGRP6 User: dilip.lal@timesofindia.com Time: 02-02-2026 22:09 Color:




> खेल सच्ची खेल भावना के साथ खेले जाने चाहिए।
> - पं. जवाहरलाल नेहरू

## खेल में राजनीति

अब ICC इवेंट से पहले किसी न किसी तरह का विवाद होना आम है और आने वाला T20 क्रिकेट विश्व कप भी इसी दिशा में चल रहा है। पाकिस्तान का भारत के खिलाफ मैच के बहिष्कार का ऐलान केवल खेल का राजनीतिकरण नहीं, ब्लैकमेलिंग की भी कोशिश है। अगर ICC ने इस मामले को सही ढंग से नहीं संभाला, तो खेल के पूरे ढांचे को चोट पहुंचेगी।

**बेवजह का विवाद** । मैच के बॉयकॉट पहले भी हुए हैं, लेकिन यह स्थिति अलग है क्योंकि पाकिस्तान का इससे कोई सीधा कनेक्शन नहीं। वह बांग्लादेश और ICC के बीच हुए विवाद में कूदा है। उस फैसले के बाद भी पाकिस्तान का इस मुद्दे को खींचना बताता है कि वह विवाद को बनाए रखना चाहता है। ICC ने PCB से आपसी सहमति वाले समाधान निकालने की अपील की है। अगर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड चाहता है कि उसे एक जिम्मेदार खेल संस्था के रूप में पहचाना जाए, तो इस पर विचार करना चाहिए।


PCB का रुख

**आर्थिक नुकसान** । इस बहिष्कार के परिणाम दूरगामी होंगे, जिनकी कीमत विश्व क्रिकेट को तो चुकानी ही होगी, लेकिन सबसे ज्यादा बोझ पड़ेगा खुद पाकिस्तान पर। PCB को हर साल ICC के रेवेन्यू में से करीब 315 करोड़ रुपये मिलते हैं। यह उसकी कमाई का एक बड़ा हिस्सा है। अगर इसमें कटौती की जाती है या किसी तरह के प्रतिबंध लगते हैं, तो पाकिस्तान के लिए उसे झेलना मुश्किल होगा। यह बात भी याद रखने वाली है कि क्रिकेट वर्ल्ड में सबसे ज्यादा रेवेन्यू टीम इंडिया के मुकाबलों से आता है। बाकी टीमें तो भारत के साथ द्विपक्षीय सीरीज खेल लेती हैं, पर पाकिस्तान के पास यह मौका केवल ICC और एशिया क्रिकेट काउंसिल इवेंट्स में मिलता है।

**दबाव की राजनीति** । PCB ने जाहिर तौर पर इस बारे नुकसान का आकलन किया होगा। उसके चेयरमैन मोहसिन नकवी ने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से दो बार मुलाकात की और सोच-विचार के लिए समय लिया। दरअसल, यह पाकिस्तान की वैश्विक खेल संस्था पर दबाव डालने की कोशिश है। यह भारत-पाकिस्तान मैच की अहमियत को भुनाने की कोशिश का हिस्सा है।

**सख्त फैसलों का समय** । इस विवाद में BCCI ने संतुलित रुख दिखाया है और ICC का समर्थन किया है। इंटरनैशनल क्रिकेट काउंसिल के लिए ये घटनाएं सबक हैं कि उसे खेल के हित में ज्यादा कड़े फैसले लेने की जरूरत है। एक तरफ उसकी कोशिश क्रिकेट को ग्लोबल बनाने की है, 2028 ओलिंपिक्स में इसकी वापसी हो रही है - तब ऐसे विवाद खेल को नुकसान पहुंचाते हैं। वक्त है कि ICC इवेंट मैनेजमेंट की भूमिका से बढ़कर सख्त प्रशासक का काम करे।

### ऐवें कुछ भी

## मीठी गोलियां


आलोक सिंह भदौरिया

होम्योपैथी के साथ सबसे बड़ी समस्या यह नहीं है कि चार गोली निकालो तो छह आ जाती हैं और वापस शीशी में डालो तो एक एक्स्ट्रा चली जाती है। बड़ी समस्या यह है कि ये गोलियां मीठी होती हैं। लोग इन्हें खाना खाने के बाद, कुछ मीठा हो जाए के अंदाज में खाने लगे हैं।

पिछले कुछ महीनों से हम होम्योपैथी के मुरीद हो गए हैं। लगभग हर रोग का समाधान होम्योपैथी से हो जा रहा है। परसों कुछ समस्या लेकर मेडिकल स्टोर कम क्लिनिक पर पहुंचे। वहां पाया कि कुर्सी पर नए डॉक्टर बैठे हैं। पूछा तो पता चला कि मेडिकल स्टोर वाले के मित्र हैं। वह साहब शीशियां निकाल कर कुछ खा रहे थे। मुस्कुरा कर बोले, जब भी यहां आते हैं एनर्जी के लिए ये गोलियां खा जाते हैं। अंग्रेजी दवा की दुकान पर यह सुख कहां, हर दवा कड़वी और सबका साइड इफेक्ट।

हम डॉक्टर साहब का इंतजार करने के लिए औरों के साथ बैठ गए। बगल वाले सज्जन जो खुद तोतर की शक्ल के थे हमें ब्राजीलियन तोतों की नस्लें गिनाने लगे। एक दूसरे होनहार हमें प्लॉट बेचने लगे। जो मीठी गोली खा रहे थे वो मूड में आ गए, सो कविता सुनाने लगे। पूरा मजमा लग गया। मेडिकल स्टोर वाले किसी ऐसे मरीज से फोन पर बात कर रहे थे, जिसे चाय पीने के बाद जलन होती थी। उसी समय एक मैडम आईं, कब्ज दूर करने की दवा मांगी। उन्हें दवा दे दी गई। इतने में स्टोर वाले भाई ने फोन पर पूछा कि जलन चाय पीने पर होती है या फ्रेश होते समय होती है। लेकिन जवाब दुकान पर मौजूद मैडम ने दिया। बोलीं, जलन नहीं होती केवल कब्ज की शिकायत है। हमने इशारे में मैडम को समझाया कि आपसे नहीं पूछा जा रहा। मैडम भी समझ गईं। शरमा गईं। उधर स्टोर वाले ने फिर पूछा, तो जलन कब होती है? मैडम से फिर नहीं रहा गया, बोलीं, जलन नहीं होती केवल कब्ज होती है। हमें लगा हम कुछ देर और वहां बने रहे तो हमें दस्त हो जाएंगे। आते हैं कहकर घर भाग आए।



### बोल वचन

दिलीप लाल

## झाड़न हटा दो


झाड़न शब्द सुनने में साधारण है, लेकिन सभी के जीवन से सीधे जुड़ा है। इसका सामान्य अर्थ है - धूल, गर्द, मैल। सफाई के बाद निकली गंदगी को झाड़न कहा जाता है। झाड़ू लगाने के बाद जो धूल-मिट्टी निकलती है, वह झाड़न है। कहीं-कहीं धूल-मिट्टी झाड़ने वाले कपड़े को ही झाड़न कहते हैं। जब हम कहते हैं कि किसी कमरे, किताब या फाइल पर झाड़न जम गई है, तो इसका अर्थ होता है कि लंबे समय से उस चीज की सफाई नहीं की गई। इस तरह झाड़न उपेक्षा, ठहराव और निष्क्रियता का संकेतक बन जाती है। 'झाड़न' शब्द मूल क्रिया 'झाड़ना' से बना है, जिसका अर्थ है साफ करना या गंदगी हटाना। संस्कृत में यह शब्द सीधे नहीं मिलता, लेकिन इसके भावात्मक स्रोत स्पष्ट हैं। धूल और मैल के लिए संस्कृत में धूलि और रजः जैसे शब्द हैं, जबकि सफाई की क्रिया के लिए मार्जन और अपमार्जन का प्रयोग होता है। लोकभाषाओं में यही मार्जन सरल होकर झाड़ना बन गया। भारतीय भाषाओं में झाड़न अलग-अलग नामों से मौजूद है- कहीं धूल, कहीं गुबार, बांग्ला में धुलो और तमिल में तूसी। यह हटती है तो ताजगी दे जाती है।

AI Image




# क्या आर्थिक सुधारों पर कोई पहल हुई है


## रिफॉर्म्स पर तेज़ी से क़दम बढ़ाने का अवसर गंवा दिया वित्त मंत्री ने


सोनल वर्मा

बजट में सरकार को 5 रणनीतिक काम करने की जरूरत थी। पहला, दुनिया में बढ़ रही संरक्षणवादी सोच के बीच घरेलू मांग को मजबूत करना। दूसरा, निर्यात प्रतिस्पर्धा बढ़ाना और ग्लोबल वैल्यू चेन से जुड़ना। तीसरा, आयात पर निर्भरता घटाकर सप्लाई चेन मजबूत करना। चौथा, प्रतिस्पर्धा बढ़ाने के लिए सुधार की रफ्तार बढ़ाना। पांचवां, वित्तीय अनुशासन। इन पैमानों पर बजट को किस तरह से देखना चाहिए?



**निवेश को प्राथमिकता** । घरेलू मांग बढ़ाने के लिए लोगों के हाथ में अतिरिक्त पैसा देने के बजाय निवेश को प्राथमिकता दी गई है ताकि उनकी आमदनी बढ़े। यह पिछले साल से अलग है। तब सरकार ने आयकर में छूट दी थी। कैपेक्स को GDP के 3.1% पर बनाए रखा गया है। यानी सरकार ग्रोथ के लिए खुद खर्च करने को लेकर कमिटेड है। इन्फ्रा प्रॉजेक्ट्स पर जोर है। जैसे- डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर, प्राइवेट डिवेलपर्स के लिए इन्फ्रा रिस्क गारंटी फंड और 7 हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर। भारत स्थित डेटा सेंटर के जरिये क्लाउड सर्विस देने वाली विदेशी कंपनियों को 2047 तक टैक्स छूट दी गई है। मकसद निवेशकों को आकर्षित करना है।



**मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा** । बजट में भारत को मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने पर ध्यान दिया गया है। इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट बनाने की योजना से इस सेक्टर में वैल्यू एडिशन होगा। वहीं, कैपिटल गुड्स मैन्युफैक्चरिंग को हाई-टेक टूल रूम, कंस्ट्रक्शन इन्फ्रास्ट्रक्चर इक्विपमेंट और कंटेनर मैन्युफैक्चरिंग स्कीम से मदद मिलेगी।

**जरूरतों का ख्याल** । भारत की क्रिटिकल मिनरल्स की जरूरत सुरक्षित ढंग से पूरी हो, बजट ने इसका ख्याल रखा है। रेयर अर्थ कॉरिडोर बनाए जाएंगे, जहां खनन, प्रॉसेसिंग और रिसर्च का काम एक साथ होगा। परमाणु ऊर्जा प्रॉजेक्ट्स के लिए रियायत दी गई है। आयात पर निर्भरता घटाने के लिए केमिकल पार्क, देश में ही बायोलॉजिक्स उत्पादन और लॉजिस्टिक्स के लिए घरेलू कंटेनर बनाने पर फोकस है। रक्षा क्षेत्र में पूंजीगत खर्च करीब 18% बढ़ाया गया है। मकसद सैन्य उपकरणों को आधुनिक बनाना और विदेशी कंपनियों पर निर्भरता कम करना है।

**सीमित सुधार** । प्रतिस्पर्धा बढ़ाने के लिए बजट में किए गए सुधार सीमित हैं। कस्टम ड्यूटी ढांचे को आसान करने जैसे कदम बड़े टैरिफ सुधार नहीं कहे जा सकते। बैंकिंग सेक्टर के लिए एक उच्च स्तरीय समिति और पावर फाइनैंस कॉरपोरेशन व रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कॉरपोरेशन की रीस्ट्रक्चरिंग का जिक्र जरूर है, लेकिन समय-सीमा साफ नहीं है। इन्फ्रास्ट्रक्चर पर खर्च और प्रक्रिया में सुधार के जरिये कोशिश की गई है, लेकिन असल बदलाव बजट के बाहर होना है।

### नीतियों में बदलाव

- उपभोग के बजाय निवेश को प्राथमिकता मिली
- भारत को मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने पर ध्यान
- उम्मीद से कम वित्तीय सख्ती, बड़े कदम नहीं

**कुछ ज्यादा ही नरमी** । वित्तीय वर्ष 2027 के लिए राजकोषीय घाटे का लक्ष्य GDP का 4.3% रखा गया है, पिछले साल के 4.4% से थोड़ा ही कम। 2027 में कर्ज और जीडीपी का अनुपात 55.6% रहने का अनुमान है, जबकि 2026 में यह 56.1% था। ऐसे में 2031 तक 50% (+/-1%) के लक्ष्य तक पहुंचने के लिए सरकार को आने वाले चार बरसों में ज्यादा तेजी से सुधार करने होंगे। हालांकि इस महीने के आखिर में GDP के नए आंकड़ों से तस्वीर बदल सकती है।

**टिकाऊ मांग पर जोर** । कुल मिलाकर, बजट में सोच-समझकर कदम उठाए गए हैं। बड़े बदलावों के बजाय धीरे-धीरे आगे बढ़ने का रास्ता चुना गया है। उपभोग के बजाय निवेश पर दोबारा जोर देने से इसकी रणनीतिक स्पष्टता जाहिर होती है। मौजूदा समय में सही दृष्टिकोण यह है कि टिकाऊ मांग केवल खपत बढ़ाने से नहीं, बल्कि उत्पादन क्षमता मजबूत करने से पैदा होती है।

**विकास और महंगाई** । बजट का ध्यान श्रम प्रधान क्षेत्रों के साथ हाई-टेक मैन्युफैक्चरिंग पर भी है। यह भारत की बढ़ती क्षमता से मेल खाता है। भूराजनीतिक तनाव और सप्लाई चेन में आई बाधा की वजह से जो मुश्किलें खड़ी हुई हैं, उसे दूर करने के लिए भी इस बजट में शुरुआती कदम उठाए गए हैं। लेकिन बजट के सुधार बड़े बदलाव वाले नहीं हैं और गति धीमी है। यह बजट निकट भविष्य में ग्रोथ और महंगाई पर ज्यादा असर नहीं डालेगा, पर इसका असर इस बात पर निर्भर करता है कि सरकार नीतियों को किस तरह लागू करती है और बजट के बाहर भी क्या कदम उठाती है।

*(लेखिका INDIA AND ASIA EX JAPAN, NOMURA में चीफ इकॉनमिस्ट हैं)*

UNION BUDGET 2026-27



## बजट में किए गए उपायों से लंबी अवधि में विकास की रफ्तार बढ़ेगी



हर्ष गोयनका

वित्त मंत्री को केंद्रीय बजट पेश करने में 85 मिनट से ज्यादा का समय लगा। यह उनका लगातार नौवां बजट था। इसमें 2047 तक भारत को विकसित बनाने का स्पष्ट और प्रभावी रोडमैप रखा गया। वित्त मंत्री ने ग्रोथ, वित्तीय अनुशासन और सभी के विकास पर जोर दिया है। बजट का विचार बिल्कुल साफ है- अगर हमें 2047 तक विकसित देश बनना है, तो उसकी बुनियाद आज से ही रखनी पड़ेगी।

**लंबा दांव** । डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, क्लीन एनर्जी, न्यूक्लियर पावर, मैन्युफैक्चरिंग, टैलेंट और स्किल केवल तात्कालिक समाधान नहीं हैं, ये देश को लंबे समय तक आगे ले जाने वाले आधार हैं। इस बजट में कोई लोकलुभावन घोषणा नहीं है और न ही सुर्खियां बनाने वाली हेडलाइंस, लेकिन सोच और अमल - दोनों मामलों में यह अनुशासित है।

**स्थिरता को महत्व** । यह बजट इस बात का संकेत देता है कि सरकार तुरंत संतुष्टि के बजाय स्थिरता को ज्यादा महत्व दे रही है। ऐसे समय में इस बात की अहमियत और भी बढ़ जाती है, जब पूरी दुनिया अनिश्चितता और उथल-पुथल के दौर से गुजर रही है। यह बजट लंबे वक्त के विकास को प्राथमिकता देता है।

**कर्तव्य का आह्वान** । इस बार का केंद्रीय बजट तीन 'कर्तव्यों' पर आधारित है। पहला कर्तव्य - आर्थिक विकास को तेज करना और उसे टिकाऊ बनाए रखना, दूसरा - लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करना और क्षमता का निर्माण, तीसरा कर्तव्य - सबका साथ, सबका विकास। इसकी घोषणाएं संतुलित हैं। साथ ही, आने वाले दशक में भारत को तरक्की के लिए जिन चीजों की जरूरत होगी, उस दिशा में कदम बढ़ाया गया है। देश की आर्थिक रणनीति में भी बदलाव नजर आता है।



**निवेश के लिए सहूलियत** । वित्त मंत्री ने प्रवासी भारतीयों समेत दुनियाभर के निवेशकों को साफ संदेश दिया कि वे भारत में सिर्फ पैसिव इन्वेस्टर न रहें, यानी खुद को केवल निवेश तक सीमित न रखें बल्कि सक्रिय भागीदारी निभाएं। इसके लिए कुछ अच्छे कदम उठाए गए हैं। जो विदेशी कंपनियां भारत के डेटा सेंटर का इस्तेमाल कर देश और दुनिया के ग्राहकों को सेवाएं देंगी, उन्हें टैक्स से छूट दी गई है। विदेश में रहने वाले भारतीयों को टैक्स लाभ और बाजार तक आसान पहुंच देने की बात कही गई है। साथ ही, स्किल्ड लोगों को भारत में आकर काम करने के लिए आकर्षित करने की कोशिश भी की गई है। कुल मिलाकर, ग्लोबल डेटा इकॉनमी के लिए भारत खुद को सुरक्षित और बड़े स्तर पर काम करने वाले केंद्र के रूप में स्थापित कर रहा है। वैल्यू चेन में घरेलू भागीदारी भी सुनिश्चित की जा रही है।

### लंबे वक्त में असर

- लुभावनी घोषणाओं के बजाय दूरगामी सोच अपनाई
- दुनियाभर के निवेशकों को भारत आने का न्योता
- स्किल बढ़ाने पर जोर, घरेलू जरूरतों का भी ध्यान

**इज ऑफ डूइंग** । अहम बात यह है कि रणनीति में इस बदलाव के लिए घरेलू जरूरतों को नजरअंदाज नहीं किया गया है। आत्मनिर्भरता के लिए देश की विकास यात्रा में अब भी MSMEs, सर्विसेज, स्किल और क्षेत्रीय विकास केंद्रीय आधार बने हुए हैं। सरकार ने GST नियमों को सरल किया है, नए श्रम कानून लागू किए, नियमों में ढील दी और राज्यों में प्रक्रिया को आसान बनाया। ये सारे कदम बताते हैं कि हमारी पॉलिसी व्यापार के अनुकूल माहौल बना रही है।

**स्किल और क्षमता** । इस बजट में सेमीकंडक्टर, रेयर अर्थ और लिथियम बैटरी जैसे क्षेत्रों पर खास जोर है, जिनकी मांग दुनियाभर में बढ़ रही है। दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में यह बजट भारत के बढ़ते आत्मविश्वास को दर्शाता है। हालांकि यह सब तभी संभव है, जब भारत अपनी युवा आबादी को भी लगातार सक्षम बनाए। वित्त मंत्री ने इस मामले में भी निराश नहीं किया। लगभग हर क्षेत्र में स्किल और क्षमता बढ़ाने पर जोर दिया गया है।



**निरंतर प्रक्रिया** । प्रस्तावित उच्चस्तरीय समिति 'Education to Employment and Enterprise' सर्विस सेक्टर पर ध्यान देगी। साथ ही यह भी देखेगी कि AI जैसी उभरती तकनीक किस तरह से रोजगार और जरूरी स्किल पर असर डाल रही है। यह बजट याद दिलाता है कि गंभीर राष्ट्र निर्माण का काम शोर-शराबे से नहीं होता। यह काम लगातार चलने वाला है। लुभावनी घोषणाओं के बजाय धैर्य को चुनकर सरकार ने लंबे वक्त के लिए दांव खेला है। आज से कई बरस बाद हम शायद इस बजट को उसकी दूरदर्शिता के लिए याद करें।

*(लेखक RPG Enterprises के चेयरमैन हैं)*


### AI की दुनिया

## DNA पढ़कर बीमारियों के राज़ खोलेगा AI

*गूगल ने AlphaGenome AI मॉडल बनाया है, जो DNA में हुए हर बदलाव को समझ कर बता सकता है कि उसका असर शरीर पर क्या होगा। यह मॉडल DNA को ऐसे पढ़ता है, जैसे कोई डॉक्टर MRI, CT Scan और ब्लड रिपोर्ट।*

**कैंसर पर प्रयोग सफल**

**यह मॉडल** 10 लाख DNA पढ़कर अनुमान लगा सकता है कि कौन-सा जीन कहां से शुरू और कहां खत्म होता है, कितना RNA बनेगा, कौन-सा हिस्सा एक्टिव रहेगा और कौन-सा किसी प्रोटीन से जुड़ेगा। वैज्ञानिकों ने एक तरह के ब्लड कैंसर में इसका इस्तेमाल किया और मॉडल ने सही अनुमान लगा दिया। इस्तेमाल उन दुर्लभ बीमारियों के राज खोलने में भी हो सकता है, जिनके बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है।


AI Image

**आम इस्तेमाल के लिए नहीं**

**अभी AlphaGenome** को आम लोग इस्तेमाल नहीं कर सकेंगे। गूगल ने बताया है कि मॉडल रिसर्च के लिए है, इलाज या पर्सनल जीन टेस्ट के लिए नहीं। यह डॉक्टर की जगह नहीं लेगा, बल्कि वैज्ञानिकों को बेहतर रिसर्च करने में मदद करेगा। माना जा रहा है कि यह जीनोम रिसर्च में मील का पत्थर साबित हो सकता है। *-प्रदीप तिवारी*

जनता जंक्शन — इरफान




## एक्सपोर्ट के लिए भरोसा जीतने निकला भारत


आदित्य सिन्हा

**औद्योगिक क्रांति** के समय सबसे बड़ा बदलाव मशीन या तकनीक में नहीं, बल्कि जोखिम में था। पहले आर्थिक झटके कम होते थे, लेकिन उद्योग बढ़ने के साथ अनिश्चितता बढ़ गई। मांग घटने, परिवहन में बाधा और वित्तीय संकट से कई उद्यम प्रभावित हुए। जिन देशों ने इसे संभाला, उन्होंने जोखिम खत्म नहीं किया बल्कि उसकी जिम्मेदारी और नियम तय किए।

### अनिश्चितता घटाने का प्रयास

इस साल के बजट में माना गया है कि भारत की निर्यात प्रतिस्पर्धा में सबसे बड़ी बाधा लागत या उत्पादकता नहीं, बल्कि घरेलू अनिश्चितता है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि वैश्विक व्यापार दबाव में है, आपूर्ति अस्थिर है और नियमों में अनिश्चितता बढ़ी है। इसलिए भारत ज्यादा निर्यात के साथ भरोसेमंद भागीदार बनना चाह रहा। इसके लिए अनिश्चितता कम करनी होगी।

किसी भी कंपनी के लिए निर्यात का फैसला बहुत महत्वपूर्ण होता है। इसके लिए सर्टिफिकेशन, नियमों का पालन, लॉजिस्टिक्स, विदेशी खरीदारों के साथ समझौते और अतिरिक्त पूंजी जुटानी पड़ती है। अगर देश में इंफ्रास्ट्रक्चर, भुगतान और नीति साफ नहीं है, तो निर्यात टालना समझदारी भरा फैसला होता है। इसी वजह से भारत में सिर्फ कुछ कंपनियां ही निर्यातक बन पाती हैं।

बजट में अनिश्चितता को कई तरह से संभालने की कोशिश की गई। कैपेक्स को 12.2 लाख करोड़ रुपये तक बढ़ाने का उद्देश्य केवल मांग बढ़ाना नहीं, इंफ्रा से जुड़ी अनिश्चितता को घटाना है। जब सड़कें, रेल नेटवर्क और बंदरगाह समय पर पूरे होते हैं, तो निर्यातकों को कम लागत के साथ अधिक विश्वसनीय सप्लाई चेन मिलती है।

छोटे और मझोले उद्यमों के लिए अनिश्चितता अलग होती है। वित्त मंत्री ने बताया कि TReDS प्लैटफॉर्म के माध्यम से अब तक 7 लाख करोड़ रुपये से अधिक के बिल डिस्काउंट किए जा चुके हैं। इसके अलावा, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (CPSE) की खरीद को TReDS से जोड़ना, क्रेडिट गारंटी बढ़ाना और बकाया रकम को वित्तीय साधनों में बदलने जैसे प्रस्ताव छोटे व मझोले उद्यमों की अनिश्चितता कम करने में मदद करते हैं।



### असर दिखने में वक्त लगेगा

बजट में कस्टम ड्यूटी और व्यापार को आसान बनाने के लिए भी कदम उठाए गए हैं। निर्यात प्रतिस्पर्धा उत्पादन व लॉजिस्टिक्स के साथ सीमा पर मिलने वाले अनुभव से भी तय होती है। कस्टम ड्यूटी आसान करना, अनावश्यक शुल्क को हटाना और इनपुट पर ड्यूटी कम करने का मकसद भी अनिश्चितता कम करना है। जब शुल्क संरचना जटिल होती है, तो कंपनियां भविष्य की लागत का अनुमान नहीं लगा पातीं।

कस्टम प्रक्रिया में भरोसे पर आधारित सिस्टम, पहले से लिए गए फैसलों की मान्यता, तेज क्लियरेंस और जोखिम के आधार पर जांच निर्यातकों के लिए जरूरी है। व्यापार में एवरेज क्लियरेंस टाइम से ज्यादा उसकी अनिश्चितता मायने रखती है। अगर कंपनी को यह नहीं पता कि उसका माल कहां और कब रुकेगा या किस आधार पर रुकेगा, तो वह ग्लोबल सप्लाई चेन का हिस्सा कैसे बन पाएगी। इन सुधारों से परिणाम पहले से जानने में मदद मिलेगी।

इस बजट का असर GDP आंकड़ों में तुरंत नहीं दिखेगा। यह तब दिखेगा जब अधिक भारतीय कंपनियां निर्यात शुरू करेंगी, वैश्विक बाजार में टिकेंगी और भारत को भरोसेमंद निर्यातक के रूप में देखा जाएगा। इतिहास बताता है कि मजबूत उद्योग की नींव अनिश्चितताओं को समझदारी से संभालने में होती है। यह बजट भी इसी दिशा में एक गंभीर और ठोस प्रयास है।

*(लेखक अर्थशास्त्री हैं)*

THE SPEAKING TREE

और पढ़ने के लिए देखें www.speakingtree.nbt.in

## दान करने की क्षमता संपत्ति को बनाती है सार्थक

राम कृष्ण सिन्हा

धन कमाना एक कला है। इसे विकसित करने के लिए व्यक्ति को अवसरों की पहचान करना सीखना होता है। साथ ही धैर्य, अनुशासन, विवेक और जोखिम को समझने की क्षमता जैसे आवश्यक गुणों को अपनाना पड़ता है। इस प्रक्रिया में मस्तिष्क की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है।

मस्तिष्क हमें भय, लालच और चिंता जैसी भावनाओं को नियंत्रित करने में सहायता करता है। जब भावनाएं अनियंत्रित हो जाती हैं, तब व्यक्ति अक्सर जल्दबाजी में ऐसे वित्तीय निर्णय ले लेता है, जिनका परिणाम नुकसान के रूप में सामने आता है। इसलिए धन सृजन के लिए एक शांत, संतुलित मस्तिष्क का होना अनिवार्य है। लेकिन यदि अर्जित धन का कोई उद्देश्य न हो, तो वह निरर्थक भी साबित हो सकता है। यहीं हृदय की भूमिका सामने आती है। सत्य, करुणा और संवेदनशीलता जैसे नैतिक मूल्यों से कमाया गया धन जीवन में असली और सकारात्मक बदलाव लाता है। फिर भी, वास्तविक दुनिया में धन केवल विचारों और मूल्यों से नहीं बनता। इसके लिए हाथ यानी ठोस कर्म आवश्यक है। अथर्ववेद भी हाथ की महिमा का वर्णन करता है- शतहस्त समाहर सहस्रहस्त संकिर, यानी सौ हाथों से कमाओ और हजार हाथों से दान दो।

सच्चा धन न केवल भौतिक समृद्धि देता है, बल्कि आंतरिक संतोष, आध्यात्मिक उन्नति और सामाजिक कल्याण का मार्ग भी खोलता है।


*(लेखक पूर्व बैंकर हैं)*

# पूर्व आर्मी चीफ की अप्रकाशित किताब में है क्या?

## राहुल ने लोकसभा में जिस किताब का जिक्र किया, वह दो साल पहले होनी थी रिलीज

Poonam.Pandey
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** भारतीय सेना के पूर्व प्रमुख जनरल एमएम नरवणे की जिस अप्रकाशित किताब का जिक्र होने पर सोमवार को लोकसभा में हंगामा हुआ और सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी, वह किताब दो साल पहले प्रकाशित होनी थी। दिसंबर 2023 में पेंगुइन ने जनरल नरवणे की लिखी किताब- 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' का ऐलान किया था। ये जनरल नरवणे की ऑटोबायोग्राफी थी। साथ ही इसका प्री-ऑर्डर भी लिया जाने लगा था। किताब जनवरी 2024 में आनी थी। लेकिन उससे पहले इसके कुछ अंश मीडिया में सामने आ गए।



पूर्व आर्मी चीफ जनरल एमएम नरवणे। किताब की यह झलक जारी हुई थी।

किताब की रिलीज से कुछ वक्त पहले मीडिया में किताब के जो अंश सामने आए उसके मुताबिक, जनरल नरवणे ने 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' में अग्निपथ को लेकर लिखा है कि यह आर्मी को हैरान करने वाली थी और एयरफोर्स और नेवी के लिए ये तो झटके की तरह आई थी। किताब में लिखा गया कि अग्निपथ के अलग-अलग मॉडल पर चर्चा हुई थी और सेना की शुरुआती दलील यह थी कि भर्ती किए जाने वाले जवानों में से 75% को सर्विस में बनाए रखा जाए।

**मैगजीन ने किताब में लिखी बातें छापी तो हंगामा:** पिछले दिनों Caravan मैगजीन में इस अप्रकाशित किताब में लिखी बातों का जिक्र करते हुए एक डिटेल लेख छापा गया। उसमें लिखा कि भारतीय सेना की नॉर्थ कमान के तत्कालीन आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल योगेश जोशी को 31 अगस्त 2020 की रात 8:15 बजे एक फोन कॉल आया। चार चीनी टैंक, पैदल सैनिकों के साथ पूर्वी लद्दाख के रेचिन ला की ओर ऊपर बढ़ रहे थे। चीन के टैंक कैलाश रेंज पर भारतीय सेना की पोस्ट से कुछ सौ मीटर की दूरी पर थे। जनरल नरवणे ने देश के राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व को लगातार फोन करना शुरू किया। वे सबसे बस यही पूछ रहे थे कि मेरे लिए क्या ऑर्डर है। उनके वरिष्ठ अधिकारियों की ओर से कोई साफ निर्देश नहीं मिला। चीनी टैंक रुके नहीं थे। वे चोटी से सिर्फ 500 मीटर की दूरी पर रह गए थे। नरवणे ने लिखा है कि मेरी स्थिति बेहद नाजुक हो चुकी थी। इसके मुताबिक रात 10:30 बजे रक्षा मंत्री का फोन आया। टॉप लीडरशिप से निर्देश सिर्फ एक पंक्ति का था- 'जो उचित समझो, वो करो।' अगस्त 2020 में न तो गोली चलाने की कोई अनुमति दी गई थी और न ही उस पर कोई स्पष्ट रोक थी।


### किताब को अब तक छपने की मंजूरी क्यों नहीं

पूर्व आर्मी चीफ नरवणे की ऑटोबायोग्राफी 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' क्या रिलीज होगी या नहीं? जब से 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' की रिलीज रुकी तबसे ही यह सवाल बार बार पूछा जा रहा है कि क्यों यह रुकी और कब पब्लिश होगी। पिछले साल अक्टूबर में खुशवंत सिंह लिट फेस्ट में जब एक गेस्ट की तरफ से जनरल नरवणे से ये पूछा गया कि आपकी किताब अभी तक क्लियर क्यों नहीं हुई और पब्लिश क्यों नहीं हुई तो जनरल नरवणे ने हंसते हुए जवाब दिया कि मैं भी ये जानना चाहता हूं। ये पब्लिशर का काम है कि वे रक्षा मंत्रालय से परमिशन लें। ये अभी अंडर रिव्यू है। नरवणे ने कई और मौकों पर भी ये कहा था कि उनकी ऑटोबायोग्राफी रिव्यू के लिए रक्षा मंत्रालय के पास है। लेकिन क्या रक्षा मंत्रालय इसका रिव्यू कर रहा है और इसकी क्या प्रक्रिया होती है? इसका मंत्रालय की तरफ से कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया गया। न ही भारतीय सेना ने इसका जवाब दिया।

वैसे एक अधिकारी ने बताया कि हर सरकारी कर्मचारी जिसमें सशस्त्र सेनाओं के लोग भी शामिल होते हैं, वे ऑफिशियल सीक्रेट ऐक्ट से बंधे होते हैं। ऐसे मामलों में सभी जरूरी इजाजत लेनी होती है। ये किताब या लेख के कंटेंट पर निर्भर करता है।

## मस्क ने ग्रोथ को सराहा, रिजिजू ने राहुल को दी सलाह

■ NBT रिपोर्ट: टेस्ला CEO इलॉन मस्क की एक पोस्ट पर केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने राहुल गांधी को देशप्रेम सीखने की सलाह दी है। मस्क ने X पर वर्ल्ड स्टैटिक्स का डेटा शेयर कर लिखा, 'ताकत का पलड़ा अब बदल रहा है।' इस चार्ट में बताया गया था कि 2026 में दुनिया की GDP ग्रोथ में योगदान देने वाले देशों में भारत, चीन के बाद दूसरे नंबर पर रहेगा। मस्क के पोस्ट को शेयर करते हुए रिजिजू ने लिखा, 'राहुल गांधी का भारत को बदनाम करना और उसकी उपलब्धियों को कमतर आंकना ठीक नहीं है। भारत पर गर्व करने वाले भारतीय बनें।'



## भारत को नेपाल बनाना चाहते थे वांगचुकः केंद्र SC में

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** केंद्र सरकार ने दलील दी कि लद्दाख के सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने लद्दाख की युवा पीढ़ी को उकसाया कि अगर लद्दाख को छठी अनुसूची का दर्जा नहीं दिया जा रहा, तो वे नेपाल, बांग्लादेश और श्रीलंका जैसे पड़ोसी देशों में हुए Gen-Z आंदोलनों से प्रेरणा लें। लद्दाख को राज्य का दर्जा देने की मांग को लेकर हुए प्रदर्शन के हिंसक हो जाने के बाद, 26 सितंबर 2025 को वांगचुक को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (NSA) के तहत हिरासत में लिया गया था।

जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस पी.बी. वराले की पीठ ने वांगचुक की पत्नी डॉ. गीतांजलि अंग्मो द्वारा दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण (हैबियस कॉर्पस) याचिका पर सुनवाई कर रही है। वांगचुक की पत्नी ने राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम, 1980 के तहत वांगचुक की हिरासत को अवैध बताते हुए चुनौती दी है।


Jawahar / Modi Style
JACKETS
SUITS • BLAZERS
ALSO AVAILABLE LONG COATS
upto 60% off
Formal • Casual • Party wear
By Economy Sales: 9212759425
ARROW | Raymond | PARK AVENUE | LOUIS PHILIPPE
• PUNCHKUIAN ROAD, Garwal Bhawan, (Near Jhandewalan, Gole Chkr.)
• GURUGRAM 306, City Center, Sector 29 (Near Hotel Pllazio)
• WAZIRPUR A-5, Near Richi Rich Banquet (Opp. Shalimar Bagh)
• NOIDA, Nirula's Sec-2, Near Metro Station, Sec-15, Noida, UP
• LAJPAT NAGAR, 49, Main Ring Road, Adj. Haldi Ram, Near Moolchand Crossing





गैस, कब्ज एसिडिटी में लाभदायक
TASTY & Digesive
बादल® स्पैशल चूर्ण
"रखे देश का हाजमा दुरुस्त"
पहली बार खाने से ही आराम शुरू
www.badalchuran.in
9891472391



केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद्
(आयुष मंत्रालय, भारत सरकार)
61-65, संस्थागत क्षेत्र, डी-ब्लॉक के सामने, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058

**वाक-इन-इंटरव्यू**

पात्र उम्मीदवारों को निम्नलिखित संविदा पद के लिए सीसीआरयूएम, मुख्यालय, 61-65, इंस्टीट्यूशनल एरिया, डी-ब्लॉक के सामने, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 में नीचे उल्लिखित दिनांक एवं समय पर वॉक-इन-इंटरव्यू के लिए आमंत्रित किया जाता है।

| क्र सं | पद का नाम | वॉक-इन-इंटरव्यू की तिथि | हाजिरी का समय |
|---|---|---|---|
| 1. | सलाहकार (बजट) | 11 फरवरी, 2026 | 02:00 बजे अपराह्न |

2. उपर्युक्त संविदा पद की पात्रता शर्तों, पदों की संख्या, पदस्थापन स्थान, पारिश्रमिक इत्यादि के बारे में पूर्ण विवरण परिषद् की वेबसाइट **www.ccrum.res.in** से डाउनलोड किया जा सकता है। किसी भी परिशिष्ट/शुद्धिपत्र को केवल परिषद् की वेबसाइट पर ही पोस्ट किया जाएगा।
3. योग्य उम्मीदवार, परिषद् की वेबसाइट पर पड़े निर्धारित प्रारूप पर अपने बायोडाटा लेकर आयें। उम्मीदवार फोटोकॉपी के एक सेट के साथ मूल शैक्षिक/व्यावसायिक योग्यता प्रमाण पत्र, पेंशन भुगतान आदेश की प्रति, और दो नवीनतम पासपोर्ट आकार के फोटो भी लाएं।

प्रशासनिक अधिकारी
कृत्य महानिदेशक, सीसीआरयूएम



HIGH COURT OF DELHI : NEW DELHI
SHORT VACANCY NOTICE

JUNIOR JUDICIAL ASSISTANT/RESTORER (OPEN) EXAMINATION - 2026

Online applications are invited from persons, who are citizens of India or subjects of Nepal as per instructions issued by the Government of India from time to time, for filling up following existing vacancies for the post of Junior Judicial Assistant/Restorer and preparing a panel thereof:

| Post | Classification and Level | No. of Vacancies | | | | | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Gen | EWS | OBC-NCL | SC | ST | |
| Junior Judicial Assistant/Restorer | Group- 'B' 6th Level of Pay-matrix of 7th CPC | 62 | 12 | 44 | 20 | 14 | 152 |

Out of the aforesaid total 152 vacancies:-
(i) Total Vacancies reserved for PwBD on horizontal basis – 10
(ii) Break-up of aforesaid 10 vacancies reserved for PwBD on horizontal basis:-
a) Blind (B), Low Vision (LV) (1%) 4
b) Deaf (D), Hard of Hearing (HH) (1%) 3
c) One Arm (OA), Both Arms (BA), One Leg (OL), Both Legs (BL), One Arm One Leg (OAL), Cerebral Palsy (CP), Leprosy Cured (LC), Dwarfism (DW), Acid Attack Victim (AAV) (1%) 1
d) Autism Spectrum Disorder (ASD), Specific Learning Disability (SLD), Mental Illness (MI) and 2
e) Multiple Disabilities (MD) involving (a) to (d) above (1%)

**Essential Qualifications (As on 23.02.2026):**

Graduate from a recognized University and having typing speed of not less than 35 words per minute on Computer. (Only such candidates, who possess essential qualifications as on the last date of submission of online applications, need to apply.)

**Schedule of Dates:**

| | |
|---|---|
| Commencement Date for submission of online applications | 04.02.2026 (1100 hours) |
| Last date and time for receipt of online applications | 23.02.2026 (2300 hours) |
| Last date and time for making online fee payment | 23.02.2026 (2355 hours) |
| Last Date of Closing of Window for Correction of Application Form and online payment of Correction Charges | 27.02.2026 (2000 hours) |
| Downloading of Admit Card from Delhi High Court website, i.e., www.delhihighcourt.nic.in | To be announced later through public notice on official website |
| Date, Time & Venue of Examination | To be announced later through public notice on official website |

**Age Limit:**
Applicant-Candidate's age should not be below 18 years and over 32 years as on 01.01.2026. Thus, the applicant should have been born not earlier than 02.01.1994 and not later than 01.01.2008. Candidates should note that Date of Birth as recorded in Matriculation / Secondary Examination Certificate / Mark-Sheet or an equivalent Certificate only will be accepted for determining the age eligibility and no subsequent request for its change will be considered/entertained.

The detailed advertisement, containing information with respect to age relaxation to certain categories, reservation, mode of selection, examination fee, how to apply, other general instructions, etc., is available on the website of Delhi High Court i.e. www.delhihighcourt.nic.in.

Date: 30.01.2026

Sd/-
(ARUN BHARDWAJ)
REGISTRAR GENERAL




एनबीसीसी NBCC
A Navratna CPSE
ASPIRE

मानननीय उच्चतम न्यायालय की निगरानी वाली आवास परियोजना लर्नेड कोर्ट रिसीवर के माध्यम से

एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड द्वारा निष्पादित

ई-नीलामी के माध्यम से मालसूची की थोक बिक्री



**एस्पायर लेज़र वैली**
टेकज़ोन-IV, ग्रेटर नोएडा (वेस्ट), उत्तर प्रदेश
मालसूची आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच.के. एवं 4 बी. एच. के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
डीमार्ट के पास एवं आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन - 35 मिनट



**एस्पायर सिलिकॉन सिटी**
फेज़-IV, सेक्टर-76, नोएडा, उत्तर प्रदेश
मालसूची - आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच.के. एवं 4 बी.एच.के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
स्पेक्ट्रम मॉल, नोएडा के पास और निकटतम मेट्रो स्टेशन नोएडा सेक्टर-50 (एक्वा लाइन) एवं सेक्टर-76 मेट्रो हैं तथा आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन - 25 मिनट



**एस्पायर सेंचुरियन पार्क**
टेकज़ोन-IV, ग्रेटर नोएडा (वेस्ट), उत्तर प्रदेश
मालसूची-आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच.के. एवं 4 बी.एच.के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
डीमार्ट के पास एवं आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन - 30 मिनट



**एस्पायर लेज़र पार्क**
टेकज़ोन-IV, ग्रेटर नोएडा (वेस्ट), उत्तर प्रदेश
मालसूची-आधुनिक सुविधाओं से युक्त 3 बी.एच.के. एवं 4 बी.एच.के. के आलीशान अपार्टमेंट्स
डीमार्ट के पास एवं आनंद विहार आईएसबीटी और रेलवे स्टेशन - 30 मिनट

ई.एम.डी. जमा करने की अंतिम तिथि: 10.02.2026
ई-नीलामी 11.02.2026 को आयोजित की जाएगी
ई.एम.डी. राशि 9.70 करोड़ रु. से 20.90 करोड़ रु. तक
6 पैकेज जिनका मूल्य 485 करोड़ रु. से 1,045 करोड़ रु. तक है
प्री-बिड मीटिंग दिनांक 03-02-2026 को आयोजित की जाएगी

कृपया अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट देखें:
www.nbccindia.in | www.receiveramrapali.in
या कॉल करें : 9772907414

कृपया ई-नीलामी दस्तावेज के लिए क्यूआर स्कैन करें:



#ConmanVsCommonMan




© Bennett, Coleman & Company Ltd., All rights reserved

अक्सर, शैतान वेश बदल के आता है।

अज्ञात स्त्रोतों से प्राप्त अटैचमेंट को कभी न खोलें, नहीं तो स्कैमर आपके फोन पर नियंत्रण कर लेगा और यदि कोई आपको धोखा देने की कोशिश करता है, तो बस कहें, "मैं मूर्ख नहीं हूँ"।

सैफ्टी UPI की, समझदारी आपकी।

UPI UNIFIED PAYMENTS INTERFACE
Easy. Safe. Instant.

Issued in public interest by
NPCI
भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम
NATIONAL PAYMENTS CORPORATION OF INDIA

साइबर फाइनेंशियल फ्रॉड की रिपोर्ट हेल्पलाइन नंबर 1930 पर करें।

tgthr./02/25/142

8 www.nbt.in
नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली/एनसीआर।
मंगलवार, 3 फरवरी 2026

# NBT GOOD न्यूज़

**मुस्कुराते चेहरे ज्यादातर लोगों को आते है पसंद**
एक सर्वे के मुताबिक करीब 70% लोग उन चेहरों को ज्यादा सुंदर मानते हैं जो मुस्कुराते हैं, बजाय उनके जिन्होंने भारी मेकअप किया हो।

## विचार

सफलता की यात्रा खुद पर अटूट यकीन से शुरू होती है। जब आप अपनी क्षमताओं पर भरोसा करते है, तो हर कठिन चुनौती आसान हो जाती है और जीत का मार्ग प्रशस्त होता है। - क्रिस्टियानो रोनाल्डो
(Cristiano Ronaldo)

## ज़रा हंस लें


टीचर: हॉस्पिटल का क्या मतलब होता है? स्टूडेंट: सर स्वर्ग की ओर जाने वाले रास्ते में जो टोल टैक्स आता है, उसे ही हॉस्पिटल कहते है...

## कविता : जीने का अधिकार दिया

कुदरत ने उपहार दिया है।
जीने का अधिकार दिया है।।
लाल गुलाबी नीले पीले।
रंगो का बाजार दिया है।।
दादा- दादी नाना- नानी।
रिश्तो का भरमार दिया है।।
चांद सितारों ने भी मुझको।
दामन भर-भर प्यार
दिया है।।
राम कृष्ण ने इस धरती पर।
खुशियों का अंबार दिया है।।
बहुत-बहुत आभार
खुदा का।
हरा भरा परिवार दिया है।।
सावन की रिमझिम बूंदों ने।
मधुमासी उपहार दिया है।।
नारी जन्म मिला धरती पर।
चंदन सा किरदार दिया है।।
तुम्हें नमन है मात सरस्वती।
लेखन को विस्तार दिया है।।

- शशि किरन श्रीवास्तव, NBT रीडर

पॉजिटिव सोच के साथ आपने भी कोई कविता लिखी है, तो हमें ईमेल nbtreader@timesofindia.com पर भेजें। जिरो मिल सकता है अगले अंक में छपने का मौका।


स्विट्जरलैंड में हालिया टेस्ट के दौरान अंतरिक्ष-HAB, जिसे भविष्य के ह्यूमन स्पेस मिशनों के लिए डिजाइन किया गया है।

# इंसानों के लिए स्पेस में ठिकाना बनाने का सपना

Chethan.Kumar
@timesofindia.com

■ बेंगलुरु का स्टार्टअप 'आकाशलब्धि' भारत का पहला इन्फ्लेटेबल स्पेस हैबिटेट (फूलने वाला घर) जुलाई में लॉन्च करने जा रहा है। 'अंतरिक्ष-HAB' नाम का यह प्रोजेक्ट भविष्य के मानव अंतरिक्ष मिशनों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। IISc बेंगलुरु में इनक्यूबेट हुए इस स्टार्टअप ने स्विट्जरलैंड में यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के सहयोग से इसके सफल टेस्ट पूरे कर लिए है।
खास बात यह है कि इसे रॉकेट में बहुत छोटे रूप में भेजा जाएगा और अंतरिक्ष में पहुंचकर वह गुब्बारे की तरह फूलकर बड़ा (300 क्यूबिक मीटर तक) हो जाएगा। स्पेन की कंपनी 'PLD Space' के जरिए होने वाले इस मिशन में इसकी मजबूती और सुरक्षित वापसी की टेस्टिंग होगी। इस ऐतिहासिक प्रोजेक्ट में IIT दिल्ली, IIT रुड़की और कई अंतरराष्ट्रीय संस्थान शामिल है।




### क्या है इन्फ्लेटेबल स्पेस हैबिटेट

पिकनिक टेंट की तरह यह फोल्डिंग हैबिटेट रॉकेट में सिमटकर जाता है और अंतरिक्ष में फूलकर बड़ा हो जाता है। इससे एस्ट्रोनॉट्स को रहने के लिए काफी ज्यादा जगह मिलती है।

## कोच्चि के एस्बेस्टस की छत वाले छोटे से जिम उभर रहे केरल के पावरलिफ्टर

# इस छोटी सी फिटनेस की पाठशाला में बन रहे बाहुबली


Photo: RK Sreejith

Vishal.Menon@timesofindia.com

■ कोच्चि में एस्बेस्टस की छत वाला एक छोटा सा जिम है, जिसका नाम है 'फिटनेस कोच्चि'। बारिश होते ही इसकी छत खड़खड़ाने लगती है, लेकिन अंदर लोहे की टकराती आवाजें जुनून और मेहनत की कहानी सुनाती है। यह कोई हाई-फाई फिटनेस सेंटर नहीं, बल्कि शहर का एक ऐसा 'ओपन सीक्रेट' है, जहां खामोशी से केरल के पावरलिफ्टर्स तैयार हो रहे है। इस जिम की धड़कन है 60 साल की बीना मैरी स्टीफेंसन, जिन्हें सब प्यार से 'बीना मैम' कहते है। इसी महीने 7 से 11 जनवरी के बीच फरीदाबाद में बेंच प्रेस नेशनल्स हुए। बीना मैम के इस छोटे से जिम से 10 लिफ्टर्स वहां पहुंचे और लौटे तो 7 गोल्ड और 2 ब्रॉन्ज मेडल साथ लाए। इस कामयाबी की अगुवाई खुद बीना ने की। 'मास्टर्स-3' कैटेगरी में उन्होंने 85 किलो वजन उठाकर अपना ही रिकॉर्ड तोड़ दिया।
बीना ने 2018 में यह जिम शुरू किया था। आज यहां 14 साल के बच्चे से लेकर 75 साल के बुजुर्ग तक ट्रेनिंग लेते हैं। 66 साल की रीनी धारकन हफ्ते में तीन दिन ट्रेन-बस बदलकर आती हैं। 75 साल के प्रेमचंद्रन मोटरसाइकिल से पिरावोम से पहुंचते हैं। बीना मैम कहती है, स्टूडेंट्स कम हैं, लेकिन उनका कमिटमेंट बहुत बड़ा है।

### 'मां की तरह करती है केयर'

यह सफर आसान नहीं था। फ्लाइट का खर्च न जुट पाने पर एर्नाकुलम से सभी एथलीट स्लीपर क्लास में दिल्ली पहुंचे। पूर्व एयरफोर्स कर्मी जॉनी बीजे की बेटियां ज्वेल और नाओमी भी शामिल थीं। ज्वेल ने गोल्ड जीता, जबकि नाओमी 7वें स्थान पर रहीं। जॉनी बताते है कि सफर में बीना एक मां की तरह स्टूडेंट्स की देखभाल करती रहीं। केरल पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन के सेक्रेटरी मोहन पीटर्स कहते है, बीना भले लाइमलाइट से दूर हों, लेकिन सच्चे लिफ्टर्स उन्हें खुद ढूंढ लेते है।



ना हाई-फाई जिम, ना फैंसी डाइट... बस 60 साल की बीना मैम का गाइडेंस और मेडल का सरप्राइज

### 'सिस्टम से सपोर्ट नहीं मिलता'

हालांकि दुख की बात है कि इन खिलाड़ियों को सिस्टम से वो सपोर्ट नहीं मिलता, जिसके वे हकदार है। मार्च में वारसॉ में इंटरनेशनल इवेंट है, जिसका खर्चा करीब 3 लाख रुपये प्रति व्यक्ति है, लेकिन बीना कहती है कि हम इसे अफोर्ड नहीं कर सकते। स्पॉन्सर्स की शर्तें सीमित हैं, इसलिए वे अपने संसाधनों में ही संतोष पाती हैं। शाम ढलते ही 'फिटनेस कोच्चि' में लोहे की खनक फिर गूंजने लगती है। दुनिया की नजरें भले न हों, लेकिन बीना मैम यहां खामोशी से ताकत की नई कहानी लिख रही है।

## NBT जन्मदिन मुबारक

### वहीदा रहमान



3 फरवरी 1938 को जन्मी वहीदा रहमान दिग्गज एक्ट्रेस है। 'गाइड' और 'प्यासा' जैसी शानदार फिल्मों के लिए मशहूर वहीदा को 'दादा साहब फाल्के अवॉर्ड' मिल चुका है।

### बीरेंद्र लाकड़ा



3 जनवरी 1990 को जन्मे बीरेंद्र लाकड़ा हॉकी के डिफेंडर रहे है। ओलिंपिक 2020 में ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे बीरेंद्र को अर्जुन अवॉर्ड मिला है।

### दीप्ति नवल



3 फरवरी 1952 को जन्मी दीप्ति नवल एक्ट्रेस और डायरेक्टर है। 'चश्मे बद्दूर' और साथ-साथ जैसी फिल्मों से पहचान बनाने वाली दीप्ति ने आर्ट फिल्मों में बड़ा नाम कमाया है।

### रघुराम राजन



RBI के पूर्व गवर्नर, अर्थशास्त्री रघुराम राजन का जन्म 3 फरवरी 1963 को हुआ। वह IMF के चीफ इकोनॉमिस्ट भी रहे है और फिलहाल शिकागो यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर है।

## रफ्तार पर कुदरत का 'गुलाबी ब्रेक'!


Sanjay Hadkar



मुंबई में ईस्टर्न एक्सप्रेस हाइवे (विक्रोली-घाटकोपर) मानो किसी कैनवास पर उतरी पेंटिंग बन गया है। सर्दियों की दस्तक के साथ खिले टेबेबुइया रोसिया (Tabebuia Rosea) के फूलों ने राहगीरों को ठहरने और इस नजारे को फोन में कैद करने पर मजबूर कर दिया है।

# AI से पानी बचाने की खोजी तरकीब, दुनिया से लूटी तारीफ

Mohita.Tewari@timesofindia.com



■ लखनऊ: वॉटर मैनेजमेंट के क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का प्रभावी इस्तेमाल कर लखनऊ की शुचि मिश्रा ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है। अमेरिका के ह्यूस्टन में अपने रिसर्च और कार्य के लिए उन्हें वैश्विक सराहना मिली है। शुचि वर्तमान में WSP USA Inc. में वॉटर रिसोर्सेज कंसल्टेंट के रूप में काम कर रही है, जहां वे स्मार्ट टेक्नोलॉजी और पर्यावरण इंजीनियरिंग के संगम पर अहम परियोजनाओं का नेतृत्व कर रही है। शुचि का शोध स्प्रिंगर नेचर जैसे प्रतिष्ठित जर्नल्स में पब्लिश हुआ है। उन्होंने सरकारी और प्राइवेट एजेंसियों के साथ मिलकर ऐसे प्रोजेक्ट किए हैं, जिनमें मशीन लर्निंग को शहरों की जल योजना में जोड़ा गया। जलवायु परिवर्तन के दौर में उनके काम ने स्टॉर्म वॉटर मैनेजमेंट, पाइपलाइन हाइड्रॉलिक्स और भूजल संरक्षण जैसी चुनौतियों के लिए दीर्घकालिक रणनीतियों को मजबूत किया है।

अपने काम के बारे में शुचि कहती है, 'एआई हमें बड़े डाटा को समझने में मदद करता है। हम सिर्फ आज की स्थिति नहीं देखते, बल्कि आगे क्या हो सकता है, इसका अनुमान लगाकर ज्यादा मजबूत इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार कर सकते हैं।' शुचि जल विज्ञान और पर्यावरण इंजीनियरिंग से जुड़े कई अंतरराष्ट्रीय जर्नल्स में शोध लेख लिखती है और समीक्षक (रिव्यूअर) के तौर पर भी अपनी भूमिका निभाती है। शहरी इलाकों में अत्यधिक बारिश के दौरान ड्रेनेज सिस्टम से लेकर वेस्टवॉटर नेटवर्क तक, जटिल प्रणालियों पर उनका खास फोकस है।




मदन मोहन मालवीय इंजीनियरिंग विश्वविद्यालय से सिविल इंजीनियरिंग और टेक्सास A &M यूनिवर्सिटी से पर्यावरण इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने वाली शुचि बताती है, 'टेक्नॉलजी का मकसद लोगों की रोजमर्रा की समस्याओं का समाधान करना है। भारत में मैंने जल आपूर्ति, स्टॉर्म वॉटर और वेस्टवॉटर से जुड़े बड़े प्रॉजेक्ट्स पर काम किया। अमेरिका में वही अनुभव एडवांस टेक्नॉलजी के साथ और आगे बढ़ा।'

# THE ECONOMIC TIMES

## फटाफट खबरें

### LIC में हिस्सेदारी बेचेगी सरकार

■ पीटीआई, नई दिल्ली: सरकार अगले वित्त वर्ष में भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC) में अपनी हिस्सेदारी और कम करने पर गंभीरता से विचार कर रही है। यह हिस्सेदारी एक पब्लिक ऑफर के जरिए बेची जा सकती है। फिलहाल, LIC में सरकार की 96.5 फीसदी हिस्सेदारी है। वित्तीय सेवा सचिव एम नागराजू ने सोमवार को यह जानकारी दी। इससे पहले सरकार ने मई 2022 में IPO के जरिए 3.5 फीसदी हिस्सेदारी बेची थी।

### 30,000 वर्कर्स को निकालेगा Oracle!

■ NBT रिपोर्ट: Oracle अपनी कंपनी के इतिहास की सबसे बड़ी छंटनी की तैयारी कर रहा है। TOI के मुताबिक, इसके पीछे सबसे बड़ी वजह सैम ऑल्टमैन की कंपनी OpenAI के साथ हुई 300 बिलियन डॉलर की पार्टनरशिप है। इन्वेस्टमेंट बैंक TD Cowen की इस हफ्ते की रिपोर्ट के मुताबिक, ओरेकल 20,000 से 30,000 नौकरियों में कटौती करने पर विचार कर रहा है। इस छंटनी से कंपनी को करीब 8 से 10 बिलियन डॉलर का कैश बचाने में मदद मिलेगी। ओरेकल को इस पैसे की सख्त जरूरत है, क्योंकि वह AI डेटा सेंटर्स का एक बहुत बड़ा नेटवर्क खड़ा करने की कोशिश कर रहा है। ये डेटा सेंटर्स मुख्य रूप से OpenAI की जरूरतों को पूरा करने के लिए बनाए जा रहे हैं।

### बजट से फायदा :Magicbricks

■ NBT रिपोर्ट: Magicbricks का कहना है कि बजट में छोटे और मझोले शहरों (टियर 2 और टियर 3) के विकास पर जो लगातार जोर दिया गया है, वह बड़े महानगरों के बाहर के रियल एस्टेट मार्केट के लिए एक अच्छा संकेत है। हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर, माल ढुलाई के नेटवर्क और बेहतर जलमार्गों के जरिए क्षेत्रीय कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए जो निवेश किया जा रहा है, उससे उभरते हुए शहरों तक पहुंच आसान होने की उम्मीद है। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के मौके बढ़ेंगे और मांग में भी मजबूती आएगी।

## चांदी 52 हजार, सोना 12 हजार टूटा, स्टॉक मार्केट में तेजी

# शेयर बाज़ार या सोना, कहां मौका?

AI Image



NBT Explainer

### लंबी अवधि में कौन बेहतर?

ET के मुताबिक, हालांकि पिछले एक साल में सिल्वर ईटीएफ ने 130% और गोल्ड ईटीएफ ने 68% का रिटर्न दिया है, जबकि सेंसेक्स ने 6% की बढ़त दिखाई है। लेकिन, लंबे समय की तस्वीर अलग है। पिछले पांच सालों में गोल्ड ईटीएफ ने करीब 21% की सालाना दर से बढ़त दिखाई है। यह स्मॉल-कैप और मिड-कैप फंड (28-29%) से कम है।

■ NBT रिपोर्ट: वैश्विक बाजारों में मंदी और अमेरिकी डॉलर की मजबूती की वजह से राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को चांदी की कीमत 52,000 रुपये टूटकर 2.60 लाख रुपये प्रति किलो पर आ गई। वहीं, सोना भी गिरकर 1.52 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। वहीं, सेंसेक्स 943.52 अंक (1.17%) बढ़कर 81,666.46 पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी 262.95 अंक (1.06%) चढ़कर 25,088.40 पर बंद हुआ। ऐसे में निवेशकों के मन में सवाल उठ रहा है कि वे अब क्या करें?

**Q किलनी गिरावट?:** सबसे पहले जानते है कि सोमवार को कीमती धातुओं में कितनी बड़ी गिरावट आई है। इंडिया जूलर्स असोसिएशन के मुताबिक, चांदी की कीमतों में 52,000 रुपये (करीब 17 फीसदी) की बड़ी गिरावट आई। अब इसके दाम 2,60,000 रुपये प्रति किलो हो गए हैं। पिछले तीन दिनों में चांदी की कीमतें करीब 36 फीसदी तक गिर चुकी हैं। वहीं, सोने के दाम 12,800 रुपये (7.73 फीसदी) गिरकर 1,52,700 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स के साथ) पर आ गए। पिछले तीन दिनों के दौरान, सोना अपनी रेकॉर्ड ऊंचाई से 30,300 रुपये (17%) टूट चुका है।
आग में घी डालने का काम सीएमई (CME) मार्जिन में होने वाली बढ़ोतरी ने किया। एक्सचेंज के मुताबिक, सोने पर मार्जिन 6% से बढ़ाकर 8% और चांदी पर 11% से बढ़ाकर 15% कर दिया गया है। इससे उन ट्रेडर्स को अपने सौदे मजबूरी में काटने पड़े जिन्होंने उधार लेकर बड़ी पोजीशन बना रखी थी।


**Q गिरावट में मौका है?:** वैल्यूक्वेस्ट इन्वेस्टमेंट के सीआईओ रवि धर्मशी का कहना है कि सोने-चांदी में यह गिरावट लंबी अवधि के निवेशक के लिए एक अवसर है। सैमको सिक्योरिटीज के अपूर्व सेठ का कहना है कि सोने में लंबे समय का ट्रेंड अब भी मजबूत है। हालिया गिरावट को एक बड़े सुधार के बजाय बढ़त के बीच एक छोटा ब्रेक माना जाना चाहिए।

### एक्सपर्ट ने चेताया

ICICI Prudential के CIO एस नरेन का कहना है कि वैल्यूएशन के लिहाज से लार्ज-कैप बेहतर स्थिति में है। मिड-कैप महंगे लग रहे हैं, जबकि स्मॉल-कैप में अब पहले जैसा उतावलापन नहीं बचा है। फिर भी बाजार में एकमुश्त पैसा लगाने के बजाय SIP के जरिए निवेश करना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि भारतीय बाजार पर वैश्विक उतार-चढ़ाव का असर पड़ेगा और सोने-चांदी में बड़ा निवेश करने में सावधानी बरतनी चाहिए। उनका कहना है कि सबसे सही तरीका किसी एक असेट के पीछे भागने के बजाय अपने निवेश को अलग-अलग जगहों पर बांटकर रखना और अनुशासन बनाए रखना है।
जियोजित फाइनैंशल सर्विसेज के सीनियर इन्वेस्टमेंट स्ट्रैटेजिस्ट श्रीराम बी. के. आर. ने निवेशकों को चेतावनी दी है कि वे बाजार की हालिया तेजी या गिरावट को देखकर बिना सोचे-समझे पैसा न लगाएं।

# मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में सुधार, बढ़ीं नौकरियां

AI Image



■ घरेलू मांग: फैक्ट्रियों को सबसे ज्यादा ऑर्डर्स देश के अंदर से मिल रहे हैं।
■ नौकरियां: कंपनियों ने पिछले तीन महीनों में तेज रफ्तार से नई भर्तियां की है।

■ पीटीआई, नई दिल्ली: भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में जनवरी के दौरान थोड़ा सुधार देखने को मिला है। सोमवार को जारी एक मासिक सर्वे के मुताबिक, नए ऑर्डर्स में तेजी आने की वजह से यह रिकवरी हुई है। हालांकि, कंपनियों का भरोसा (बिजनेस कॉन्फिडेंस) पिछले साढ़े तीन साल के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया है।

**जनवरी में रौनक, पर भविष्य को लेकर कंपनियों का भरोसा डगमगाया**

HSBC इंडिया मैन्युफैक्चरिंग परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (PMI) दिसंबर में 55 पर था। पिछले दो साल का यह सबसे निचला स्तर था। जनवरी में यह मामूली बढ़कर 55.4 पर पहुंच गया है।
पीएमआई की भाषा में, अगर स्कोर 50 से ऊपर रहता है तो इसका मतलब है कि सेक्टर में सुधार या विस्तार हो रहा है, जबकि 50 से कम का स्कोर गिरावट का संकेत देता है।
HSBC की चीफ इंडिया इकोनॉमिस्ट प्रांजुल भंडारी ने कहा, जनवरी में भारतीय मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों में फिर से जान लौटी है। इसकी मुख्य वजह नए ऑर्डर्स, प्रोडक्शन और नौकरियों में बढ़ोतरी रही। कच्चे माल की लागत (इनपुट कॉस्ट) में थोड़ी बढ़त हुई है। वहीं, फैक्ट्री से निकलने वाले माल की कीमतों में बढ़ोतरी की रफ्तार धीमी रही। इससे मैन्युफैक्चरर्स के मुनाफे (मार्जिन) पर थोड़ा दबाव पड़ा है। कंपनियों ने बताया कि बाजार में मांग बढ़ने, नए बिजनेस मिलने और टेक्नॉलजी में निवेश करने की वजह से प्रोडक्शन को सहारा मिला है। बिक्री में सबसे ज्यादा उछाल घरेलू बाजार से आया। एक्सपोर्ट में भी बढ़त हुई।

# PFC-REC के मर्जर की तैयारी



■ पीटीआई, नई दिल्ली: सरकार बिजली क्षेत्र को कर्ज देने वाली सरकारी कंपनी पावर फाइनैंस कॉर्पोरेशन (PFC) और उसकी सहायक कंपनी REC Ltd के मर्जर पर विचार कर रही है। सूत्रों ने सोमवार को बताया कि यह कदम कंपनियों के रीस्ट्रक्चरिंग की कोशिशों का हिस्सा है। पीएफसी और आरईसी बिजली बनाने, उसे एक जगह से दूसरी जगह पहुंचाने (ट्रांसमिशन) और बांटने (डिस्ट्रीब्यूशन) से जुड़े प्रोजेक्ट्स को पैसा देने में अहम भूमिका निभाते हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने केंद्रीय बजट 2026-27 के भाषण में सरकारी वित्तीय संस्थानों को मजबूत करने के इरादे से आरईसी और पीएफसी के पुनर्गठन का प्रस्ताव रखा था। इस ऐलान के बाद, रविवार को हुए स्पेशल ट्रेडिंग सेशन में इन दोनों कंपनियों के शेयरों में 6 फीसदी तक का उछाल देखने को मिला। पीएफसी और आरईसी दोनों ही 'नवरत्न' कंपनियां हैं।

# डिमांड में इजाफा, ऑटो कंपनियों की बिक्री बढ़ी

AI Image



■ पीटीआई, नई दिल्ली: मारुति सुजुकी, टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा और हुंडई मोटर इंडिया की बिक्री में जनवरी के दौरान अच्छी बढ़त देखी गई है। पिछले साल त्योहारी सीजन में हुए जीएसटी (GST) सुधारों की वजह से बाजार में जो तेजी आई थी, उसका फायदा इन कंपनियों को अब भी मिल रहा है। मारुति सुजुकी इंडिया ने बताया कि पिछले महीने उसने डीलरों को 1,74,529 पैसेंजर गाड़ियां भेजीं, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह आंकड़ा 1,73,599 यूनिट था।
टाटा मोटर्स पैसेंजर वीइकल की घरेलू बिक्री में पिछले महीने 46 फीसदी की बढ़त देखी गई। महिंद्रा एंड महिंद्रा ने बताया कि उसकी घरेलू बिक्री 25 फीसदी बढ़ी। हुंडई मोटर इंडिया की बिक्री पिछले महीने 9 फीसदी बढ़कर 59,107 यूनिट्स रही, जो पिछले साल इसी दौरान 54,003 यूनिट्स थी।
टोयोटा ने भी बिक्री में 17 फीसदी की बढ़त दर्ज की। Kia India की बिक्री भी जनवरी में 10 फीसदी बढ़कर 27,603 यूनिट्स रही। Renault India की बिक्री में भी 34 फीसदी का उछाल आया।
दोपहिया सेगमेंट की बात करें तो हीरो मोटोकॉर्प की बिक्री 26 फीसदी बढ़कर 5,20,208 यूनिट्स रही। रॉयल एनफील्ड की घरेलू बिक्री में 16 फीसदी का उछाल आया और इसने 93,781 गाड़ियां बेचीं। टीवीएस मोटर कंपनी की बिक्री भी 30 फीसदी बढ़कर 3,83,262 यूनिट्स पर पहुंच गई।

# बजट में बढ़े टैक्स से घट जाएगी आर्बिट्राज फंड्स की कमाई?

## STT में बढ़ोतरी से असर पड़ सकता है : एक्सपर्ट

AI Image



**फ्यूचर्स पर एसटीटी 0.02% से बढ़ाकर 0.05% और ऑप्शंस पर 0.15% तक कर दिया गया है।**

■ NBT रिपोर्ट: म्यूचुअल फंड कंपनियों (AMCs) का कहना है कि डेरिवेटिव (F&O) सेगमेंट में सिक्योरिटी ट्रांजैक्शन टैक्स (STT) बढ़ने से आर्बिट्राज और कुछ खास तरह के हाइब्रिड म्यूचुअल फंड्स की कमाई (रिटर्न) पर थोड़ा असर पड़ेगा। बजट में पेश किए गए प्रस्तावों के अनुसार, फ्यूचर्स पर STT को 0.02% से बढ़ाकर 0.05% कर दिया गया है। वहीं, ऑप्शंस प्रीमियम पर इसे 0.10% से बढ़ाकर 0.15% कर दिया गया है।
ET के मुताबिक, आर्बिट्राज फंड्स मुख्य रूप से कैश और फ्यूचर्स मार्केट के बीच कीमतों के अंतर से मुनाफा कमाते हैं। चूंकि ये पूरी तरह डेरिवेटिव ट्रेडिंग पर निर्भर होते हैं, इसलिए STT बढ़ने का सबसे ज्यादा असर इन्हीं पर पड़ेगा।
आंकड़ों के हिसाब से देखें तो एसटीटी में 0.03% की बढ़ोतरी हुई है। अगर मान लें कि पिछले दो सालों में आर्बिट्राज फंड्स का औसत निवेश 76% रहा है, तो रोलओवर लागत (पोजीशन को अगले महीने ले जाना) की वजह से रिटर्न पर 0.0228% का असर पड़ेगा। पोर्टफोलियो में होने वाली खरीद-फरोख्त की वजह से 0.0046% का असर होगा। कुल मिलाकर, सालाना रिटर्न में करीब 0.33% की कमी आने का अनुमान है।
Capitalmind एएमसी के सीईओ दीपक शिनॉय का कहना है कि एसटीटी बढ़ने की वजह से आर्बिट्राज म्यूचुअल फंड्स का रिटर्न लगभग 0.5% तक गिर जाएगा। PL Capital की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि म्यूचुअल फंड कंपनियां बढ़ी हुई एसटीटी लागत का बोझ निवेशकों पर डालेंगी। सरकार F&O ट्रेडिंग को कम बढ़ावा देना चाहती है, जो म्यूचुअल फंड निवेश के लिए फायदेमंद हो सकता है। AMC पर इसका कोई तुरंत बड़ा असर नहीं होगा, बल्कि लंबे समय में इससे म्यूचुअल फंड प्रोडक्ट्स की बिक्री बढ़ सकती है।

# प्रीमियम फोन के दीवाने हुए भारतीय: रिपोर्ट

AI Image



■ पीटीआई, नई दिल्ली: टेक कंपनी Apple ने भारतीय स्मार्टफोन बाजार में होने वाली कुल कमाई की हिस्सेदारी के मामले में 28 फीसदी का अपना अब तक का सबसे बड़ा रेकॉर्ड बनाया है। Counterpoint Research की एक रिपोर्ट के मुताबिक, इसकी मुख्य वजह यह है कि भारतीय ग्राहक अब सस्ते फोन के बजाय महंगे और हाई-एंड मॉडल्स को ज्यादा तरजीह दे रहे है। रिपोर्ट में कहा गया है कि हालांकि फोन बिकने की संख्या (वॉल्यूम) की रफ्तार पहले जैसी ही है। लेकिन बाजार की कुल वैल्यू बहुत तेजी से बढ़ रही है।

**स्मार्टफोन बाजार में Apple की हिस्सेदारी 28% पर पहुंची**

Counterpoint के अनुसार, साल 2024 में भारत में Apple की वैल्यू हिस्सेदारी 23 फीसदी थी। आईफोन 16 सीरीज की कामयाबी के साथ-साथ आसान किस्तों और पुराने फोन के बदले नए फोन लेने (ट्रेड-इन) जैसे आकर्षक ऑफर्स ने Apple को इस मुकाम पर पहुंचा दिया है। Apple का आईफोन 16 साल 2025 में भारत में सबसे ज्यादा बिकने वाला मॉडल रहा। कुल बिक्री में से 40 फीसदी फोन EMI पर बिके। वहीं, 30,000 रुपये से महंगे 'प्रीमियम सेगमेंट' में तो लगभग दो-तिहाई फोन फाइनैंस के जरिए खरीदे गए।

भारत मेंस टीम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ जो हालिया सीरीज खेली है, उसे देखकर साफ है कि वे कितना अच्छा कर रहे हैं। भारतीय टीम बेहद मजबूत है। उनके पास जितनी प्रतिभा है, वह वाकई हैरान करने वाली है। *- सारा टेलर, पूर्व क्रिकेटर, इंग्लैंड विमिंस टीम*



**1292**

*रन बनाए हैं विराट कोहली ने ICC मेंस टी20 वर्ल्ड कप में। वह इस टूर्नामेंट के इतिहास में सर्वाधिक रन बनाने वाले प्लेयर हैं। रोहित शर्मा (1220) दूसरे स्थान पर हैं*

## स्पोर्ट्स QUIZ

**इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।**

1. CC मेंस टी20 वर्ल्ड कप में सर्वाधिक रन किस खिलाड़ी ने बनाए हैं?
A) रोहित शर्मा B) विराट कोहली C) क्रिस गेल D) जोस बटलर
2. सोफी डिवाइन ने WPL 2026 में कितने विकेट लिए हैं?
A) 18 B) 19 C) 17 D) 20

**कल के जवाब**
1. B) सात 2. D) मलयेशिया

**लकी WINNER**



1. कृतिका, हरि नगर, दिल्ली
2. आरिष प्रजापति, पवई, मुंबई
3. बीके वर्मा, गाजियाबाद, यूपी

**आप अपने जवाब हमें 9319282367** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

## फटाफट खबरें

### मई में होगा आखिरी मौका

■ **तिरुवनंतपुरम:** रांची में 22 से 25 मई तक होने वाली सीनियर नैशनल फेडरेशन टूर्नामेंट 23 जुलाई से शुरू होने वाले ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए देश के ट्रैक ऐंड फील्ड ऐथलीटों के सिलेक्शन की आखिरी प्रतियोगिता होगी। भारतीय ऐथलेटिक्स महासंघ ने सोमवार को कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए ट्रैक ऐंड फील्ड की क्वालिफिकेशन मानकों की घोषणा की।

### शार्दुल,यशस्वी की वापसी

■ **मुंबई:** कप्तान शार्दुल ठाकुर और ओपनर यशस्वी जायसवाल को छह फरवरी से यहां कर्नाटक के खिलाफ होने वाले रणजी ट्रॉफी क्वॉर्टर फाइनल के लिए सोमवार को मुंबई की टीम में शामिल किया गया। मैच छह से 10 फरवरी तक यहां एमसीए-बीकेसी मैदान पर खेला जाएगा।

### फुटबॉल में भारत की हार

■ **पोखरा:** भारतीय अंडर-17 विमिंस टीम को सैफ अंडर-19 विमिंस चैंपियनशिप में बांग्लादेश के खिलाफ 0-2 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम अधिक आयु वर्ग के इस टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही है, जिससे कि एएफसी अंडर-17 एशिया कप की तैयारी कर सके। हालांकि, इस हार से उनकी तैयारियों को झटका

### इंग्लैंड ने जीती सीरीज

■ **पल्लेकेले:** टॉम बेंटन के 33 गेंद में 54* रन की मदद से इंग्लैंड ने श्रीलंका के खिलाफ वर्षाबाधित दूसरा टी20 डकवर्थ लुईस मेथड के आधार पर छह विकेट से जीतकर सीरीज अपने नाम कर ली। इंग्लैंड के पास तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की विजयी बढ़त हो गई है। बेंटन 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुने गए।

---

## भारत-पाकिस्तान मैच नहीं होने से सभी स्टेकहोल्डर्स को होगा भारी नुकसान

# दांव पर लगे हैं ₹22 हजार करोड़

AI IMAGE




■ **एजेंसियां, नई दिल्ली:** भारत के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप ग्रुप मैच नहीं खेलने के पाकिस्तान सरकार के फैसले के बाद ICC द्वारा पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) पर संभावित बैन लगाए जाने की अटकलें तेज हैं। इंटरनैशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) इस 'महामुकाबले' के नहीं होने से संभावित राजस्व नुकसान को देखते हुए बैन लगाने का कड़ा कदम उठा सकती है। भारत और पाकिस्तान के बीच खेले जाने वाला मुकाबला अनुमान के मुताबिक करीब 25 करोड़ डॉलर (2200 करोड़ भारतीय रुपये से अधिक) का राजस्व पैदा करता है। ऐसे में आगामी टी20 वर्ल्ड कप में इस अहम मुकाबले के नहीं होने से सभी स्टेकहोल्डर्स (हितधारकों) को भारी वित्तीय नुकसान हो सकता है।

**ब्रॉडकास्टर को बड़ा नुकसान:** दोनों देशों के बीच तनावपूर्ण रिश्तों के चलते भारत और पाकिस्तान केवल बहु-टीम टूर्नामेंटों में ही आमने-सामने होते हैं, लेकिन इस मुकाबले को लेकर रोमांच इतना जबरदस्त होता है कि ICC हर वैश्विक आयोजन में दोनों टीमों को एक ही ग्रुप में रखता है। पाकिस्तान अगर अपने फैसले पर अड़ा रहता है, तो उसे करोड़ों डॉलर के राजस्व नुकसान का जोखिम उठाना पड़ेगा। मैच नहीं होने की स्थिति में ICC के खजाने और भारतीय मीडिया अधिकारधारक जियोहॉटस्टार को भी भारी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ सकता है। जियोहॉटस्टार पहले से ही विश्व क्रिकेट संस्था के साथ अपने तीन अरब डॉलर के करार पर फिर से बातचीत करने की कोशिश कर रहा है। ब्रॉडकास्टर को इस बड़े मुकाबले से 200 से 250 करोड़ रुपये तक के विज्ञापन राजस्व का नुकसान हो सकता है।

**PCB की सालाना आय काफी कम:** वॉकओवर की स्थिति में भारत को पूरे अंक मिल जाएंगे, लेकिन ICC के पास PCB पर वित्तीय जुर्माना लगाने का अधिकार बरकरार रहेगा। ICC और PCB के पूर्व कम्युनिकेशन हेड समी-उल-हसन बर्नी ने इस मुकाबले की आर्थिक गंभीरता का जिक्र करते हुए कहा, 'जहां तक बैन या नुकसान की बात है, जैसा कि मैंने कहा, एक मैच की लागत 25 करोड़ डॉलर है (इसमें केवल प्रसारक का नुकसान नहीं, बल्कि सभी पहलू शामिल हैं)। PCB की सालाना आय 3.55 करोड़ डॉलर है, इसलिए अंतर बहुत, बहुत बड़ा है।' पाकिस्तान सरकार की घोषणा के बाद ICC के बयान की भाषा और स्वर ने भी इस मुकाबले के निर्विवाद महत्व को रेखांकित किया।

> ICC ने इस मामले पर बड़ा बयान दे दिया है। इसमें खेल भावना की अहमियत को बताया गया है। हम ICC से सहमत हैं। जब तक ICC से बात नहीं हो जाती, BCCI कोई बयान नहीं देगा। *- राजीव शुक्ला, वाइस प्रेसिडेंट, BCCI*

### पाकिस्तान टीम कोलंबो में

**कराची:** इस पूरे घटनाक्रम के बीच पाकिस्तान टीम सात फरवरी से शुरू हो रहे इस बड़े टूर्नामेंट में अपने अन्य मुकाबले खेलने के लिए कोलंबो रवाना हो गई। पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा ने रवाना होने से पहले कहा कि खिलाड़ी सरकार या क्रिकेट बोर्ड के किसी भी निर्देश का पालन करेंगे। उन्होंने कहा कि टीम को यह फैसला रविवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच के तुरत बाद टीम मैनेजर द्वारा बता दिया गया था। उन्होंने कहा, 'हम बोर्ड के साथ अनुबंधित खिलाड़ी हैं और सरकार तथा बोर्ड ने जो भी फैसला लिया है सभी खिलाड़ी उसके साथ हैं।'

**3.55** करोड़ डॉलर है पाक क्रिकेट बोर्ड की सालाना आय

**25** करोड़ का राजस्व पैदा करता है भारत-पाकिस्तान मैच

**40** लाख रुपये तक लेता है ब्रॉडकास्टर प्रति 10 सेकंड के विज्ञापन के लिए भारत-पाक मैच के दौरान

**नोट: सभी आंकड़े अनुमान में*

### सिर्फ मेंस टीम पर लगी है रोक!

**NBT Lens** खबरों के अंदर की बात

मेंस टी20 वर्ल्ड कप में जिस दिन भारत और पाकिस्तान का ग्रुप मैच निर्धारित था उसी 15 फरवरी को दोनों देशों की विमिंस-ए टीमों के बीच भी मुकाबला होना है। पाकिस्तान की सरकार ने मेंस टीम को भारत के खिलाफ खेलने से मना कर दिया है, लेकिन फिलहाल विमिंस टीम को उन्होंने ऐसा कोई निर्देश नहीं जारी किया है। भारत और पाकिस्तान की विमिंस टीमें बैंकॉक में होने वाले विमिंस राइजिंग स्टार्स एशिया कप में भिड़ने वाली हैं। PCB ने विमिंस-ए टीम की घोषणा संडे को ही की यानी उसी दिन जिस दिन बहिष्कार का ऐलान किया।

---

# तिलक ने खत्म की फिटनेस की चिंता

**वर्ल्ड कप अपडेट**


Social Media

**38** रन बनाए तिलक ने वापसी पर

**3** फोर और दो सिक्स शामिल थे उनकी पारी में

अमेरिका के खिलाफ वॉर्म अप मैच में इंडिया-ए के लिए खेलने उतरे तिलक वर्मा

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** तिलक वर्मा ने सात फरवरी से भारत में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप से पहले फिटनेस से जुड़ी सभी चिंताओं को दूर कर दिया। वह अमेरिका के खिलाफ वॉर्म अप मैच में इंडिया-ए के लिए खेलने उतरे, जहां उन्होंने 24 गेंद का सामना किया और तेजतर्रार 38 रन बनाए। नवी मुंबई में खेली गई उनकी पारी में 3 फोर और दो सिक्स भी शामिल थे। 23 वर्षीय बाएं हाथ के बल्लेबाज ने जनवरी 2026 में पेट के निचले हिस्से की समस्या के लिए सर्जरी कराने के बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच टी20 इंटरनैशनल मैचों की सीरीज में हिस्सा नहीं लिया था। भारतीय मैनेजमेंट टूर्नामेंट में भारत के नंबर 3 बल्लेबाज की भागीदारी को लेकर कोई जोखिम नहीं लेना चाहता था, इसलिए कीवी टीम के खिलाफ सीरीज में उन्हें मौका नहीं दिया गया। तिलक अमेरिका के खिलाफ अच्छी लय में दिख रहे थे, लेकिन उनकी पारी पर शुभम रंजाने ने ब्रेक लगाया।

**जगदीशन ने लगाया शतक:** मैच में भारत ने पहले बैटिंग करते हुए तीन विकेट पर 238 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। युवा ओपनर प्रियांश आर्या ने 13 बॉल पर तेज 28 रन की पारी खेली। हालांकि, टीम के हीरो नारायण जगदीशन रहे, जिन्होंने ओपनिंग करते हुए शानदार शतक जमाया। जगदीशन ने 55 बॉल का सामना किया और 11 फोर व 5 सिक्स की मदद से 104 रन ठोक दिए। उन्होंने तिलक के साथ दूसरे विकेट के लिए 113 रन की साझेदारी भी की। इंडिया-ए के कप्तान आयुष बडोनी ने भी अपने आक्रामक तेवर दिखाए। उन्होंने 26 बॉल पर 60 रन जमाए। उनकी 230.76 स्ट्राइक रेट की पारी में 7 फोर और 4 सिक्स शामिल रहे। जवाब में अमेरिका ने भी शानदार लड़ाई लड़ी, हालांकि वह 38 रन से मुकाबला हार गए। टीम 19.4 ओवर्स में 200 रन पर आउट हो गई। रवि बिश्नोई ने सर्वाधिक 3 विकेट लिए।

**साउथ अफ्रीका से चार को भिड़ंत:** वर्ल्ड कप से पूर्व सभी टीमें अपनी तैयारियों को पुख्ता करने के लिए वॉर्म अप मैच का इस्तेमाल करेंगी। भारत को मुख्य टूर्नामेंट से पहले कुल तीन वॉर्म अप मैच खेलने हैं। अमेरिका के खिलाफ सोमवार को इंडिया-ए उतरी थी। जबकि चार फरवरी को होने वाले वॉर्म अप मैच में वर्ल्ड कप में हिस्सा लेने वाला भारतीय दल उतरेगा। यह मैच जियोहॉटस्टार और स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर स्ट्रीम किया जाएगा। इसके अलावा नामीबिया के खिलाफ भी भारत को एक वॉर्म अप मैच खेलना है, इसमें भी इंडिया-ए की टीम उतरेगी।

### शुरुआती मैचों में नहीं खेलेंगे हेजलवुड

**सिडनी:** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड चोट से उबरने के बावजूद टी20 वर्ल्ड कप के शुरुआती चरण में टीम के साथ श्रीलंका नहीं जाएंगे। राष्ट्रीय चयनकर्ता टोनी डोडेमेड ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि हेजलवुड शुरुआती दौर के दौरान सिडनी में ही रिहैब जारी रखेंगे। ऑस्ट्रेलियाई टीम को ग्रुप चरण के अपने पहले चार मुकाबले श्रीलंका में खेलने हैं, जिसकी शुरुआत 11 फरवरी को आयरलैंड के खिलाफ होगी। नाथन एलिस, टिम डेविड और ग्लेन मैक्सवेल कोलंबो पहुंच चुके हैं और मंगलवार को टीम से जुड़ जाएंगे। हेजलवुड की गैरमौजूदगी में शॉन एबॉट को ट्रैवलिंग रिजर्व के तौर पर टीम में शामिल किया गया है।

---

# फाइनल में जगह के लिए दिल्ली-गुजरात में भिड़ंत

**दिल्ली कैपिटल्स Vs गुजरात जायंट्स**
**विमिंस प्रीमियर लीग, एलिमिनेटर मैच**


Social Media
गुजरात जायंट्स की सोफी डिवाइन

■ **एजेंसियां, वडोदरा:** विमिंस प्रीमियर लीग (WPL) के एलिमिनेटर में मंगलवार को लगातार तीन बार उपविजेता रही दिल्ली कैपिटल्स का सामना पहली बार प्लेऑफ में पहुंची गुजरात जायंट्स से होगा। दिल्ली की कोशिश रेकॉर्ड चौथी बार फाइनल में जगह बनाने की होगी, जबकि गुजरात इतिहास रचने के इरादे से उतरेगी।

**नंदिनी, चरणी ने किया प्रभावित:** मौजूदा सीजन में दिल्ली का प्रदर्शन उतार-चढ़ाव भरा रहा, जिसमें चार जीत और चार हार शामिल हैं। गेंदबाजी में नंदिनी शर्मा (14 विकेट) और श्री चरणी (14 विकेट) ने टीम को मजबूती दी है। बल्लेबाजी में लौरा वोल्वार्ट (241 रन) और लिजे ली (240 रन) शीर्ष क्रम की रीढ़ रही हैं। दूसरी ओर, गुजरात जायंट्स जीत की हैटट्रिक के साथ आत्मविश्वास से लबरेज है। गत चैंपियन मुंबई इंडियंस पर 11 रन की जीत ने टीम को नॉकआउट में पहुंचाया। सोफी डिवाइन (17 विकेट, 237 रन) गुजरात की सबसे बड़ी ताकत है। एलिमिनेटर का विजेता पांच फरवरी को फाइनल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से भिड़ेगा।

**3** तीन फाइनल्स खेले हैं WPL के दिल्ली कैपिटल्स ने। वह इस टूर्नामेंट के हर सीजन का फाइनल खेलने वाली इकलौती टीम है

**टेलिकास्ट:** शाम 7:30 बजे से जियोहॉटस्टार और स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क

### टी20 वर्ल्ड कप का होगा सीधा प्रसारण

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** मेंस टी20 वर्ल्ड कप 2026 का सीधा प्रसारण एफएम रेडियो नेटवर्क रेडियो मिर्ची पर भी होगा। मिर्ची को ICC मेंस T20 वर्ल्ड कप 2026 के आधिकारिक 'लाइव स्कोर अपडेट' के लिए रेडियो पार्टनर नियुक्त किया गया है। यह टूर्नामेंट अगले 7 फरवरी से 8 मार्च तक भारत और श्रीलंका के कई शहरों में खेला जाएगा। मैच के दौरान मिर्ची के जाने-माने RJs स्टेडियम में मौजूद रहेंगे और वहां से ऑन-ग्राउंड ऐक्शन को श्रोताओं तक पहुंचाएंगे। मैच के दिनों में ग्राउंड से एक्सपर्ट कॉमेंट, पिच रिपोर्ट और आंखों देखा हाल सुनाया जाएगा। इस साझेदारी के अधिकार चैनल-2 ग्रुप कॉर्पोरेशन द्वारा प्रदान किए गए हैं, जो इस टूर्नामेंट के आधिकारिक ऑडियो और डिजिटल ऑडियो अधिकार धारक हैं। इससे एंटेनमेंट नेटवर्क इंडिया लिमिटेड (ENIL) अपने एफएम स्टेशनों, वेब ऐप और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर प्रामाणिक और रियल-टाइम वर्ल्ड कप अपडेट दे पाएगा।

### आज से खिताब की रक्षा करने उतरेगी विमिंस टीम

■ **एजेंसियां, चिंगदाओ (चीन):** पीवी सिंधु के बिना कमजोर पड़ी भारतीय विमिंस टीम को मंगलवार से शुरू हो रही बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में अपना खिताब बचाने में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। दूसरी तरफ मेंस टीम पोडियम पर जगह बनाने के लिए अनुभवी खिलाड़ियों पर निर्भर रहेगी। भारत ने पिछले सीजन में मलयेशिया में अपना पहला विमिंस टीम गोल्ड जीतकर इतिहास रचा था।

**बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप**


FILE
तन्वी पर बड़ी जिम्मेदारी

**युवाओं पर होगी जिम्मेदारी:** सिंधु की गैरमौजूदगी में भारतीय अभियान की जिम्मेदारी तन्वी शर्मा की अगुआई वाले खिलाड़ियों के युवा समूह पर होगी। पंजाब की 17 साल की तन्वी 2024 में गुवाहाटी में वर्ल्ड जूनियर चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल और अमेरिकी ओपन सुपर-300 में फाइनल तक पहुंचकर विमिंस सिंगल्स में अगली बड़ी उम्मीद बनकर उभरी हैं। सिंगल्स में जिम्मेदारी अश्मिता चालिहा, मालविका बनसोड और रक्षिता श्री संतोष रामराज पर भी होगी। भारत अपने अभियान की शुरुआत बुधवार को म्यांमार के खिलाफ करेगा जबकि इसके बाद थाईलैंड से भिड़ेगा। वहीं भारतीय मेंस टीम बुधवार को सिंगापुर के खिलाफ मैच खेलेगी।

---

### नोदिर्बेक ने जीता खिताब, भारतीयों ने गंवाई रेटिंग

■ **एजेंसियां, विज्क आन जी:** उज्बेकिस्तान के नोदिर्बेक अब्दुसत्तोरोव ने अंतिम दौर में खराब फॉर्म से जूझ रहे अर्जुन एरिगैसी को हराकर टाटा स्टील मास्टर्स चेस टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। तेरह दौर की इस प्रतियोगिता में अब्दुसत्तोरोव ने नौ अंक जुटाए। उनके हमवतन और वर्ल्ड कप विजेता जावोखिर सिंदारोव आधा अंक पीछे रहते हुए दूसरे स्थान पर रहे। भारतीयों में वर्ल्ड चैंपियन डी. गुकेश 6.5 अंक के साथ संयुक्त आठवें स्थान पर रहकर शीर्ष पर रहे। अंतिम राउंड में उन्होंने जर्मनी के विंसेंट कीमर से ड्रॉ खेला। हालांकि, कुल मिलाकर उनका प्रदर्शन उम्मीद के अनुरूप नहीं रहा और उनकी रेटिंग 2750 से नीचे चली गई। आर प्रग्गनानंदा ने जोर्डन वान फोरेस्ट से ड्रॉ खेलकर 5.5 अंकों के साथ टूर्नामेंट समाप्त किया। एरिगैसी को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ, 29 रेटिंग अंक गंवाकर वह टॉप-10 से बाहर हो गए।

**टाटा मास्टर्स चेस टूर्नामेंट**


SOCIAL MEDIA
नोदिर्बेक अब्दुसत्तोरोव

# दिल्ली में बेस्ट शूटर होंगे आमने-सामने

■ **एजेंसियां, नई दिल्ली:** इंटरनैशनल शूटिंग का प्रतिष्ठित डॉ. कर्णी सिंह रेंज एक बार फिर एशियन शूटिंग की चुनौती का गवाह बनेगा, जहां भारत 4 से 13 फरवरी तक एशियन राइफल और पिस्टल चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा। इस शीर्ष महाद्वीपीय प्रतियोगिता के लिए विभिन्न देशों के दल भारत पहुंच चुके हैं। प्रतियोगिता में भारत सहित 20 देशों के कुल 311 शूटर भाग लेंगे, जबकि 30 मेडल दांव पर होंगे। इसके साथ युवा वर्ग की स्पर्धाएं भी आयोजित की जाएंगी।

**भारत का दल सबसे बड़ा:** मेजबान भारत ने 118 निशानेबाजों के साथ सबसे बड़ा दल उतारा है। भारतीय दल में ओलिंपियन अर्जुन बबुता, मनु भाकर और एश्वर्य प्रताप सिंह तोमर जैसे शूटर्स शामिल हैं। कजाकस्तान, साउथ कोरिया, ईरान और जापान ने भी मजबूत टीमें भेजी हैं। वहीं चीनी ताइपे, वियतनाम और हॉन्ग कॉन्ग के शूटर्स से भी चुनौती मिलने की उम्मीद है।

**एशियन शूटिंग चैंपियनशिप**


FILE
भारतीय निशानेबाज मनु भाकर

### अनाहत को पहला ब्रॉन्ज लेवल खिताब

■ **एजेंसियां, नई दिल्ली:** भारत की युवा स्क्वैश खिलाड़ी अनाहत सिंह ने टॉप सीड और दुनिया की 10वें नंबर की खिलाड़ी इंग्लैंड की जॉर्जिना केनेडी को 12-10, 11-5, 11-7 से हराकर वॉशिंगटन में PSA (प्रफेशनल स्क्वैश असोसिएशन) ब्रॉन्ज लेवल का खिताब जीता। वर्ल्ड रैंकिंग में 31वें स्थान पर काबिज 17 वर्ष की अनाहत ने स्क्वैश ऑन फायर ओपन जीता जो उनके करियर के कुल 26 टूर्नामेंट्स में 15वीं खिताबी जीत है। जीत के बाद उन्होंने कहा, 'मैं बहुत खुश हूं। मैं इन टूर्नामेंटों में अच्छा प्रदर्शन करके अपनी रैंकिंग बेहतर करना चाहती थी।'

**इंटरनैशनल स्क्वैश टूर्नामेंट**


Social Media
अनाहत सिंह

# ग्रेटर नोएडा में F-1 रेस फिर से कराने की कोशिश होगी

Bhupender.Sharma@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** केंद्रीय बजट 2026-27 में खेलकूद के क्षेत्र में बड़े बदलाव लाने के लिए 'खेलो इंडिया मिशन' शुरू करने का प्रस्ताव किया गया है। बजट में किए गए प्रावधानों के मुताबिक खेल मंत्रालय ने भी अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसके साथ ही खेल मंत्रालय स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर में बड़े सुधारों की दिशा में भी काम करेगा। स्पोर्ट्स साइंस को तकनीक से जोड़ा जाएगा। ट्रेनिंग और कॉम्पिटिशन के लिए स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएंगे। इसके लिए मैपिंग कर ली गई है और अप्रैल तक पॉलिसी को अंतिम रूप दे दिया जाएगा। ग्रेटर नोएडा में F-1 (फॉर्मूला वन) रेस को फिर से शुरू करने को लेकर भी खेल मंत्रालय गंभीर है। एक अधिकारी ने बताया कि केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने हाल ही में रेसिंग ट्रैक का जायजा लिया था। मांडविया का मानना है कि ट्रैक शुरू करने को लेकर जो भी समस्याएं हैं, उनके समाधान के लिए काम किया जाएगा और इसकी शुरुआत भी हो गई है।


FILE
केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया

**स्पोर्ट्स गुड्स बनाने पर भी जोर:** मांडविया ने कहा कि स्पोर्ट्स गुड्स मैन्युफैक्चरर्स के लिए एक बड़ी योजना लाई जाएगी। यह एक ऐसी पॉलिसी होगी, जिसमें देश में ही खेल का ज्यादातर सामान बनाया जा सकेगा। केंद्रीय बजट में पहली बार 500 करोड़ रुपये का आवंटन दिया गया है।

---

## 12 राशियां और आपका दिन



**ARIES** 21 Mar - 19 Apr
प्रॉपर्टी से संबंधित क्षेत्रों में लाभ मिलेगा। आपको अपने परिवार के आशीर्वाद से शासन द्वारा सम्मानित किए जाने की संभावना रहेगी। आज आप जनता के प्रिय बनेंगे। शाम के समय परिवार में किसी को शारीरिक कष्ट होने से आपको कुछ देर परेशानी रहेगी। देर रात तक ठीकठाक सब सामान्य हो जाएगा।

**TAURUS** 20 Apr - 19 May
राशि स्वामी नाश प्रमुख त्रिकोण भाग्य भाव में चल रहा है, शनि क्षेत्र में होने से शत्रुओं को बल देगा। सिंह राशि का चंद्रमा चतुर्थ भाव में मंगल के घर का होकर आपके अंदर निर्भीकता का भाव संचार करेगा, इसलिए आप निर्भीकता से अपने कार्यों को संपन्न कराने में सक्षम रहेंगे। जीवन साथी के साथ मधुर संबंध रहेंगे।

**GEMINI** 21 May - 21 Jun
आज आप इस बात का पूरा ध्यान रखें कि आपकी कोई बात सामने वाले को बुरी ना लग जाए। औपचारिकता में बिल्कुल भी न उलझें, आपको जो कहना हो, जो चाहिए, बेझिझक कह दें। यदि आपका धन कहीं फंसा हुआ है तो आज के दिन मिल सकता है। बुद्धि से लिए गए निर्णय आपके लिए लाभप्रद रहेंगे।

**CANCER** 22 Jun - 22 Jul
आज आपको अकारण छोटे भाई-बहनों के असहयोग का भागी बनना पड़ेगा। आप अपने स्वभाव के प्रति गंभीर रहें, कड़ी मेहनत से ही अपने कार्यों में सफल हो सकेंगे। भौतिक सुख-साधनों पर खर्च अधिक होगा। शत्रु अपने षड्यंत्रों में सफल नहीं हो पाएंगे। खुश मिजाज व्यक्तित्व होने के कारण दूसरे लोग आपके संपर्क बनाने की चाहत रखेंगे।

**LEO** 23 Jul - 22 Aug
आपके अंदर परोपकार एवं दान पुण्य की भावना बढ़ने लगेगी। आज आपका अधिक समय धार्मिक अनुष्ठानों में व्यतीत होगा। आत्मविश्वास के बल पर किए गए प्रयासों में सफलता मिलेगी। पुराने रुके हुए काम थोड़ा खर्च करने से बन सकते हैं। नई योजनाओं पर आज काम शुरू हो जाएगा।

**VIRGO** 23 Aug - 22 Sep
भाग्य की दृष्टि से आज का दिन अच्छा रहेगा। यदि पिछले दिनों से शरीर में कोई कष्ट चला आ रहा है तो उसमें सुधार होगा। संतान से शुभ समाचार मिलने के संकेत हैं। भतीजे का सहयोग मिलने की संभावना बनी रहेगी। वाणी पर संयम रखें, आप अपनी कार्यकुशलता से सभी और विजय, विभूति और सफलता प्राप्त करेंगे।

**LIBRA** 23 Sep - 22 Oct
यदि आप विद्यार्थी हैं तो आपकी शैक्षणिक दिशा में परिवर्तन होगा। शिक्षा की ओर आपकी रुचि बढ़ेगी। नए काम सीखने में सफल होंगे। आप अपनी बातों को सत्य साबित करने में सफल रहेंगे। माता-पिता, गुरु के प्रति निष्ठा, भक्तिभाव प्रतिष्ठा की वृद्धि में सहायक होगा। शाम को चोट व चोरी का भय है, ऐसे में आप थोड़ा सावधान रहें।

**SCORPIO** 23 Oct - 21 Nov
आज आमदनी से ज्यादा खर्च की स्थिति रहेगी। संतान के द्वारा किए गए श्रेष्ठ कार्यों से आपके मान सम्मान में वृद्धि होगी। आप अपने धैर्य तथा प्रतिभा से शत्रु पक्ष पर विजय प्राप्त करने में सफल रहेंगे। शाम से रात तक प्रिय व्यक्तियों के दर्शन से मन प्रफुल्लित रहेगा। सैर-सपाटे व मौज-मस्ती में समय व्यतीत होगा।

**SAGITTARIUS** 22 Nov - 21 Dec
राशि स्वामी देवगुरु बृहस्पति सातवें भाव में मिथुन पर भ्रमण पर हैं। विद्या बुद्धि-ज्ञान में वृद्धि होगी। आपके कठिन प्रयासों से इच्छा की पूर्ति होगी। बृहस्पति शासन का प्रतिनिधि है, इसलिए शासन द्वारा आपको सम्मानित किए जाने की प्रबल संभावना है। शाम को धार्मिक अनुष्ठान में समय व्यतीत होगा।

**CAPRICORN** 22 Dec - 19 Jan
आज आपको पूर्वजों से धन मिलने की संभावना है। इसलिए तंत्र-मंत्र साधना में भी आपकी रुचि बढ़ सकती है। बिना मांगे किसी को सलाह न दें उल्टा पड़ सकता है। रात के समय शुभ कार्यों में लगेंगे, जिससे आपका मन शांत और प्रसन्न रहेगा। मित्रों का सहयोग बना रहेगा।

**AQUARIUS** 20 Jan - 18 Feb
आमदनी की बढ़ोतरी के लिए किए गए प्रयास सफल रहेंगे। श्रेष्ठ जनों द्वारा प्राप्त धन से यश वृद्धि होगी। भाग्य की दृष्टि से आज का दिन अच्छा रहेगा। आज आपको हर क्षेत्र में लाभ की प्राप्ति होगी। आपको मित्रों का सहयोग मिलेगा और नए अच्छे मित्र भी मिलेंगे।

**PISCES** 19 Feb - 20 Mar
आज के दिन आपकी संपत्ति में वृद्धि होगी। आपको ननिहाल से भी मान-सम्मान मिलेगा। आपको पत्नी पक्ष एवं पत्नी की ओर से पूर्ण सहयोग मिलेगा। नौकरी में कुछ शत्रु षड्यंत्र करेंगे, जिससे शाम के समय परेशानी हो सकती है। आपकी राशि का स्वामी बृहस्पति वक्री चल रहा है, इसलिए अपने गुरु के प्रति निष्ठा व भक्तिभाव पूर्ण रखें।

### जन्मदिन की शुभकामनाएं

इस वर्ष के स्वामी सूर्य और शुक्र बने हैं। वर्ष का राजा पाट से प्रवेश हुआ है। फरवरी महीने के शेष दिनों से लेकर मार्च तक आय के नए स्रोत सामने आएंगे। इस दौरान आपका विरोधी पक्ष पराजित होगा। आपके भाग्य का सितारा फिर से चमकने लगेगा। नया परिचय मित्रता में परिवर्तित होने से हर्ष होगा। अप्रैल से लेकर मई तक व्यापार में ज्यादा धन लगाना लाभप्रद रहेगा। व्यावसायिक तथा सामाजिक प्रतिद्वंद्वियों के लिए आप सिरदर्द बने रहेंगे। जून-जुलाई में सामान्य व्यक्ति आपकी प्रशंसा करेंगे। पारिवारिक समस्या का समाधान निकल आएगा। अगस्त से लेकर सितंबर में धार्मिक व गुरु की सर्वोच्च तीर्थ यात्रा का योग बन रहा है। जिन स्थानों पर भ्रमण की इच्छा है और नहीं जा पाए हैं, उन स्थानों का भ्रमण करेंगे तो लाभप्रद सिद्ध होगा। इससे आपके लिए नए मार्ग खुलेंगे। अक्टूबर से नवंबर तक अत्यधिक सक्रियता से आपके स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है, इसलिए अधिक परिश्रम करने से बचें। दिसंबर से जनवरी 2027 में किसी मंगल कार्य की योजना बनेगी। विशेष अच्छे परिणाम के लिए पांच पीले फूल व दो केले प्रातः स्नान के उपरान्त केले के पेड़ की जड़ में रख दें। -आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

### कल का पंचांग
(बुधवार, 4 फरवरी 2026)

राष्ट्रीय मिति माघ 15, शक संवत 1947, फाल्गुन कृष्ण तृतीया, बुधवार, विक्रम संवत 2082। सौर माघ मास प्रविष्टे 22, शाबान 15, हिजरी 1447 (मुस्लिम) तद अनुसार अंग्रेजी तारीख 4 फरवरी 2026 ई.। सूर्य उत्तरायण, दक्षिण गोल, शिशिर ऋतु। राहु काल मध्याह्न 12 बजे से 1 बजकर 30 मिनट तक। तृतीया तिथि अर्धरात्रोत्तर 12 बजकर 10 मिनट तक के बाद चतुर्थी तिथि का आरंभ। पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र रात्रि 10 बजकर 13 मिनट तक के बाद उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र का आरंभ। अतिगंड योग अर्धरात्रोत्तर 1 बजकर 5 मिनट तक के बाद सुकर्मा योग का आरंभ। वणिज करण मध्याह्न 12 बजकर 26 मिनट तक के बाद बव करण का आरंभ। चंद्रमा अगले दिन तड़के 4 बजकर 20 मिनट तक सिंह के बाद कन्या राशि पर संचार करेगा।

### सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 1 | | 3 | | | | |
| | | | | 1 | 6 | 3 | | 2 |
| | | | | | 8 | | | |
| 9 | | | | 4 | | | 2 | 1 |
| | | 2 | | | | 5 | | |
| 1 | 7 | | | 5 | | | | 8 |
| | | | 1 | | | | | |
| 6 | | 5 | 3 | 2 | | | | |
| | | | | 7 | | 2 | 9 | 3 |

### TELEVISION



big magic

| | |
|---|---|
| 09:00 बवाल बवालू | 14:30 हम पांच |
| 10:00 बदतमीज बुद्धक | 15:00 अजब देश की गजब कहानी |
| 11:00 राष्ट्र के रक्षक | 16:30 प्यार मोहब्बत हैप्पी लकी |
| 11:30 अलादीन | 18:30 राष्ट्र के रक्षक |
| 12:00 धरतीपति अजेय कृष्णा | 21:00 चौधर |
| 13:30 भ से भई | |

**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in